दैनिक
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 17 जनवरी 2024, वर्ष-12 अंक- 306 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

मां सीता के हाथों से गिरा गर्म तेल.....अब निकलता है गर्म पानी...चर्मरोगी करते हैं स्नान

अंजुम अंसारी

बलरामपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ का भगवान राम से काफी करीब का नाता है। माता कौशल्या खुद छत्तीसगढ़ की राजकुमारी थी, वहीं प्रभु श्री राम ने भी अपने वनवास के दौरान काफी वक्त छत्तीसगढ़ में गुजारा। आज भी छत्तीसगढ़ में पौराणिक, धार्मिक व ऐतिहासिक मान्यताओं के आधार कई ऐसे स्थान मिल जाएंगे, जिन्हें भगवान राम से जोड़कर देखा जाता है। ऐसे ही एक जगह है तातापानी...! तातापानी बलरामपुर जिला मुख्यालय से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित है। यहां जमीन के अंदर से पानी तो निकल रहा है, लेकिन गर्म। स्थानीय भाषा में ताता का मतलब गर्म होता है। तातापानी में एक कुंड के जमीन के अंदर से गर्म पानी निकलता है। इसलिए इस जगह का नाम तातापानी पड़ा। इसी खासियत की वजह से तातापानी देशभर में प्रसिद्ध है। जिसे देखने छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों से भी लोग बलरामपुर पहुंचते हैं। यहां

भगवान शिव की एक बहुत बड़ी प्रतिमा है और प्रतिमा के नीचे भगवान शंकर जी का मंदिर है। मान्यता है कि भगवान श्रीराम अपने वनवास काल के दौरान यहां खेल-खेल में माता सीता की ओर एक पत्थर फेंका जो माता सीता के हाथ में रखे गर्म तेल के कटोरे से जा टकराया और गर्म तेल छलक कर धरती पर गिरा। जहां-जहां तेल की बूंदे पड़ीं वहां से गर्म पानी धरती से फुटकर निकलने लगा। इसलिए लोग यहां की धरती को पवित्र मानते हैं। तातापानी में धरती से निकलने वाले जल स्त्रोत को लेकर यह भी मान्यता है कि यहां के गर्म पानी से स्नान करने से शरीर के सभी त्वचा संबंधित रोग खत्म हो जाते हैं। इसलिए लोग यहां पहुंचते हैं और कुंड से निकलते गर्म पानी से नहाते हैं। यहां कुंड व झरनों में धरातल से बारह माह गरम पानी प्रवाह करता रहता है।

लगभग 400 साल पुरानी मूर्ति स्थापित

यहां भगवान शिव की 80 फीट की प्रतिमा का निर्माण कराया गया है। द्वादश ज्योतिर्लिंग भी शिव भगवान की प्रतिमा के नीचे प्रतीक स्वरूप बनाए गए हैं जो यहां पहुंचने वाले लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहते हैं। भगवान शिव जी के मंदिर में लगभग 400 साल पुरानी मूर्ति स्थापित है। इससे न सिर्फ यहां साल भर श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है, बल्कि हर वर्ष मकर संक्रांति पर लाखों की संख्या में पर्यटक यहां आते हैं। इस दौरान यहां विशाल मेला आयोजित किया जाता है जिसमें पर्यटक झूलों, मीना बजार व अन्य दुकानों का मजा लेते हैं।

2012 के बाद मेला लिया महोत्सव का स्वरूप

बलरामपुर-रामानुजगंज जिला गठन के बाद तात्कालिक मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह, संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल द्वारा मेला को महोत्सव का स्वरूप दिलाने का कार्य किया गया। अब छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार गठन के बाद तातापानी के विकास को और गति मिलने की उम्मीद है जिस प्रकार से मुख्यमंत्री डॉ विष्णु देव साय द्वारा मकर संक्रांति के दिन इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की घोषणा की गई है।

आज बेबाक

इस बार हाथी न तो हाथ के साथ होगा और न ही साइकिल के साथ चलेगा। वह चल अकेला, चल अकेला, चल अकेला तेरा मेला पीछे छूटा राही चल अकेला.... गाते हुए अकेले ही चलेगा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने स्पष्ट कर दिया है कि बहुजन समाज पार्टी आईएनडीआईए का हिस्सा नहीं बनेगी। अपने बलबूते पर लोकसभा चुनाव लड़ेगी। बहन जी की एकला चलो रे की नीति ने आईएनडीआईए को जोर का झटका जोर से दे दिया है। वही एनडीए ने राहत की सांस ली है। अब सबसे बड़े राज्य उत्तरप्रदेश में उसकी राह और ज्यादा आसान हो सकती है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान शुरू

अयोध्या (एजेंसी)। अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के लिए मंगलवार (16 जनवरी) से अनुष्ठान प्रारंभ हो गया है। अनुष्ठान का आयोजन नगर के विवेक सृष्टि आश्रम में किया जा रहा है। इसके लिए सरयू में स्नान के बाद काशी के विद्वान पूजन सामग्री के साथ अनुष्ठान स्थल पर पहुंचे और पूजा विधि शुरू कर दी। कार्यक्रम के मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा और प्रतिमा बनाने वाले अरुण योगीराज भी वहां मौजूद हैं। मंगलवार को प्रायश्चित और कर्म कुटी पूजन किया गया। अनुष्ठान का कार्यक्रम 21 जनवरी तक चलेगा। रामलला की प्रतिमा 18 जनवरी को गर्भगृह में निर्धारित आसन पर स्थापित कर दी जाएगी। पिछले 70

वर्षों से पूजित वर्तमान प्रतिमा को भी नए मंदिर के गर्भगृह में ही रखा जाएगा। जन्मभूमि मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूरा ब्योरा सार्वजनिक किया था। उन्होंने कहा था कि 2 जनवरी को न्यूनतम विधियों की जरूरत होगी।

प्राण-प्रतिष्ठा का ऐसा है कार्यक्रम

17 जनवरी को राम लला की मूर्ति का परिसर प्रवेश होगा। 18 जनवरी को तीर्थ पूजन, रामलला की श्यामवर्ण मूर्ति गर्भगृह में विराजित होगी, जल यात्रा, जलाधिवास और गंधाधिवास, 19 जनवरी की सुबह औषधाधिवास, केसराधिवास, घृताधिवास और शाम को धान्याधिवास होगा। 20 जनवरी की सुबह शर्कराधिवास, फलाधिवास और शाम को पुष्पाधिवास, 21 जनवरी की सुबह मध्याधिवास और शाम को शय्याधिवास होगा। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा होगी। समारोह के अनुष्ठान की सभी प्रक्रियाओं का समन्वय, समर्थन और मार्गदर्शन करने वाले 121 आचार्य होंगे। गणेशवर शास्त्री द्रविड़ सभी प्रक्रियाओं की निगरानी, समन्वय और दिशा-निर्देशन करेंगे।

प्राण-प्रतिष्ठा के बाद कराया जाएगा दर्शन

गर्भ-गृह में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद, सभी साक्षियों को दर्शन कराया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा के लिए हर जगह उत्साह का माहौल है। अयोध्या समेत पूरे भारत में बड़े उत्साह से मनाने का संकल्प लिया गया है। विभिन्न राज्यों के लोग लगातार जल, मिट्टी, सोना, चांदी, मणियां, कपड़े, आभूषण, विशाल घंटे, ढोल, सुगंध के साथ आ रहे हैं। जानकी के मायके द्वारा भेजे गए भार (एक बेटी के घर स्थापना के समय भेजे जाने वाले उपहार) जो जनकपुर (नेपाल) और सीतामढ़ी (बिहार) के ननिहाल से अयोध्या लाए गए। रायपुर, दंडकारण्य क्षेत्र स्थित प्रभु के ननिहाल से भी विभिन्न प्रकार के आभूषणों आदि के उपहार भेजे गए हैं।

6 मेट्रो एयरपोर्ट्स पर बनेंगे वॉर रूम

नई दिल्ली (एजेंसी)। कोहरे के कारण उड़ानों में हो रही देरी को लेकर सिविल एविएशन मिनिस्ट्री ने मंगलवार को नई स्टैंडर्ड ऑपरेशन प्रोटोकॉल जारी की है। इसके तहत दिल्ली, मुंबई, हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता मेट्रो एयरपोर्ट्स पर पैसेंजर्स की सुविधा के लिए वॉर रूम बनाए जाएंगे। इसके अलावा किसी भी फ्लाइट के लेट होने की स्थिति में दिनभर में एयरलाइंस कंपनी को तीन बार रिपोर्टिंग करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही सीआईएसएफ की चौबीस घंटे मौजूदगी सुनिश्चित की जाएगी। सिविल एविएशन मिनिस्टर ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट के

रनवे 29 एल को भी शुरू किया जाएगा। सिंधिया ने बताया कि दिल्ली एयरपोर्ट का यह सबसे पुराना रनवे है। पिछले साल जी-20 समिट के दौरान शुरू किया गया था। उसके बाद मेंटेनेंस की वजह से बंद कर दिया गया था। इस रनवे पर घने कोहरे की स्थिति में भी फ्लाइट ऑपरेट किए जा सकेंगे। पिछले दो दिनों में इंडिगो की फ्लाइट डिले की दो घटनाएं हुई, जिसके बाद ये एसओपी जारी की गई।

जनता का एक-एक पैसा उनकी भलाई में लगे : मोदी

पालासमुद्रम (आंध्र प्रदेश) (वार्ता)। अयोध्या में श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा से पहले 11 दिवसीय अनुष्ठान कर रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को रामराज की कर व्यवस्था और सुशासन का हवाला देते हुये कहा कि कर व्यवस्था ऐसी होनी चाहिए जिसमें जनता द्वारा दिये गये एक - एक पैसा उनकी भलाई में लगे और उनकी सरकार पिछले करीब 10 वर्षों से यही काम कर रही है। मोदी ने केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड की सीमा शुल्क, अप्रत्यक्ष कर एवं नारकोटिक्स राष्ट्रीय अकादमी के यहां नव निर्मित परिसर का शुभारंभ करने के मौके पर कहा कि लोकतंत्र में राजा प्रजा होती है और सरकार प्रजा की सेवा का काम करती है। इसलिए सरकार को पर्याप्त राजस्व मिलती रहे इसमें इस संस्थान की बहुत बड़ी भूमिका है। उन्होंने अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का उल्लेख करते हुये कहा कि आजकल पूरा देश राममय है। रामजी की भक्ति में सराबोर है। प्रभु श्रीराम का जीवन विस्तार और आस्था भक्ति के दायरे से कही ज्यादा है। प्रभु श्रीराम सुशासन के ऐसे प्रतीक हैं जो इस संस्थान के

लिए प्रेरणादायक बन सकते हैं। रामराज ऐसा लोकतंत्र था जहां हर नागरिक की आवाज सुनी जाती थी। रामराज निवासी के लिए कहा गया है कि अपना मस्तष्क ऊंचा रखो, धर्म को जानो, तुम रामराज के वासी हो। रामराज सुशासन के चार खंभों पर खडा था जहां बिना भय के हर कोई सर ऊंचा करके चलता था। जहां कमजोर की सुरक्षा होती थी और कर्तव्य सर्वोपरि था। उन्होंने कहा कि बीते 10 वर्षों में गरीब, किसान, महिला और युवा इन सबकों ज्यादा से ज्यादा सशक्त किया गया है। सरकार की योजनाओं के केन्द्र में वही लोग सर्वोपरि है जो वंचित थे, शोषित थे और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े थे। सरकार ने गरीबो की सेहत, शिक्षा और रोजगार एवं स्वरोजगार पर खर्च किया है और उनकी सुविधायें बढ़ाई है।

प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम मोदी-आरएसएस का फंक्शन : राहुल

कोहिमा (एजेंसी)। भारत जोड़ो न्याय यात्रा के तीसरे दिन मंगलवार को राहुल गांधी नगालैंड की राजधानी कोहिमा पहुंचे। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाला रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का फंक्शन है। इसे पूरी तरह से चुनावी कलेवर दिया गया है। भाजपा ने इसका जवाब देते हुए कहा कि वे ख्याली दुनिया में रहते हैं। हिंदू धर्म के जो लीडर/अथॉरिटी हैं, उन्होंने कहा है कि वो इस राजनीतिक कार्यक्रम में नहीं जा पाएंगे। इसलिए कांग्रेस अध्यक्ष ने वहां जाने से इनकार किया था। जहां तक धर्म की बात है, हम सभी धर्मों के साथ हैं। हम ये कहना चाहते हैं कि कांग्रेस पार्टी से जो भी जाना चाहे, वो जा सकता है। जो सचमुच धर्म को मानते हैं, वो धर्म के साथ 'पर्सनल रिश्ता' रखते हैं। वे अपने जीवन में

धर्म का प्रयोग करते हैं। जो धर्म के साथ 'पब्लिक रिश्ता' रखते हैं, वो धर्म का फायदा उठाने की कोशिश करते हैं। राहुल ने कहा- मैं अपने धर्म का फायदा उठाने की कोशिश नहीं करता हूं, मैं अपने धर्म के सिद्धांतों पर जिंदगी जीने की कोशिश करता हूं। इसलिए मैं लोगों की इज्जत करता हूं, अहंकार से नहीं बोलता, नफरत नहीं फैलाता। ये मेरे लिए हिंदू धर्म है। हम नफरत और बंटा हुआ हिंदुस्तान नहीं चाहते हैं। हम मोहब्बत और भाईचारे का हिंदुस्तान चाहते हैं। राहुल के आरोप पर केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि राहुल खयाली दुनिया में जी रहे हैं। राम मंदिर को लेकर देश के कोने-कोने में हिंदुओं की गहरी भावना है। वे सोचते हैं कि जो कुछ झूठ वे बोलेंगे लोग उसे मान लेंगे। लेकिन भारत के लोग काफी समझदार हैं। राहुल गांधी की राजनीति तो समझते हैं। हम यह फैसला जनता पर छोड़ेंगे कि उन्हें राहुल को क्या जवाब देना चाहिए।

डीपफेक के खिलाफ 7 दिन में नए नियम लाएगी केंद्र सरकार

नई दिल्ली (एजेंसी)। डीपफेक को लेकर सरकार नए नियम ला रही है। केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने अ16 जनवरी को बताया कि 7-8 दिनों में नए आईटी नियम नोटिफाई किए जाएंगे। उन्होंने डीपफेक पर 2 बैठकें कीं। नए आईटी नियमों में गलत सूचना और डीपफेक को लेकर बड़े प्रावधान हैं। सभी के लिए इसका पालन करना अनिवार्य है, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले 23 नवंबर को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा था कि 'डीपफेक लोकतंत्र के लिए एक नया खतरा बनकर उभरा है।' केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स ने डीपफेक के खतरे और इसकी गंभीरता को स्वीकार किया है। वैष्णव ने कहा था कि डीपफेक के क्रिएटर्स और उसको होस्ट करने वाले प्लेटफॉर्म की जिम्मेदारी तय होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी डीपफेक पर चिंता जता चुके हैं। उनका एक डीपफेक वीडियो आया था। वहीं हाल ही में पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर का एक डीप फेक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें उन्हें 'स्काईवर्ड एविएटर क्रेस्ट' गेमिंग ऐप को प्रमोट करते दिखाया गया था।

माल्या-नीरव मोदी-संजय भंडारी को लंदन से लाने की तैयारी

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत सरकार के भगोड़े अपराधियों को लंदन से लाने की तैयारी कर रही है। इसमें बंद हो चुकी किंगफिशर एयरलाइंस के मालिक विजय माल्या, हीरा व्यवसायी नीरव मोदी और आर्म्स डीलर संजय भंडारी शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इन्हें लाने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), सीबीआई और राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की टीम लंदन जाएगी। विदेश मंत्रालय के सीनियर अफसरों की टीम और ब्रिटेन स्थित भारतीय हाईकमीशन के बीच लंदन में मीटिंग शेड्यूल्ड है। इस मीटिंग में ब्रिटेन के अफसर भी शामिल होंगे। इसमें भारत के अधिकारी ये जानकारी जुटाएंगे कि इन भगोड़े अपराधियों ने लंदन और अन्य देशों में कौन सी प्रॉपर्टीज में पैसा लगाया और कहां-कहां ट्रांजैक्शन किया। भारत और ब्रिटेन के बीच आपस में जानकारियां साझा करने के लिए म्यूचुअल लीगल असिस्टेंस ट्रीटी है। इसी संधि के तहत भगोड़े आर्थिक अपराधियों को लेकर दूसरे देश से इन्फॉर्मेशन हासिल की जाती है। विजय माल्या, नीरव मोदी और संजय भंडारी को यूके से लाया जाना है। तीनों ही खुद को भारत भेजने से रोकने के लिए लंदन के कोर्ट में अपील कर चुके हैं। ईडी तीनों की भारत में प्रॉपर्टीज अटैच कर चुकी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, विजय माल्या और नीरव मोदी की हजारों करोड़ रुपए की संपत्ति को बेचकर पैसा भी वसूला गया है और इसे बैंकों को वापस भी कर दिया गया है।

बैंगलोर में आज क्लीन स्वीप करने उतरेगी टीम इंडिया

बेंगलुरु (एजेंसी)। भारत और अफगानिस्तान के बीच 3 टी20 मैचों की सीरीज खेली जा रही है। इस सीरीज के पहले दोनों मैचों में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को हराया। अब दोनों टीमों के बीच तीसरा मैच आज बुधवार को खेला जाएगा। यह मुकाबला बैंगलोर के एन. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाना है। भारतीय टीम तीसरा टी20 जीतकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत और अफग़ानिस्तान के बीच तीसरा टी20 बैंगलोर के एन. चिन्नास्वामी स्टेडियम में भारतीय समयनुसार शाम 7 बजे शुरू होगा। सीरीज का पहला मुकाबला मोहाली में खेला गया था। पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया था। वहीं, इसके बाद दूसरा टी20 मुकाबला इंदौर में खेला गया। एक बार फिर टीम इंडिया ने अफग़ानिस्तान को 6 विकेट से शिकस्त दी।

'आप' के प्रदेशाध्यक्ष कमल हुपेंडी समेत 6 ने छोड़ी पार्टी

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनावों के लिए भाजपा, कांग्रेस समेत अन्य राजनीतिक ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी को बड़ा झटका लगा है। मंगलवार को पार्टी प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी समेत 6 पदाधिकारियों ने एक साथ पार्टी को अलविदा कहते हुए प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा। इस विधानसभा चुनाव में पार्टी ने 53 उम्मीदवारों को चुनावी मैदान

में उतारा था। विधानसभा चुनाव में आप के सभी 53 उम्मीदवार भारी अंतर से हार गए। आम आदमी पार्टी ने छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव में दूसरी बार चुनाव लड़ा था। इस विधानसभा चुनाव में 'आप' ने 53 सीटों पर चुनाव लड़ा और उसे 0.93 प्रतिशत वोट मिले।

इन्होंने दिया इस्तीफा

- कोमल हुपेंडी -प्रदेश अध्यक्ष
- आनंद प्रकाश मिरी - वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
- विशाल केलकर - प्रदेश सचिव
- रविंद्र सिंह ठाकुर - प्रदेश अध्यक्ष यूथ विंग
- धरम भार्गव - प्रदेश अध्यक्ष एस सी विंग
- कमल कांत साहू - प्रदेश अध्यक्ष ओ बी सी विंग
- बसंत कुजूर - प्रदेश अध्यक्ष एस टी विंग

कूनो में एक और चीते की मौत

भोपाल/नवप्रदेश। मध्यप्रदेश के श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में मंगलवार को एक और चीते की मौत हो गई। नामीबिया से लाए गए चीता 'शौर्य' ने दोपहर 3.17 बजे दम तोड़ दिया। इससे पहले चीतों की मॉनिटरिंग कर रही टीम ने सुबह 11 बजे जब उसे देखा तो वह अचेत हालत में था। टीम ने उसे ट्रैंकुलाइज कर सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) दिया। कुछ देर बाद उसे होश आया लेकिन कमजोरी बहुत थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद शौर्य की मौत के कारण का खुलासा होगा। कूनो में अब तक 7 चीते और 3 शावक मिलाकर यह 10वीं मौत है।

नक्सली सामने नहीं आना चाहते, मैं वीडियो कॉल पर बात करने को तैयार : विजय शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली अगर सामने नहीं आना चाहते हैं, तो वीडियो कॉल पर भी वे बात करने के लिए तैयार है। मैं नक्सलियों से पूछना चाहता हूं कि आखिर विकास को रोकने का कारण क्या है? दरअसल, गृह मंत्री विजय शर्मा मंगलवार को रायपुर के हेल्पलाइन नंबर-112 के मुख्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने कहा कि नक्सली क्षेत्र में काम कर रहे जवानों के लिए बहुत सारे सुरक्षा के उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने

जवानों की सुरक्षा को अपना पहला धर्म और कर्तव्य बताया। गृहमंत्री ने कहा कि कुछ दिन पहले वे नारायणपुर गए थे। तब जंगल में रहने वाले आदिवासियों से मिले। युवक चाहते हैं कि वो मुंबई से हीरो बनकर आए। गांव की उन्नति चाहते हैं। गृहमंत्री ने कहा कि नक्सलियों को पत्र जारी करना चाहिए कि गांव-गांव में स्कूल खोले जाएं। गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि डायल-112 बहुत ही लाभकारी योजना है। इसे और संवेदनशील होकर चलाना है। इसमें सभी अधिकारी और कर्मचारी अच्छा काम कर रहे हैं। मैंने इसकी रिपोर्ट देखी है। कोशिश है कि इसमें और अच्छा क्या कर सकते हैं। यह देखने के लिए मैं 112 मुख्यालय दौरे पर आया हूं।

गरमा-गरम

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
रोम रोम में बसने वाले राम...
जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी

प्रभु श्री राम का मंदिर पूरी दुनिया के लिए बनेगा प्रेरणाश्रोत : अरुण गोविल

■ **रामानंद सागर की रामायण में राम, लक्ष्मण और मां सीता की किरदार निभाने वाले अभिनेत्रा पहुंचे अयोध्या**

अयोध्या (वार्ता)। अस्सी के दशक में घर घर में आस्था की सुगंध फैलाने वाले रामानंद सागर निर्देशित टीवी धारावाहिक 'रामायण' में भगवान राम की भूमिका निभाने वाले बालीवुड अभिनेता अरुण गोविल ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे दिव्य और भव्य राम का मंदिर पूरे विश्व के लिये एक प्रेरणास्रोत बनेगा। अरुण गोविल ने लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी और माता सीता की भूमिका निभाने वाली दीपिका चिखलिया के साथ प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर और श्रीरामजन्मभूमि पर विराजमान रामलला का दर्शन-पूजन किया। बाद में एक होटल में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में श्रीरामजन्मभूमि पर बन रहे रामलला का दिव्य और भव्य राम मंदिर पूरे विश्व के लिए एक प्रेरणास्रोत बनेगा। पूरे विश्व में सनातन संस्कृति पिछले कुछ वर्षों

में धूमिल हो गयी थी, प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम से फि र से एक संदेश जागेगा जो हमारी संस्कृति की विरासत है वह पूरे विश्व को पता लगेगी। यह मंदिर प्रेरणास्रोत होगा। हमारी आस्था का केन्द्र तो है ही यह हमारा गौरव और हमारी पहचान बनायेगी। मुझे बड़ी शांति मिली और दिल से प्रसन्नता हुई : दीपिका चिखलिया ने कहा कि जो हमारी छवि लोगों के दिलों में बस चुकी है वह राम मंदिर के निर्माण के बाद भी नहीं लगता कि कोई परिवर्तन होगा। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की नगरी या कहें कि जन्मभूमि में आये हैं। मुझे बड़ी शांति मिली और दिल से प्रसन्नता हुई कि रामलला के प्राण प्रतिष्ठा में हम लोग भाग लेंगे। देश के लोगों ने बहुत प्यार दिया। ऐसा ही प्यार रामायण के पात्रों को मिलता रहेगा यह मेरा सोचना है। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम जहां गुप्त हुए थे, गुप्तार घाट, प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर, स्वर कोकिला एवं भारत रत्न लता मंगेशकर चौक सहित तमाम ऐसी जगहों पर जा करके एलबम की शूटिंग किया।

बड़ा परिवर्तन आयेगा जो हम और आप स्वयं देखेंगे

गोविल ने कहा कि हर चीज का अपना एक समय होता है। कर्म करते हैं, धर्म करते हैं और हर चीज का समय आ जाता है। दिव्य और भव्य राम मंदिर जिसका भी निर्माण चल रहा है देख करके मन प्रसन्न हो गया। उन्होंने कहा कि आगामी 22 तारीख को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा है। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि भगवान राम की नगरी इतनी भव्य और दिव्य बन जायेगा। पूरी अयोध्या बदल गयी है। भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा हो जाने के बाद बड़ा परिवर्तन आयेगा जो हम और आप स्वयं देखेंगे। अभिनेता ने कहा कि रामायण में राम का किरदार तो हमने निभा लिया ऊपर वाले की मर्जी और आशीर्वाद था जो आप लोगों ने बहुत पसंद किया है। राम एक मर्यादा पुरुष थे। हमको सीख लेनी चाहिए।

जो नहीं जानते थे उन्हें भी मिल रहा जानने का मौका

लक्ष्मण की भूमिका निभाने वाले सुनील लहरी ने कहा कि श्रीरामजन्मभूमि पर भव्य और दिव्य राम मंदिर के निर्माण में भगवान राम का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है, जिसमें हम शामिल हो रहे हैं। मैं बहुत भाग्यशाली हूं कि जो कुछ मैं नहीं जानता था, उसको भी जानने का मौका मिल रहा है। देश में जो माहौल बना है वह बहुत ही धार्मिक और सकारात्मक है। रामायण हमें सिखाती है कि मर्यादा में कैसे रहना है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि जब तक कोई रामायण पढ़ेगा नहीं तब तक भगवान के बारे में जानकारी नहीं होगी। भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। रामायण हमको सिखाती है कि मर्यादा में रहना चाहिए। यह शिक्षा उनको नहीं मालूम जो राम को नकारते हैं।

मंदिर में श्याम वर्ण के रामलला की होगी मूर्ति

अयोध्या। नवनिर्मित मंदिर में श्याम वर्ण के ही रामलला विराजेंगे। कर्नाटक के प्रख्यात मूर्तिकार अरुण योगीराज की मूर्ति का चयन कर लिया गया है। सोमवार को श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने आधिकारिक रूप से इसकी घोषणा की। इसके साथ ही रामलला की अचल मूर्ति को लेकर चल रहे कयासों पर विराम लग गया।

चंपत राय ने बताया कि अचल मूर्ति के चयन को लेकर पिछली बैठक में सभी 15 ट्रस्टी शामिल हुए थे। 11 ट्रस्टियों को अरुण योगीराज की मूर्ति पसंद आई है। इस आधार पर उसका चयन किया गया। 18 जनवरी को श्यामल रंग के रामलला को नए मंदिर में बने सिंहासन पर स्थापित कर दिया जाएगा।

रामलला की अचल मूर्ति के लिए नेपाल की गंडकी नदी, कर्नाटक, राजस्थान व उड़ीसा के उच्च गुणवत्ता वाले 12 पत्थर ट्रस्ट ने मंगाए थे। इन सभी पत्थरों को परखा गया तो राजस्थान व कर्नाटक की शिला ही मूर्ति निर्माण के लायक मिली। कर्नाटक की शिलाओं पर अरुण योगीराज व गणेश भट्ट ने मूर्ति को आकार दिया, जबकि राजस्थान के संगमरमर की शिला पर सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति बनाई। चंपत राय ने बताया कि तीनों मूर्तियां लाजवाब हैं। इनमें से एक का चयन करना मुश्किल था। फिलहाल अरुण योगीराज की मूर्ति चयनित हुई है। बाकी दो मूर्तियों का भी सम्मान किया जाएगा, इसके बारे में बाद में सोचेंगे।

भारत में पहली बार सोलर बोट के जरिए सरयू यात्रा कराएगी योगी सरकार

■ **सीएम योगी के विजन अनुसार मेक इन इंडिया के तहत यूपीनेडा करेगी सरयू नदी में सोलर बोट का संचालन**

अयोध्या। अयोध्या के त्रेतायुगीन वैभव को पुनर्स्थापित करने का प्रयास कर रही योगी सरकार जल्द ही एक ऐसा प्रयोग करने जा रही है जो पूरे देश में इनलैंड वॉटरवे सर्विसेस की रूपरेखा बदलकर रख देगा। सीएम योगी आदित्यनाथ का विजन है कि अयोध्या को मॉडल सोलर सिटी के रूप में परिवर्तित किया जाए, ऐसे में यहां देश में पहली बार सोलर पावर इनेबल्ड ई-बोट को सरयू में उतारा गया है। सीएम योगी के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा अभिकरण (यूपीनेडा) ने अयोध्या की सरयू नदी में इस बोट सर्विस के नियमित संचालन की रूपरेखा तैयार कर ली है। इस बोट को सरयू घाट के किनारे असेंबल किया गया है तथा देश के विभिन्न कोनों से इसके कल-पुर्जे व अन्य साजो-सामान मंगाए गए हैं। फिलहाल, एक बोट को कंप्लीट कर लिया गया है तथा इसके

टेस्टिंग फेज की प्रक्रिया जारी है। माना जा रहा है कि 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में होने वाले प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पूर्व सीएम योगी द्वारा इसका उद्घाटन किया जाएगा तथा आगे आने वाले दिनों में ऐसी अन्य बोटों के नियमित संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।

कई मायनों में खास है सोलर पावर इनेबल्ड बोट

यह सोलर पावर इवेबल्ड बोट क्लीन एनर्जी के जरिए संचालन की परिकल्पना के आधार पर कार्य करती है। यह ड्यूअल मोड ऑपरेटिंग बोट है जो 100 प्रतिशत सोलर इलेक्ट्रिक पावर बेस पर काम करती है। इसे सोलर एनर्जी से चार्ज करने के साथ ही इलेक्ट्रिक एनर्जी के जरिए भी ऑपरेट किया जा सकता है। सबसे खास बात यह है कि यह बोट कैटामरैन केटेगरी की है जिसके अंतर्गत दो हल स्ट्रक्चर्स को जोड़कर एक बोट स्ट्रक्चर में कन्वर्ट किया जा सकता है। यह बोट फाइबरग्लास बॉडी युक्त है जोकि लाइट वेट व हेवी ऑपरेशन ड्यूरेबल मटीरिल से बनी है। साथ ही, बोट के संचालन के दौरान किसी प्रकार के ध्वनि या पर्यावरणीय प्रदूषण नहीं होता है। इस बोट में एक बार में 30 लोग यात्रा कर सकेंगे तथा यह सरयू नदी में नया घाट से संचालित होगी। इस बोट टूर का ट्रैवलिंग ड्यूरेशन एक घंटे से लेकर 45 मिनट के आसपास रखा जाएगा जिसमें सरयू नदी के किनारे स्थित विभिन्न ऐतिहासिक मंदिरों व धरोहरों का दर्शन यात्री कर सकेंगे। हालांकि, बोट की ऑपरेटिंग कैपेसिटी इससे कहीं ज्यादा है और पूरी तरह चार्ज होने पर 5 से 6 घंटे तक के प्रोपल्शन टाइमफ्रेम को मैनेज किया जा सकता है।

3.3 किलोवॉट रूफटॉप एसेंबल्ड सोलर पैनल युक्त रिमोट व्यूइंग से लैस

इस बोट को पुणे की सनी बोट्स प्राइवेट लिमिटेड की ओर से असेंबल किया गया है जबकि चेन्नई की रा सोर्स प्राइवेट लिमिटेड इसमें सोलर व प्रोपल्शन पार्टनर की भूमिका निभा रहा है। यूपीनेडा के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण नाथ पाण्डेय ने बताया कि यह बोट 12 किलोवॉट इलेक्ट्रिक आउटबोर्ड ट्विन मोटर आधारित है। बोट में 46 किलोवॉट प्रति घंटा क्षमता वाली एलेपटी बैटरी लगाई गई है तथा बोट 30 पैसेंजर्स व 2 क्रू के लिहाज से ऑपरेशनल होगी। 17 से 18 तारीख के बीच बोट तमाम टेस्टिंग प्रक्रियाओं से गुजरेगी जिसमें जलावरतण भी शामिल होगा जिसके बाद आगामी 22 जनवरी के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के पहले इसका उद्घाटन हो जाएगा। यह बोट रिमोट व्यूइंग जैसी क्लास अपार्ट फैसिलिटी से भी लैस है।

इन तथ्यों पर डालिए एक नजर...

- *यूपीनेडा द्वारा विकसित बोट को 3.3 किलोवॉट रूफ टॉप सोलर पैनल्स के जरिए संचालित किया जा रहा है।*
- *बोट की रूफटॉप पर कुल 6 सोलर पैनल लगे हैं जोकि 550 वॉट पॉवर ऊर्जा का उत्पादन करते हैं।*
- *यह बोट लाइट वेट मैटीरियल और क्लीन एनर्जी बेस्ड होने के कारण नदी में संचालन के दौरान हाई स्पीड पर ऑपरेट होने में सक्षम है और क्रूजिंग के लिहाज से इसकी स्पीड 6 नॉट्स रहेगी जबकि यह 9 नॉट्स की टॉप स्पीड को भी प्राप्त कर सकता है।*
- *फिलहाल, इस बोट के संचालन के लिए शोर बेस्ड जेटी में मीटर पावर प्लग सोर्स की भी व्यवस्था की जा रही है।*
- *इसके अतिरिक्त, यह बोट रिमोट व्यूइंग कैपेसिटी से लैस है जिसके जरिए बोट के बैटरी व सोलर पैरामीटर्स का निरीक्षण रिमोट व्यूइंग के जरिए कहीं से भी किया जा सकता है।*

भोग के लिए आगरा से आए 56 किस्म के पेठे

अयोध्या। अपने मूल स्थान पर प्रतिष्ठित होने जा रहे रामलला के लिए अनेक अमूल्य उपहार आ रहे हैं। इसी क्रम में आगरा के प्रसिद्ध पंछी पेठे की ओर से छप्पन अलग अलग स्वाद में श्री रामलला के भोग के लिए 56किस्म का 560 किलो पेठा पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसहभागिता की अपील पर समाज का प्रत्येक तबका अपने सामर्थ्य के अनुसार जुटा है। पेठे के अलावा अन्य स्थानों से रत्न जड़ित पोशाक, चांदी की थाल,पूजा सामग्री आदि भी मंदिर ट्रस्ट को मिली है। आगरा व्यापार मंडल की ओर से लाया गया पंछी पेठा कारसेवकपुरम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय संपर्क प्रमुख रामलाल जी, विश्व हिन्दू परिषद के राजेन्द्र सिंह पंकज आदि की उपस्थिति में स्वीकारा गया।

25 वाद्य यंत्रों के मंगलवादन से होगा रामलला का अभिनंदन

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का मुख्य अनुष्ठान 22 जनवरी को दोपहर 12:20 बजे प्रारंभ होगा। प्राण प्रतिष्ठा की यह पूजा 40 मिनट तक चलेगी। इसके बाद करीब 75 मिनट पीएम मोदी, सीएम योगी, संघ प्रमुख मोहन भागवत संदेश देंगे। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास आशीर्वाद देंगे।

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अतिथियों को 10:30 बजे तक रामजन्मभूमि परिसर में प्रवेश करना होगा। मंदिर परिसर में आठ हजार कुर्सियां लगाई जा रही हैं। महोत्सव में देश के विभिन्न राज्यों के 25 वाद्य यंत्रों से रामलला का अभिनंदन किया जाएगा। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का पूरा ब्यौरा सार्वजनिक किया। उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ व आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में

121 वैदिक आचार्य संपन्न कराएंगे। प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में 150 से अधिक परंपराओं के संत-धर्माचार्य व 50 से अधिक आदिवासी, गिरिवासी, तटवासी, द्वीपवासी, जनजातीय परंपराओं की उपस्थिति देश के निकटवर्ती इतिहास में पहली बार हो रही है। यह अपने आप में विशिष्ट होगा। मंदिर के निर्माण से जुड़े 500 से अधिक लोग, जिन्हें इंजीनियर ग्रुप का नाम दिया गया है, भी शामिल होंगे। चंपत राय ने बताया कि सुबह 10 बजे से प्राण प्रतिष्ठा मुहूर्त के ठीक पहले तक लगभग दो घंटे के लिए श्रीरामजन्मभूमि मंदिर में शुभ की प्रतिष्ठा के लिए मंगल ध्वनि गुंजायमान होगी।

विभिन्न राज्यों के 25 प्रमुख और दुर्लभ वाद्ययंत्रों के मंगल वादन से अयोध्या में यह प्रतिष्ठा महोत्सव होगा।

इसे उन वाद्यों के दक्ष कलाकार प्रस्तुत करेंगे। इस मांगलिक संगीत कार्यक्रम के परिकल्पनाकार और संयोजक यतींद्र मिश्र हैं, जो प्रख्यात लेखक, अयोध्या संस्कृति के जानकार और कलाविद् हैं। इस कार्य में उनका सहयोग केंद्रीय संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली ने किया है।

इन वाद्ययंत्रों से मंगलगान

यूपी-बिहार से पखावज, बांसुरी और ढोलक, कर्नाटक की वीणा, महाराष्ट्र की सुंदरी, पंजाब के अलगोजा, ओडिशा के मर्दल, कश्मीर के संतूर, मणिपुर के पुंग, असम के नगाड़ा, काली, छत्तीसगढ़ के तंबूरा, दिल्ली की शहनाई, राजस्थान का रावणहत्था, पश्चिम बंगाल का श्रीखोल, सरोद, आंध्रप्रदेश का घटम, झारखंड का सितार, गुजरात का संतार, तमिलनाडु का नागस्वरम, तविल और मृदंगम, उत्तराखंड का हुड़का।

श्री राम ने की थी बदरीनाथ-केदारनाथ की यात्रा

नई दिल्ली। रामायणकाल की कई घटनाएं उत्तराखंड के सीमांत चमोली जनपद से भी जुड़ी हुई हैं। अपने जीवन में श्रीराम ने केदारनाथ, बदरीनाथ और कैलाश मानसरोवर की यात्राएं की थी। उन्होंने देवप्रयाग में अलकनंदा के तट पर स्नान किया था और अलकनंदा व मंदाकिनी नदी किनारे से होते हुए कैलाश मानसरोवर तक की यात्रा की थी। आनंद रामायण में इसका उल्लेख है। बदरीनाथ के पूर्व धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल बताते हैं कि मानसरोवर भारत का अभिन्न अंग रहा है। आनंद रामायण में इसका उल्लेख है। उन्होंने बताया कि भगवान राम ने केदारनाथ, बदरीनाथ और कैलाश मानसरोवर की यात्राएं की थी। जनपद के चांई गांव में स्थित वेदवती माता का मंदिर स्थित है। यह मंदिर भी रामायण से जुड़ा हुआ है। पूर्व धर्माधिकारी ने बताया कि वेदवती माता ही सीता का रूप मानी जाती है। चांई गांव में वेदवती सफेद पत्थर शिला रूप में पूजी जाती है। बदरीनाथ-केदारनाथ मंदिर समिति के डिमरी पुजारी मंदिर में पूजा-अर्चना करते हैं। रामावतार से पूर्व वेदवती ने चांई गांव में तपस्या की थी। जब इस क्षेत्र से रावण कैलाश की ओर जा रहा था, तब वह कुछ देर के लिए वेदवती की कुटिया में रुका। वेदवती ने रावण का आतिथ्य सत्कार किया, लेकिन रावण ने वेदवती को छूने की कोशिश की थी। इसके बाद वेदवती ने रावण को श्राप दिया था कि त्रैतायुग में वही उसके अंत का कारण बनेगी और उसने वहीं शरीर त्याग दिया था। रामावतार में जब राम, लक्ष्मण और सीता 14 वर्ष के लिए वन में थे, तो इस दौरान राम ने सीता को वेदवती के श्राप की बात बताई और सीता को अग्नि में समर्पित कर दिया। सीता के रूप में वेदवती प्रकट हुई।

शिल्पकार ने सोने, चांदी और हीरे से बनाई श्रीराम मंदिर की प्रतिकृति

वाराणसी। भगवान श्रीराम की आस्था के सागर में पूरा देश सराबोर हो चुका है। हर कोई भगवान राम के काम में गिलहरी प्रयास करना चाह रहा है। किसी न किसी रूप में हर कोई श्रीराम मंदिर से अपने को जोड़ने का यत्न कर रहा है। ऐसे में गुलाबी मीनाकारी के राष्ट्रीय अवॉर्ड से सम्मानित हस्तशिल्पी वाराणसी के कुंज बिहारी ने सोने, चांदी और डायमंड से 108 दिनों की मेहनत से श्री राम मंदिर की रेप्लिका बनाई है। जीआई और ओडीओपी उत्पादों में शुमार गुलाबी मीनाकारी की चमक पूरी दुनिया में है।

मंदिर की रेप्लिका में रामलला की सोने की मूर्ति भी मौजूद

वाराणसी के गाय घाट निवासी नेशनल अवॉर्डी शिल्पकार कुंज बिहारी का दावा है कि पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्रीराम मंदिर की अनुकृति

बनाई गई है। इसको बनाने में 108 दिन का समय लगा है। गुलाबी मीनाकारी में सोने और चांदी का प्रयोग किया जाता है। राम मंदिर की अनुकृति लगभग 2.5 किलो की है जो 12 इंच ऊंची, 8 इंच चौड़ी और 12 इंच लम्बी है। इसमें सोना, करीब डेढ़ किलो चांदी और अनकट डायमंड शिखर पर लगाया गया है। प्रभु राम के मंदिर की अनुकृति 108 पार्ट्स से निर्मित किया गया है। मंदिर की रेप्लिका में रामलला की सोने की मूर्ति भी है। श्रीराम मंदिर को समर्पित करना चाहते हैं अनुकृति

उन्होंने बताया कि इस अनुकृति को बनाने में श्री राम की कृपा रही है। पहली बार गुलाबी मीनाकारी से श्री राम मंदिर बनाने की जब कोशिश की जा रही थी, तब वह पहले तो आकार ही नहीं ले पा रही थी, मगर जब प्रभु श्रीराम का नाम लेकर तथा उनके भजन सुनते हुए काम शुरू किया गया तो देखते ही देखते गुलाबी मीनाकारी से मंदिर ने अपना स्वरूप ले लिया। उन्होंने बताया कि मोदी व योगी के प्रयासों से आज गुलाबी मीनाकारी को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल गई है। इसलिए इस नायब हुनर को मोदी और योगी के माध्यम से श्री राम मंदिर को समर्पित करना चाहते हैं।

विश्व के नेताओं को उपहार में दिये गये हैं गुलाबी मीनाकारी से बने उपहार

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ काशी के शिल्पियों के हुनर का बेजोड़ नमूना गुलाबी मीनाकारी के उत्पाद उपहार में देते रहते हैं।

प्रभु राम ने वनवास के दौरान शिवरीनारायण में खाया था शबरी के जूठे बेर, अक्षय वट वृक्ष है प्रमाण

जांजगीर चांपा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के भांजे राम का जांजगीर चांपा से गहरा नाता है. यहां के शिवरीनारायण की पावन भूमि में ही भक्त और भगवान का मिलन हुआ था.शबरी की प्रभु राम के प्रति आस्था और एक दिन उनके मिलने आने के विश्वास के कारण ना सिर्फ प्रभु राम ने उन्हें दर्शन दिए बल्कि उनके दिए जूठे बेर भी खाए. आज भी शबरी और राम के मिलन का ये पवित्र स्थान आस्था का केंद्र बना हुआ हैं।

प्रभु राम और शबरी के मिलन की जगह शिवरीनारायण

जांजगीर चांपा जिले की धार्मिक

नगरी शिवरीनारायण को गुप्त प्रयाग कहा जाता है. यहां तीन नदी महानदी, शिवनाथ और जोक नदी का त्रिवेणी संगम हैं.

मान्यता है कि वनवास काल के दौरान प्रभु राम ने शबरी के झूठे बेर खाए थे. माता शबरी और नारायण के अटूट प्रेम के कारण ही इस जगह का नाम शिवरीनारायण पड़ा. यहां एक पेड़ ऐसा है जिसे अक्षत वट वृक्ष के नाम से जाना जाता है. इस वट वृक्ष के पत्ते का आकार दोना के जैसा है. जिसमें बेर रखकर माता शबरी ने प्रभु राम को अपने जूठे बेर खिलाए थे।

माघ पूर्णिमा पर भगवान जगन्नाथ पुरी से आते हैं शिवरीनारायण

शिवरीनारायण ना सिर्फ शबरी और राम के अटूट प्रेम बल्कि भगवान जगन्नाथ स्वामी का मूल स्थान भी माना गया है. मान्यता हैं कि हर साल माघी पूर्णिमा पर पुरी के भगवान जगन्नाथ शिवरीनारायण आते हैं. उनके यहां आने के दौरान पुरी में भगवान के पट बंद रहते हैं. यहा मंदिर में रोहिणी कुण्ड हैं जिसका जल कभी कम नहीं होता. भगवान नर नारायण के चरण कुंड के जल से हमेशा अभिषेक होता है। शिवरीनारायण माता शबरी का जन्मस्थान है. प्रभु श्री राम वनवास काल के दौरान यहां आए थे और विश्राम किया. गांव का नाम पहले शिवरी और नारायण के यहां आने पर शिवरी नारायण नाम पड़ा. माघ पूर्णिमा पर 15 दिनों तक विशाल मेला लगता है। शिवरीनारायण में 22 जनवरी को विशेष पूजाः अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा पर शिवरीनारायण के मठ मंदिर में आकर्षक साज सज्जा की की जा रही है। 11000 दीये जलाएं जाएंगे. जिस समय रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा होगी उसी समय दोपहर 12 बजे शिवरीनारायण में राम सरकार की विशेष पूजा की जाएगी. भक्तों को भोग खिलाया जाएगा।

राम मंदिर में लगे सोने के 14 दरवाजे

अयोध्या। तीर्थनगरी अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी का काम तेजी से चल रहा है। आज से प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विधिवत पूजा का काम शुरू हो जाएगा। यह 9.30 बजे पूजन पद्धति का काम शुरू होगा, जो करीब 5 घंटे तक चलेगा। मिली जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले प्रायश्चित पूजा की शुरुआत होगी। इस पूजन विधि में शारीरिक, आंतरिक और मानसिक तरीके का प्रायश्चित किया जाता है। यजमान को 10 विधि से स्नान कराया जाता है। भगवान श्री रामलला सरकार के गर्भगृह में स्वर्ण मंडित द्वार की स्थापना के साथ ही भूतल पर सभी 14 स्वर्ण मंडित द्वारों की स्थापना का कार्य संपन्न हुआ।

मंदिर में 14 स्वर्ण कपाट का पूर्ण

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के भूतल पर 14 स्वर्ण मंडित कपाट लगाने का काम पूरा कर लिया गया है। वहीं कार्यदायी संस्था के अधिकारी ने जानकारी दी है कि 22 जनवरी से पहले परिसर के समतलीकरण का काम भी तेजी से किया जा रहा है। इस इलाके में सड़क निर्माण का कार्य भी अंतिम दौर में चल रहा है।

वालंटियर की संख्या 500 के पार

प्राण प्रतिष्ठा उत्सव को संपन्न कराने के लिए वालंटियर की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अभी तक यह संख्या 500 के पार पहुंच चुकी है। मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, उड़ीसा, तमिलनाडु, केरल, दिल्ली आदि प्रदेशों के पुरुष व महिलाएं कार्यकर्ता इस काम में आगे आए हैं। इन सभी को आवास, भोजन, आवागमन के प्रबंधन में लगाया जाएगा। रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के निमंत्रण पत्र को लेकर राजनीतिक दलों की प्रतिक्रिया भी अब सामने आने लगी है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होंगे।



मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की जन्मभूमि, कोटि-कोटि सनातनियों की आस्था का केन्द्र अयोध्या नगरी में भव्य श्री राम मंदिर अतीत की दिव्यता, वर्तमान की आवश्यकता और सुनहरे भविष्य को नई दिशा दे रहा है। डबल इंजन की सरकार मिशन मोड में विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों के माध्यम से अयोध्या को अंतर्राष्ट्रीय पटल पर प्रमुखतम आध्यात्मिक और सांस्कृतिक केंद्र की पहचान दिलाने के लिए कटिबद्ध है। आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना को साकार करते हुए अयोध्या में करीब 60,000 करोड़ रुपये के निवेश से आने वाले समय में लगभग 16 लाख रोजगार सृजित होंगे। सदियों के संघर्ष के पश्चात की नई कहानी लिख रही सप्तपुरियों में प्रथम अवधपुरी 'विकास का नया मॉडल' बन रही है।

हमारा दायित्व है कि केंद्र और राज्य सरकार द्वारा जो कार्यक्रम, विकास की योजनाएं अयोध्या को दुनिया की सबसे सुंदर नगरी के रूप में प्रस्तुत करने के लिए संचालित की जा रही हैं, उसमें हम सभी अपने स्तर से सहयोग करें। एक नई व्यवस्था, एक नया स्वरूप आज हमारी अयोध्या में देखने को मिल रहा है

योगी आदित्यनाथ, मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

अयोध्या हर भारतीय की सांस्कृतिक चेतना को जागृत करने वाला शहर है। यह भारत की परम्पराओं एवं विकास की यात्रा को प्रदर्शित करने वाला होना चाहिए। अयोध्या का विकास इस तरह से होना चाहिए कि आने वाली पीढ़ियां जीवन में कम से कम एक बार यहां आने की इच्छा रखें

नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

ऐतिहासिक कदम

आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक पर विकसित होने वाला पहला शहर

उत्तर प्रदेश श्री अयोध्या जी **तीर्थ विकास परिषद** का गठन

अयोध्या का **सोलर सिटी** के रूप में विकास

भव्य दीपोत्सव का आयोजन गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज

अयोध्या में आयोजित होने वाले दीपोत्सव सहित **सभी मेलों को राजकीय दर्जा**

अयोध्या शोध संस्थान को **अंतर्राष्ट्रीय शोध संस्थान** का दर्जा

माझा जमथरा, अयोध्या में 25 एकड़ में **मंदिर म्यूजियम** की होगी स्थापना

प्रयागराज के बाद अयोध्या में योगी सरकार की **कैबिनेट बैठक**

स्वरकोकिला भारत रत्न **लता मंगेशकर स्मृति चौक** का विकास

पावन 84 कोसी परिक्रमा मार्ग **राष्ट्रीय राजमार्ग घोषित**

8 परिकल्पनाओं का संगम

अवधपुरी के चतुर्दिक विकास के लिए 8 परिकल्पनाओं के आधार पर कार्य हो रहे हैं, जिससे एक बार फिर साकेतपुरी को ऐश्वर्यपूर्ण नगरी बनाने का सपना साकार हो रहा है।

सांस्कृतिक अयोध्या : अवधपुरी को भारत की सांस्कृतिक राजधानी के रूप में विकसित किया जा रहा है। मठ, मंदिरों और आश्रमों को भव्य रूप प्रदान करना हो या वैभवशाली नगर द्वारों का निर्माण, मंदिर संग्रहालय जैसे तमाम कार्य इसी परिकल्पना के आधार पर किये जा रहे हैं।

सक्षम अयोध्या : अयोध्या का आत्मनिर्भर नगरी के रूप में विकास किया जा रहा है, जहां रोजगार, पर्यटन, धर्म और सांस्कृतिक गतिविधियों के जरिये बड़े पैमाने पर रोजगार सृजित हो रहे हैं।

आधुनिक अयोध्या : इस पवित्र नगरी को आज हर प्रकार की आधुनिक सुविधाओं वाला नगर बनाया जा रहा है। स्मार्ट सिटी, सेफ सिटी, सोलर सिटी, ग्रीन फील्ड टाउनशिप जैसी तमाम योजनाएं इसी के परिणामस्वरुप आकार ले रही हैं।

सुगम्य अयोध्या : महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम, अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का कायाकल्प, इनलैंड वाटरवे से जोड़ने जैसे कार्य करके केंद्र व प्रदेश सरकार अयोध्या तक पहुंच को हर प्रकार से सुगम्य बना रही है।

सुरम्य अयोध्या : नगर के विभिन्न कुंडों, तालाबों और प्राचीन सरोवरों के सौंदर्यीकरण की बात हो या पुराने उद्यानों का कायाकल्प हो, नये उद्यानों का निर्माण कार्य हो या फिर हेरिटेज लाइट्स के जरिये शहर को सुंदर स्वरूप प्रदान करना हो, सड़कों को फसाड लाइटिंग से जगमग कर अवधपुरी को हर प्रकार से मनमोहक नगरी के रूप में विकसित किया जा रहा है।

भावात्मक अयोध्या : अवधपुरी के कण-कण में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम से जुड़ने का भाव परिलक्षित हो इसके लिए शहर की दीवारों, सड़कों के किनारे, चौराहों तक को सांस्कृतिक रुप से सुसज्जित किया गया है।

स्वच्छ अयोध्या : स्मार्ट सिटी के रुप में साफ-सफाई से लेकर ड्रेनेज और सीवर सिस्टम पर अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं।

आयुष्मान अयोध्या : आमजन को गुणवत्तापूर्ण व सुविधा आधारित चिकित्सीय सुविधा प्रदान करने के लिए अयोध्या के हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया गया है। राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय में आपातकालीन चिकित्सीय सुविधा।

मंदिर संग्रहालय
प्रसिद्ध भारतीय मंदिरों के इतिहास की झलक

मोम संग्रहालय
2 एकड़ में बनने वाला यह संग्रहालय रामायण के प्रमुख पात्रों को समर्पित होगा और इसमें प्रसिद्ध हस्तियों की मूर्तियाँ भी होंगी

अयोध्या हाट
सरयू के घाटों को खाद्य कियोस्क और वेंडिंग कार्ट के साथ विकसित किया जा रहा है और यह सुनिश्चित करने पर भी ध्यान दिया गया है कि कोई अपशिष्ट न बचे

संध्या सरोवर
रेस्तरां, फूड स्टॉल के साथ खुली हवा वाला फूड जोन, बोटिंग, जिपलाइनिंग, स्लैकलाइनिंग सुविधाओं के साथ तीन लैगून/ जल निकाय बनाए जाएंगे

टेंट सिटी योजना
पर्यटकों के लिए मेडिकल सुविधा, बायो डाइजेस्टिव शौचालय सहित अन्य सुविधाएं उपलब्ध होंगी

₹4403 करोड़ की लागत से 147.2 किमी. लंबे राम वन गमन पथ का निर्माण कार्य प्रगति पर

- 1407 एकड़ में ग्रीनफील्ड टाउनशिप परियोजना : ₹2182 करोड़
- महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा अयोध्या धाम : ₹1463 करोड़
- सहादतगंज से नयाघाट मार्ग तक रामपथ का निर्माण (12.94 किमी.) : ₹845 करोड़
- राजर्षि दशरथ स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय का निर्माण : ₹245 करोड़
- अयोध्या धाम जंक्शन रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास : ₹241 करोड़
- उपरिगामी विद्युत तारों को भूमिगत करने का कार्य : ₹167 करोड़
- रेलवे क्रासिंग संख्या 112 पंचकोसी परिक्रमा मार्ग स्थित बड़ी बुआ रेलवे क्रासिंग पर आरओबी का निर्माण : ₹74 करोड़
- शहर के विभिन्न वार्डों में हेरिटेज डेकोरेटिव पोल लगाने का कार्य : ₹72 करोड़
- महर्षि अरुन्धति पार्किंग, व्यावसायिक संकुल का निर्माण कार्य (पूर्वी एवं पश्चिमी) : ₹68 करोड़
- भक्तिपथ से श्री राम जन्मभूमि पथ तक वाया हनुमानगढ़ी 29 किमी. मार्ग निर्माण : ₹68 करोड़
- एनएच 27 से नया घाट पुराने पुल तक मार्ग (धर्मपथ) (अन्य जनपद मार्ग) का चौड़ीकरण एवं विस्तारीकरण : ₹65 करोड़
- सीपेट केन्द्र की स्थापना : ₹40 करोड़
- मल्टीलेवल पार्किंग निकट कलेक्ट्रेट : ₹37 करोड़
- राम की पैड़ी से राजघाट तक, राजघाट से भगवान श्री राम मंदिर तक श्रद्धालु भ्रमण पथ का सुदृढ़ीकरण एवं जीर्णोद्धार : ₹23 करोड़
- राम की पैड़ी पर दीपोत्सव एवं अन्य मेले/महोत्सवों हेतु दर्शक दीर्घा का निर्माण : ₹23 करोड़
- तहसील सोहावल ग्राम पिरखौली में 140 टीपीडी क्षमता का सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट : ₹18 करोड़
- अयोध्या में 4 ऐतिहासिक प्रवेश द्वारों का संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण : ₹15 करोड़
- गुप्तार घाट से राजघाट तक 410 सोलर स्ट्रीट लाइट का कार्य : ₹12 करोड़

संपादकीय

गरीबी के अभिशाप से मुक्ति की दिशा में ठोस कदम

भारत में पिछले एक दशक के दौरान गरीबों को गरीबी रेखा से बाहर निकालकर देश को गरीबी के अभिशाप से मुक्ति दिलाने की दिशा में जो ठोस कदम उठाए गए हैं। उसके सुखद परिणाम सामने आने लगे हैं। नीति आयोग की एक रिपोर्ट के मुताबिक पिछले एक दशक में 24.8 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले हैं। 2013-14 में गरीबी दर 29.17 प्रतिशत थी जो अब घट कर 11.28 प्रतिशत रह गई है। इस अवधि में 17.89 प्रतिशत की कमी आई है। गौरतलब है कि गरीबों की स्थिति में सुधार का आंकलन शिक्षा, स्वास्थ्य और जीवन शैली जैसे मानदंडों के आधार पर तय किया जाता है। भारत में आजादी के बाद से गरीबी एक जटिल समस्या रही है। आजादी के बाद से तात्कालीन सरकारों ने गरीबों को केन्द्र बिंदु में रखकर ही तमाम योजनाएं और कार्यक्रम क्रियान्वित किये लेकिन गरीबी हटने की जगह और भी बढ़ती गई। इस मामले में यही मसल चरितार्थ हुई की दर्द बढ़ता ही गया ज्यों ज्यों दवा की गरीबों के कल्याण के लिए बनाई जाने वाली योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती रही। गरीबी हटाओ के नारे तो खूब लगे लेकिन गरीबी हटाने की दिशा में कोई कारगर पहल नहीं की गई। इस बीच गरीबों को मुफ्त में अथवा न्यूनतम दरों पर अनाज देने सहित कई लोक लुभावन घोषणाएं की गई जिसका गरीबों को लाभ तो मिला लेकिन गरीबों को मिलने वाली इन सुविधाओं का अनुचित फायदा उठाने के लिए फर्जी गरीबों की बाढ़ सी आ गई। नतीजतन गरीबी रेखा से बाहर निकलने के बाद भी लोग बीपीएल कार्डधारी बने रहे और ऐसे फर्जी गरीब आज भी कथरी ओढ़कर मजे से घी खा रहे हैं। ऐसे फर्जी गरीबों की पहचान बेहद जरूरी है। वास्तव में ऐसे फर्जी गरीब वास्तविक गरीब हितग्राहियों के सबसे बड़े दुश्मन हैं। जो उनके हिस्से को हड़प रहे हैं। केन्द्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने के बाद ऐसे लाखों फर्जी गरीबों के बीपीएल कार्ड रद्द भी किए गए हैं लेकिन आज भी बड़ी संख्या में साधन संपन्न लोग भी बीपीएल कार्डधारी बने हुए हैं। गरीबी के इस अजीबों गरीब गोरखधंधे का खात्मा निहायत जरूरी है। इसके लिए केन्द्र सरकार को ही ठोस कदम उठाने होंगे तभी बात बनेगी। राज्य सरकारें तो इस मामले में कोई ठोस कदम उठाना भी नहीं चाहती। सभी के अपने अपने वोंट बैंक हैं। इसलिए राजनीतिक पार्टियां भी फर्जी गरीबों के खिलाफ किसी भी तरह की कोई कार्यवाही करने से कतराती है। बीपीएल कार्ड भी असानी से बन जाता है। शहरी क्षेत्रों में संबंधित वार्ड पार्षदों और ग्रामीण क्षेत्रों में पंच सरपंच की मिलीभगत से बड़ी आसानी से बीपीएल कार्ड बन जाते हैं। क्योंकि अभी तक गरीबी रेखा की परिभाषा ही स्पष्ट नहीं हो पाई है। इसलिए गरीबी का गोरखधंधा बेरोकटोक जारी है। अब तो स्थिति यह है कि बंगाल और नई दिल्ली जैसे राज्यों में घुसपैठियों और रोहिंग्याओं के भी थोक के भाव में बीपीएल कार्ड बन गए हैं। जब तक ऐसे कुपात्रो को अपात्र घोषित नहीं किया जाएगा। तब तक गरीबों की संख्या में उल्लेखनीय कमी नहीं आएगी। वैसे केन्द्र सरकार ने पिछले 1 दशक में गरीबों के कल्याण के लिए जो योजनाएं लागू की हैं और उसे पारदर्शी बनाया है। उससे वास्तविक गरीबों को समुचित लाभ मिलने लगा है। गरीबों के बैंक खाते खोले गए हैं। जिसमें सीधे राशि आ जाती है। इस लिए अब सरकारी मदद में बिचौलिए सेंध नहीं लगा पा रहे हैं। नतीजतन गरीबों के जीवन स्तर में लगातार सुधार परिलक्षित हो रहा है। सरकार वास्तविक गरीबों के हितों का संरक्षण जरूर कर रही है। लेकिन उनके हक पर डाका डालने वाले फर्जी गरीबों के खिलाफ उतनी तेजी से अभियान नहीं चला रही है जैसी अपेक्षित है। उम्मीद की जानी चाहिए कि फर्जी गरीबों की पहचान कर उन्हें गरीबी रेखा की सूची से बाहर करने के लिए केन्द्र सरकार कड़े कदम उठाएगी।

गुरु गोबिंद सिंह के 357वें प्रकाश पर्व पर विशेष

सदैव प्रेरणा देते रहेंगे गुरु गोबिंद सिंह के उपदेश

योगेश कुमार गोयल

सिखों के 10वें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी का 357वां प्रकाश पर्व इस वर्ष 17 जनवरी को मनाया जा रहा है। हिन्दू कैलेंडर के अनुसार गुरु गोबिंद सिंह का जन्म 1667 ई. में पौष माह की शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि को 1723 विक्रम संवत् को पटना साहिब में हुआ था। प्रतिवर्ष इसी दिन गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाशोत्सव मनाया जाता है। बचपन में गुरु गोबिंद सिंह जी को गोबिंद राय के नाम से जाना जाता था। उनके पिता गुरु तेग बहादुर सिखों के 9वें गुरु थे। पंजाबी, हिन्दी, संस्कृत, बृज, फारसी भाषाएं सीखने के साथ गुरु गोबिंद सिंह जी ने घुड़सवारी, तीरंदाजी, नेजेबाजी इत्यादि युद्धकलाओं में भी महारत हासिल की थी। कश्मीरी पंडितों के धार्मिक अधिकारों की रक्षा के लिए उनके पिता और सिखों के 9वें गुरु तेग बहादुर जी द्वारा नवम्बर 1975 में दिल्ली के चांदनी चौक में शीश कटाकर शहादत दिए जाने के बाद मात्र 9 वर्ष की आयु में ही गुरु गोबिंद सिंह जी ने सिखों के 10वें गुरू पद की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी संभाली और खालसा पंथ के संस्थापक बने। अत्याचार और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने के लिए गुरु गोबिंद सिंह जी का वाक्य 'सवा लाख से एक लड़ाऊं तां गोबिंद सिंह नाम धराऊं' सैकड़ों वर्षों बाद आज भी प्रेरणा और हिम्मत देता है। उन्होंने समाज में फैले भेदभाव को समाप्त कर समानता स्थापित की थी और लोगों में आत्मसम्मान तथा निडर रहने की भावना पैदा की। शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान के सच्चे प्रतीक तथा इतिहास को नई धारा देने वाले अद्वितीय, विलक्षण और अनुपम व्यक्तित्व के स्वामी गुरु गोबिंद सिंह को इतिहास में एक विलक्षण क्रांतिकारी संत व्यक्तित्व का दर्जा प्राप्त है। एक आध्यात्मिक गुरु होने के साथ-साथ वे एक निर्भयी योद्धा, कवि, दार्शनिक और उच्च कोटि के लेखक भी थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक भी माना जाता था। दरअसल कहा जाता है कि 52 कवियों और लेखकों की उपस्थिति सदैव उनके दरबार में बनी रहती थी और इसीलिए उन्हें 'संत सिपाही' भी कहा जाता था। उन्होंने स्वयं कई ग्रंथों की रचना की थी। 'बिचित्र नाटक' को गुरु गोबिंद सिंह की आत्मकथा माना जाता है, जो उनके जीवन के विषय में जानकारी का सबसे महत्वपूर्ण स्रोत है। यह 'दशम ग्रंथ' का एक भाग है, जो गुरु गोबिंद सिंह की कृतियों के संकलन का नाम है। इस दशम ग्रंथ की रचना गुरू जी ने हिमाचल के पोंटा साहिब में की थी।

कहा जाता है कि गुरु गोबिंद सिंह एक बार अपने घोड़े पर सवार होकर हिमाचल प्रदेश से गुजर रहे थे और एक स्थान पर उनका घोड़ा अपने आप आकर रुक गया। उसी के बाद से उस जगह को पवित्र माना जाने लगा और उस जगह को पोंटा साहिब के नाम से जाना जाने लगा। दरअसल 'पोंटा' शब्द का अर्थ होता है 'पांव' और जिस जगह पर घोड़े के पांव अपने आप थम गए, उसी जगह को पोंटा साहिब नाम दिया गया। गुरु जी ने अपने जीवन के चार वर्ष पोंटा साहिब में ही बिताए, जहां अभी भी उनके हथियार और कलम रखे हैं। 1699 में बैसाखी के दिन तख्त श्री केसगढ़ साहिब में कड़ी परीक्षा के बाद पांच सिखों को 'पंज प्यारे' चुनकर गुरु गोबिंद सिंह ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, जिसके बाद प्रत्येक सिख के लिए कृपाण या श्रीसाहिब धारण करना अनिवार्य कर दिया गया। वहीं पर उन्होंने 'खालसा वाणी' भी दी, जिसे 'वाहे गुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह' कहा जाता है। उन्होंने जीवन जीने के पांच सिद्धांत दिए थे, जिन्हें 'पंच ककार' कहा जाता है।

गुरु गोबिंद सिंह ने ही 'गुरु ग्रंथ साहिब' को सिखों के स्थायी गुरु का दर्जा दिया था। सन् 1708 में उन्होंने महाराष्ट्र के नांदेड़ में शिविर लगाया था। वहां जब उन्हें लगा कि अब उनका अंतिम समय आ गया है, तब उन्होंने संगतों को आदेश दिया कि अब गुरु ग्रंथ साहिब ही आपके गुरु हैं। उन्होंने कई बार मुगलों को परास्त किया। आनंदपुर साहिब में तो मुगलों से उनके संघर्ष और उनकी वीरता का स्वर्णिम इतिहास बिखरा पड़ा है।

गुरु गोबिंद सिंह के चारों पुत्र अजीत सिंह, फतेह सिंह, जोरावर सिंह और जुझार सिंह भी उन्हीं की भांति बेहद निडर और बहादुर योद्धा थे। अपने धर्म की रक्षा के लिए मुगलों से लड़ते हुए गुरु गोबिंद सिंह ने अपने पूरे परिवार का बलिदान कर दिया था। उनके दो पुत्रों बाबा अजीत सिंह और बाबा जुझार सिंह ने चमकौर के युद्ध में शहादत प्राप्त की थी। 26 दिसम्बर 1704 को गुरु गोबिंद सिंह के दो अन्य साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म स्वीकार नहीं करने पर सरहिंद के नवाब द्वारा दीवार में जिंदा चुनवा दिया गया था और माता गुजरी को किले की दीवार से गिराकर शहीद कर दिया गया था। नांदेड़ में दो हमलावरों से लड़ते समय गुरु गोबिन्द सिंह के सीने में दिल के ऊपर गहरी चोट लगी थी, जिसके कारण 18 अक्तूबर 1708 को नांदेड में करीब 41 वर्ष की आयु में वे वीरगति को प्राप्त हुए थे।

चीन के विस्तारवादी जाल में फंसता मालदीव

नीरज मनजीत

पर्यटन मालदीव का प्रमुख कारोबार है और भारत से लाखों पर्यटक हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग भी वहां होती है। स्पष्ट है कि मालदीव की इकोनॉमी में भारतीय पर्यटक बड़ा योगदान देते हैं। मोइज्जू के बेजा भारत और प्रधानमंत्री मोदी विरोधी रवैये की वजह से हजारों भारतीय पर्यटकों ने अपनी मालदीव यात्रा स्थगित कर दी है। भारत की कई टूरिस्ट कंपनियों ने मालदीव की बुकिंग लेने से इंकार कर दिया है। इधर प्रधानमंत्री मोदी ने जब से लक्षदीप को मालदीव के विकल्प के तौर पर पेश किया है, तब से मोइज्जू प्रशासन में घबराहट देखी जा रही है। दरअसल मालदीव को अपने सफेद रेत वाले नीले पारदर्शी समुद्रतटों पर नाज़ है। ये सारी चीजें लक्षदीप में भी मौजूद हैं, बस उसे थोड़ा विकसित करके अच्छे रिसॉर्ट बनाने की जरूरत है। लक्षदीप में दुनिया के सबसे अहम पर्यटनस्थल के रूप में विकसित होने की सारी संभावनाएं हैं। लगता है भारत का नाजायज़ विरोध मोइज्जू और मालदीव को काफी भारी पड़ने वाला है।

किसी अज्ञात विचारक ने कहा था कि यदि कोई राष्ट्रप्रमुख घृणा और नकारात्मक मूल्यों पर ही अपनी कूटनीति टिकाकर वैश्विक मुख्यधारा में आने का प्रयत्न करेगा, तो उसका डूबना तय है, साथ में वह अपने देश को भी संकट में डाल लेगा। इस कथन की सत्यता का सबसे बड़ा उदाहरण हमारा पड़ोसी देश पाकिस्तान है, जिसने भारत विरोध और घृणा के चलते खुद को बर्बाद कर लिया है। अब मालदीव के नए नवेले राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू भी उसी रास्ते पर चल पड़े हैं। मोहम्मद मोइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। इसमें किसी को कोई ऐतराज नहीं है। कोई भी राष्ट्रप्रमुख वैश्विक बिरादरी में अपने दोस्त चुनने के लिए आजाद है। दिक्कत यह है कि मोइज्जू भारत और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ख़िलाफ़त करके और भारत के प्रति घृणा का इज़हार करके चीन की गोद में बैठना चाहते हैं। मोइज्जू प्रोग्रेसिव पार्टी ऑफ मालदीव (पीपीएम) के नेता हैं, जो एक अन्य पार्टी पीपुल्स नेशनल कांग्रेस से गठबंधन करके चुनाव जीते हैं। ये दोनों पार्टियाँ चीन की हिमायती मानी जाती हैं।

मोइज्जू से पहले मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी के नेता इब्राहिम मोहम्मद सोलिह राष्ट्रपति थे। सोलिह पूरी तरह भारत के समर्थक थे। उनके पूर्व के तक़रीबन सभी राष्ट्रपति भारत से बेहतर रिश्ते रखने के पक्षधर थे। 2013 में पहली बार पीपीएम के नेता अब्दुल यामीन अब्दुल गयूम राष्ट्रपति बने और उन्होंने मालदीव में 'इंडिया आउट' का नारा दिया। मोइज्जू ने भी इसी नैरेटिव को आगे बढ़ाया और मालदीव में भारत के प्रति घृणा का माहौल बनाकर चुनाव जीत लिया। मोइज्जू और पीपीएम चाहते हैं कि मालदीव में मौजूद भारतीय सैनिक वापस चले जाएं। इसमें भी किसी को कोई ऐतराज नहीं हो सकता। यहाँ बताना लाजमी है कि मालदीव में केवल 77 भारतीय सैनिक मौजूद हैं। इस संबंध में पिछले साल दुबई में प्रधानमंत्री मोदी और मोइज्जू के बीच सहमति भी बन चुकी है। मगर मोइज्जू लगातार ऐसा नैरेटिव सेट कर रहे हैं, मानों बड़ी तादाद में भारतीय आर्मी ने मालदीव में अतिक्रमण कर रखा है और भारत मालदीव की संप्रभुता के लिए ख़तरा पैदा कर रहा है।

इस पूरे मामले को समझने के लिए हमें इतिहास में लौटना होगा। नवंबर 1988 में तत्कालीन राष्ट्रपति मौमून अब्दुल गयूम के अनुरोध पर तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने मालदीव में भारतीय सेना उतारी थी। उस वक़्त कुछ विद्रोही गयूम का तख़्ता पलटने की साज़िश रच रहे थे।

भारतीय सैनिकों ने विद्रोहियों को मार गिराया और मालदीव में लोकतंत्र की रक्षा की थी। गयूम ने तब भारत के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए राजीव गाँधी का शुक्रिया अदा किया था। कुछ ही दिनों में भारतीय सेना अपना काम करके वापस लौट आई थी। उसके बाद पिछले दशक में मालदीव सरकार के अनुरोध पर भारत ने मानवीय सहायता के लिए दो ध्रुव हेलीकॉप्टर वहाँ भेजे थे। दरअसल मालदीव कई छोटे छोटे द्वीपों का एक समूह है और बड़ा अस्पताल सिर्फ़ मेनलैंड में ही है। कई बार दूसरे द्वीपों के मरीजों को समुद्री मार्ग से मुख्य अस्पताल में लाने में देर हो जाती थी। भारत के भेजे इन हेलीकॉप्टरों के जरिए मरीजों को एयरलिफ़्ट करके जल्दी से मेनलैंड में पहुंच दिया जाता था। इसके अलावा भारत ने द्वीपों की निगरानी के लिए मालदीव को एक डोर्नियर एयरक्राफ़्ट भी उपहार में दिया था। मालदीव सरकार के अनुरोध पर ही इनके रखरखाव और संचालन के लिए भारतीय सैनिक वहाँ भेजे गए थे। ये सैनिक मालदीव के सैनिकों को प्रशिक्षण भी दे रहे थे। स्पष्ट है कि ऐसा केवल दोस्ती निभाने और विशुद्ध मानवीय आधार पर किया गया था। वहाँ भारतीय सेना का और कोई उद्देश्य था ही नहीं।

मोहम्मद मोइज्जू और उनकी पार्टी पीपीएम किस क़दर भारत की ख़िलाफ़त करने पर उतर आई है, इसका सबूत तब मिला जब मोइज्जू ने अपनी पहली विदेश यात्रा के लिए तुर्किये को चुना। वैश्विक बिरादरी में सभी जानते हैं कि तुर्किये भारत का प्रबल विरोधी है। उस पर यह संदेह भी किया जाता है कि भारत में गड़बड़ी फ़ैलाने वाले कुछ अलगाववादी संगठनों को वह फंडिंग भी करता है। मोइज्जू के पूर्व के सभी राष्ट्रपति पहली विदेश यात्रा में भारत आते रहे हैं। दूसरी विदेश यात्रा के लिए मोइज्जू ने चीन को चुना। चूँकि उनकी पार्टी चीन की हिमायती है, इसलिए इस यात्रा को भी स्वाभाविक माना जा सकता है। मगर यह अस्वाभाविक है कि वे बीजिंग से लौटते ही मोइज्जू दुनिया को ज्ञान देने लगें कि वे भारत से नहीं डरते। उनसे सवाल किया जाना चाहिए कि उन्हें डरा कौन रहा है? भारत तो शांतिपूर्ण सहअस्तित्व पर भरोसा करनेवाला देश है। उसने कभी किसी देश पर न तो हमला किया है और न ही किसी देश में बेजा अतिक्रमण किया है। मोइज्जू की भाषा से स्पष्ट है कि वे पाकिस्तान की तरह मालदीव को भी भारत की बेजा ख़िलाफ़त करके चीन का पिछलग्गू बनाना चाहते हैं।

गौरतलब है कि मालदीव ने चीन से कर्ज भी ले रखा है और मोइज्जू मालदीव का भविष्य चीन को सौंपना चाहते हैं। चीन से दोस्ती को मोइज्जू ने अपने एजेंडे में सबसे ऊपर रखा है। मोइज्जू को चीन से दोस्ती मुबारक, मगर वे चीन को खुश करने के लिए गरियाने वाला सस्ता भारत विरोधी रवैया अपनायेंगे, तो खुद अपने आपको ही मुसीबत में डालेंगे। चीन किस तरह अपने कर्ज़ के जाल में फँसाकर किसी देश का इस्तेमाल करता है, यह किसी से छिपा नहीं है।

पर्यटन मालदीव का प्रमुख कारोबार है और भारत से लाखों पर्यटक हर साल मालदीव की यात्रा करते हैं। बॉलीवुड की कई फिल्मों की शूटिंग भी वहाँ होती है। स्पष्ट है कि मालदीव की इकोनॉमी में भारतीय पर्यटक बड़ा योगदान देते हैं।

मोइज्जू के बेजा भारत और प्रधानमंत्री मोदी विरोधी रवैये की वजह से हजारों भारतीय पर्यटकों ने अपनी मालदीव यात्रा स्थगित कर दी है। भारत की कई टूरिस्ट कंपनियों ने मालदीव की बुकिंग लेने से इंकार कर दिया है। इधर प्रधानमंत्री मोदी ने जब से लक्षदीप को मालदीव के विकल्प के तौर पर पेश किया है, तब से मोइज्जू प्रशासन में घबराहट देखी जा रही है। दरअसल मालदीव को अपने सफेद रेत वाले नीले पारदर्शी समुद्रतटों पर नाज़ है। ये सारी चीजें लक्षदीप में भी मौजूद हैं, बस उसे थोड़ा विकसित करके अच्छे रिसॉर्ट बनाने की जरूरत है। लक्षदीप में दुनिया के सबसे अहम पर्यटनस्थल के रूप में विकसित होने की सारी संभावनाएं हैं। लगता है भारत का नाजायज़ विरोध मोइज्जू और मालदीव को काफी भारी पड़ने वाला है।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1852 को आज ही के दिन दक्षिण अफ्रीका के ट्रांसवाल की स्वतंत्रता को ब्रिटेन ने मान्यता दी थी। 1913 में आज ही के दिन रेमंड प्वाइनकेयर फ्रांस के राष्ट्रपति चुने गए थे। 1915 में 17 जनवरी के दिन ही पश्चिमी यूक्रेन और बुकोविना पर रूस ने कब्जा किया था। 1941 में आज ही के दिन स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस कलकत्ता से जर्मनी के लिए रवाना हुए थे। 1946 में 17 जनवरी के दिन संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की पहली बैठक हुई थी। 1949 में आज ही के दिन फॉक्सवैगन की पहली बीटल कार जर्मनी से अमेरिका पहुंची थी।1976 में 17 जनवरी के दिन ही हरमस रॉकेट को यूरोपीय स्पेस एजेंसी ने लांच किया था। 1979 में आज ही के दिन सोवियत संघ ने न्यूक्लियर टेस्ट किया था। 1980 में 17 जनवरी के दिन ही फ्लाटसटकोम-3 नासा ने लांच किया था। 1985 में आज ही के दिन इंग्लैंड के खिलाफभारतीय क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने दूसरा टेस्ट शतक लगाया था। 1989 कर्नल जे.के. बजाज उत्तरी ध्रुव पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने।

QUIZ TIME

1) किस देश ने हिम तेंदुआ को अपना राष्ट्रीय प्रतीक घोषित किया है?

2) गोल्डन ग्लोब अवार्ड 2024 में किस फिल्म को सर्वश्रेष्ठ पिक्चर ड्रामा का पुरस्कार प्रदान किया गया है?

3) बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के रूप में शेख हसीना को कौन से कार्यकाल के लिए चुना गया है?

4) अमित शाह द्वारा हाल ही में किसके लिए ई-समृद्धि पोर्टल लांच किया गया है?

5) किसने जालियांवाला बाग हत्याकांड के विरोध में राय बहादुर की उपाधि लौटा दी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) किर्गिस्तान (2) ओपेनहाइमर (3) पांचवें (4) तुअर दाल (5) जमनालाल बजाज

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:21, सूर्यास्त : 05:52, चन्द्रोदय : 10:43, चन्द्रास्त : 23:09,

अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : सप्तमी, नक्षत्र : रेवती, योग : शिव, प्रथम करण : कौलव (13:03 तक), द्वितीय करण : तैतिल (23:57 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:06 से 12:47, अमृत काल : 24:08 से 25:38, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:14 से 28:38, रवियोग : 07:14 से 28:38, विजय मुहूर्त : 14:11 से 14:52, गोधूलि मुहूर्त : 17:37 से 18:04, सायाह्न सन्ध्या : 17:39 से 19:01, निशिता मुहूर्त : 23:59 से 24:54, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:50 से 11:08, होमाहुति : बुध (28:38 से शुक्र), दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पाताल (23:57 से पृथ्वी), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : नन्दी पर (23:57 से भोजन में)

शुभ यात्रा दिशा

उत्तर-पश्चिम (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, आज जन्मे शिशुओं का नाम रेवती नक्षत्र के प्रथम चरण अनुसार क्रमशः (दे, दो, चा, ची) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज के दिन आपके दिमाग मे उथल पुथल लगी रहेगी किसी पुराने कार्य सफलता को लेकर अंदर से बेचैन रहेंगे।

वृषः आज का दिन आपको आशा के विपरीत फल देने वाला है। जिस कार्य अथवा समय लाभ की उम्मीद नही होगी उसी कार्य से अथवा समय अकस्मात लाभ होने से आश्चर्य में पड़ेंगे।

मिथुनः आज आप के दिमाग मे केवल पैसा ही रहेगा दिन के आरंभ से ही आर्थिक लाभ पाने के लिये प्रयासरत रहेंगे आज भी कल की ही भांति परिश्रम करना पड़ेगा।

कर्कः आज का दिन पहले की तुलना में बेहतर रहेगा सेहत पुरानी बीमारी को छोड़ ठीक ही रहेगी लेकिन फिर भी स्वभाव किसी न किसी कारण से चिड़चिड़ा रहेगा।

सिंहः आज आपकी दिनचर्या चाहकर भी व्यवस्थित नही हो सकेगी मन मे काफी कुछ सोच कर रखेंगे लेकिन अंत समय मे ही विचार किये कार्य निरस्त कर अन्य कार्यो में लगना पड़ेगा।

कन्याः आज का दिन कुछेक विषयो को छोड़ आपके पक्ष में ही रहेगा।

तुलाः आज का दिन भी उदासीनता में बीतेगा। व्यावसायिक मति एवं बाजार की जानकारी होने के बाद भी जिस कार्य को करने का प्रयास करेंगे उसमे धन अथवा अन्य किसी अभाव के कारण गति नही दे पाएंगे।

वृश्चिकः आज के दिन से आपको मिला जुला फल प्राप्त होगा मध्यान तक का समय कल्पनाओं में खराब करेंगे।

धनुः आज के दिन भी आप बैठे बिठाये व्यर्थ के झगड़े मोल लेंगे कार्य क्षेत्र पर आवश्यकता अनुसार आय आसानी से हो जाएगी फिर भी असंतोषी स्वभाव उटपटांग के कार्यो में भटकाएगा।

मकरः आज के दिन आपके अंदर पराक्रम शक्ति प्रबल रहेगी एवं भाग्य का भी साथ ठीक मिलने से किसी भी कार्यो में ज्यादा माथापच्ची नहीं करनी पड़ेगी।

कुंभः आज का दिन आपके लिए सामान्य फलदायी रहेगा।

मीनः आज का दिन कुछ उतार चढ़ाव भरा रहेगा।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -306

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. राजद प्रमुख 6. रखवाला, रक्षा करने वाला 7. दयालु, रहम करने वाला (उ.) 10. युग्म, जोड़ा, एक राशि, एक फिल्म अभिनेता 13. कैदखाना, जेल, हिरासत 15. जानकी, जनकनंदनी 17. व्यर्थ की बात, बकबक 18. नारी, स्त्री, महिला 21. विक्रय करना 22. वाणी, कथन, वादा 24. ताश में दस अंकों वाला पत्ता 25. नगर का, नागरिक, चतुर।

ऊपर से नीचे

1. बेफ़िक्र, निश्चिंत, जिसे कोई परवाह न हो 2. मूर्ति 3. दोस्त, प्रेमी 4. कुशल, विशेषज्ञ 5. बगुला 8. झुका हुआ, झुकाया गया, नत 9. इधर-उधर, पास पड़ोस 11. किस्मत, तकदीर, भाग्य 14. बंदर, मर्कट, कपि 16. शक्तिशाली, बलवान 18. संतान, संतति 19. अस्तबल, घुड़साल 20. राजी करना, रूठे हुए को प्रसन्न करना 23. सरिता, नदिया, नद।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक305का हल

मा	म	ला	■	सि	वा	य	■	कि
लि	■	चा	ह	त	■	म	म	ता
क	सू	र	■	म	ग	न	■	ब
■	र	■	■	■	द	■	■	■
क	मा	न	■	पा	र	स	■	स
मी	■	म	जा	ल	■	न	क	ली
ना	दा	न	■	ना	र	द	■	का
■	मि	■	■	■	तौ	■	■	■
सु	नी	ल	■	अ	धी	र	■	जी

1.60 करोड़ से अधिक की नशीली टेबलेट एवं सिरप के साथ तस्कर गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। छत्तीसगढ़ के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई दुर्ग पुलिस द्वारा की गई है। एक नशे की मामले की जांच करते हुए दुर्ग पुलिस ने पूरे रैकेट का पर्दाफाश कर दिया है। आरोपी के कब्जे से एक करोड़ 60 लाख 444000 से भी अधिक की नशीली गोली जब्त की गई है। आरोपी को दुर्ग पुलिस ने राजस्थान से गिरफ्तार कर भिलाई लाया है। 17 जनवरी मंगलवार को कंट्रोल रूम सेक्टर 6 में आयोजित पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मामले का खुलासा किया है। उल्लेखनीय है कि मोहन नगर पुलिस ने महिला ड्रग पेडलर आकांक्षा खंडेलवाल को गिरफ्तार किया था। इसी मामले का जांच करते हुए दुर्ग पुलिस मुख्य सरगना आरोपी को गिरफ्तार करने राजस्थान पहुंच गई और उसे पकड़कर दुर्ग ले आया।

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सूखे नशे के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राम गोपाल गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) अभिषेक झा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा एनडीपीएस के हर एक अपराध में पूरी चैन को गिरफ?तारी की जो मुहीम चलाई जा रही है जिसके अंतर्गत दुर्ग जिले के थाना मोहन नगर के अपराध कमांक 520/20238, 22 (ग), 27 (क) नारकोटिक एक्ट में विवेचना एवं पता साजी हेतु नगर पुलिस अधीक्षक मणिशंकर चन्द्रा के नेतृत्व में प्रशिक्षु उपपुलिस अधीक्षक आकांक्षा पाण्डेय तथा निरीक्षक विजय यादव, थाना प्रभारी मोहननगर, उपनिरीक्षक चेतन चन्द्राकर चौकी प्रभारी जेवरासिरसा, प्रधान आरक्षक जावेद खान, आरक्षक कांती शर्मा, आरक्षक गौरसिंग राजपुत की विशेष टीम भेजी गयी थी जिनके द्वारा राजस्थान के बुन्दी में बॉयोलैब रेमेडिस के संचालक

अंकुश पालीवाल द्वारा पूरे देश के विभिन्न राज्यों में तथा अंतराष्ट्रीय मार्केट बांग्लादेश में ऑनलाईन माध्यम से फर्जी कम्पनियों को नशीली दवाईयों सप्लाई किया जाता था, जिसको गिरफ्तार किया गया तथा अंकुश पालीवाल द्वारा अवैध रूप से जमा किये गये प्रतिबंधित नशीली टेबलेट और सिरप जप्त किया गया। जिसका अवैध मार्केट में रेट 1,60,44,000 है। सूखे नशे के खिलाफ छग के इतिहास की अब तक की सबसे बड़ी कार्यवाही किया गया। इसी अपराध में दुर्ग जिला के वैभव खण्डेलवाल एवं आकांक्षा खण्डेलवाल द्वारा इण्डिया मार्ट के साईट में जाकर एक फर्जी कम्पनी वैभव फार्मसिटीकल बनाया गया था जिनके द्वारा राजस्थान के अंकुश पालीवाल से प्रतिबंधित नशीली दवाईयों मंगाकर ऑनलाईन कम्पनी इण्डिया मार्ट में वाइरस मेडिकोस के नाम से पूरे देश में अवैध रूप से नशीली दवाईयाँ सप्लाई किया जाता था। जबकि उसके बहन आकांक्षा खण्डेलवाल के द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में रिटेल मे बेंचा जाता था। जिसे दुर्ग पुलिस द्वारा पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी सप्लाई कम में जब उनसे कड़ाई से पूछताछ की गई तो उनके द्वारा यह बताया गया कि डार्क वेब का उपयोग कर उनको पता चला कि किस प्रकार से फर्जी कम्पनी बनाकर अवैध रूप से नशीली दवाईयों का व्यापार कर पैसा कमाया जा सकता है तब उनके द्वारा अंकुश पालीवाल से सम्पर्क कर अवैध रूप से प्रतिबंधित नशीली दवाईयों ऑनलाईन प्राप्त कर अवैध रूप से बिकी की जा रही थी। जिन्हें पूर्व में अपराध कमांक 520/2023 धारा 8, 22ग, 27क नारकोटिक एक्ट में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। इसी विवेचना कम में आरोपी वैभव खण्डेलवाल के मेमोरण्डम में राजस्थान के बुंदी जिले के बायो लेब रेमेडिस से इण्डिया मार्ट के माध्यम से फर्जी दस्तावेज के सहारे प्रतिबंधित नशीली दवाईयां को बेंच रहा था। अंकुश पालीवाल को गिरफ्तार कर पूछताछ की गई जिसमें उनके द्वारा यह स्वीकार किया गया कि उसके द्वारा अवैध रूप से बने कंपनियों को प्रतिबंधित दवाईयो की सप्लाई किया जा रहा था साथ ही उनके द्वारा प्रतिबंधित दवाई जिनके निशानदेही पर पुलिस द्वारा राजस्थान में जाकर छोपेमारी की कार्यवाही की गई।

न्यूज गैलरी

पाटन में आज किसान सम्मेलन

पाटन/नवप्रदेश। पटेल कृषि केंद्र एवं बीज भंडार दुर्ग रोड पाटन में 17 जनवरी बुधवार को किसान सम्मेलन का कार्यक्रम होने जा रहे है। जिसमें सिंजेंटा इंडिया लिमिटेड द्वारा धान ,मक्का व अन्य फसलों के बारे में विस्तृत जानकारी दी जावेगी। यह जानकारी लक्ष्मी नारायण पटेल अध्यक्ष- पटेल समाज पाटन राज ने दी है।

प्रेस क्लब का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

कुम्हारी/नवप्रदेश। प्रेस क्लब ऑफ कुम्हारी का शपथ ग्रहण समारोह क्लब के सभागार में रविवार को संम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सत्यप्रकाश दुबे कुलपति आई सी एफ ए आई यूनिवर्सिटी रायपुर एवं श्री आशीष बंछोर सीएसपी (छावनी) थे। कार्यक्रम के प्रारंभ में अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर मां सरस्वती की पूजा अर्चना की गई। सरस्वती वंदना अंजना सिंह ने प्रस्तुत किया । इस अवसर पर अपने विचार रखते हुए डॉ. दुबे ने कहा कि समाज में पत्रकारों की क्या भूमिका है यह सभी जानते हैं। पत्रकार पूरी निष्ठा और ज़िम्मेदारी से अपना कार्य करते हैं परिस्थितियां चाहे जितनी भी विषम हों ये बखूबी अपने कार्य को अंजाम देते हैं। सुबह सुबह जब आपके हाथों में अखबार आता है या हमलोग चैनल बदल बदल कर खबरें देखते हैं वो सब पत्रकारों की ही मेहनत है। उन्होंने कहा कि कोरोना के उस दौर में जब लोग अपने घरों में कैद थे तब भी ये पत्रकार भाई अपने दायित्व का निर्वहन कर हमे खबरें देते रहे।

कल से नए दृष्टिकोण शिविर का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वस्थ जीवन के लिए देशभर में कार्य कर रही सन टू ह्युमन फाउंडेशन द्वारा पदमनाभपुर मिनी स्टेडियम में 18 से 23 जनवरी तक नए दृष्टिकोण वाला शिविर का आयोजन किया गया है। इस निःशुल्क शिविर का मूलमंत्र प्रवचन नहीं,प्रयोग है। इसलिए शिविर में आहार, व्यायाम व ध्यान के माध्यम से शरीर और मन की शक्तियों को जागृत करने की कला सिखाई जाएगी। शिविर के सत्र उपरांत प्रतिदिन शिविरार्थियों को पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता वितरित किया जाएगा। यह नाश्ता शरीर को शक्तिशाली बनाने में सहायक सिद्ध होगा। शिविर में संस्था के संस्थापक पूज्य परम आलय(इंदौर) पधारेंगे। वे शिविर में चौथे,पांचवे व छठवें दिन शिविरार्थियों का मार्गदर्शन करेंगे। शिविर के लिए अब तक ढाई हजार लोगों ने अपना पंजीयन करवा लिया है। पंजीयन का 16 जनवरी अंतिम दिन है। यह बातें सन टू ह्युमन फाउंडेशन की सदस्य परम भक्ति(ग्वालियर) और जानकी मां (रायपुर) ने सोमवार को मीडिया से चर्चा में कही। उन्होने चर्चा में बताया कि दुर्ग शहर में नए दृष्टिकोण वाला शिविर आयोजन का यह दूसरा वर्ष है। पिछले शिविर में लगभग तीन हजार शिविरार्थियों ने हिस्सा लिया था। शिविर के माध्यम से शरीर और मन की शक्तियों को जागृत किया जाता है। शिविर से लोगों को अपनी गंभीर शारीरिक एवं मानसिक बिमारियों से छुटकारा मिल चुका है। शिविर में संयमित आहार से जीवन को स्वस्थ बनाने की कला सिखाई जाती है।

इंफोर्समेंट टीम ने बीएसपी कर्मी कोरी से खाली कराया अवैध कब्जा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। बीएसपी के इंफोर्समेंट टीम ने सेक्टर 4 स्थित एक आवाज को बीएसपी कर्मी आर डी कोरी से अवैध कब्जा खाली करवाया उपरोक्त मकान 5 साल से कब्जा कर रखा गया था. लगातार नोटिस के बाद भी आवाज खाली नहीं किया गया तो संपदा न्यायालय के आदेश पर बेचकली की कार्यवाही की गई। माननीय संपदा न्यायालय के आदेश के अनुपालन में प्रवर्तन अनुभाग की टीम द्वारा उक्त आवास से अवैध कब्जाधारी आरडी कोरी ऊर्फ रामाधर कोरी के बेदखली कार्यवाही। पुलिस बल (महिला बल सहित) थाना भट्ठी, जिला पुलिस बल एवं

कार्यपालक मजिस्ट्रेट ढाल सिंह बिसेन की उपस्थिति में की गयी। कार्यपालक मजिस्ट्रेट की उपस्थिति में ही आवास को कब्जा में लेकर आवास में मौजूद सामानों को सूचीबध्द कर सामानों की जप्ती बनाई गई, तथा रिक्त अवस्था में आवास को सील किया गया । उपरोक्त कार्यवाही का पंचनामा रिर्पोर्ट गवाहों की मौजुदगी में तैयार किया गया। संपदा न्यायालय प्रकरण क्रमॉक 447/2023 दिनॉक 30/11/2023 से पारित डिक्री आदेश के अनुपालन में अवैध कब्जेधारी आर डी कोरी द्वारा पांच वर्षो से कब्जा किया गया बी एस पी बंगला को खाली करवा कर सील कर दिया गया। साथ ही माननीय संपदा न्यायलय द्वारा 5,82,695 रुपए डैमेज चार्जेस, पेनल्टी पटाने का आदेश दिया। आदेषानुसार भिलाई इस्पात संयंत्र के बंगला क्रमॉक 15 बी/ स्टीट 15 सेक्टर 04 भिलाई तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के अवैध कब्जाधारी श्री आर.डी. कोरी के विरूध्द माननीय संपदा न्यायालय द्वारा डिक्री आदेश जारी कर आवास से अवैध कब्जाधारी श्री आर डी कोरी के बेदखली हेतु प्रवर्तन अनुभाग को अधिकृत किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में प्रवर्तन अनुभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों, निजी सुरक्षा गार्डस (महिला गार्ड सहित), अतिरिक्त जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, कर्मचारियों सहित टीम शामिल थे।

स्थापना दिवस पर पैदल चाल-दौड़ का आयोजन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। स्थापना दिवस पर 24 जनवरी 2024 को प्रातः 8 बजे से जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में 5 किमी पैदल चाल/दौड़ का आयोजन किया गया है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रतियोगियों का पंजीकरण 22 जनवरी 2024 तक प्रतिदिन कार्यालयीन दिवसों में प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं संध्या 4 से 6 बजे तक जयंती स्टेडियम में किया जाएगा।

इस प्रतियोगिता हेतु, सेल निगमित कार्यालय, नई दिल्ली द्वारा तय मापदंड के आधार पर श्रेणियां निर्धारित की गई है। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष वर्ग के श्रेणी अ में, कक्षा छठवीं तक के बच्चे, श्रेणी ब में कक्षा 7वीं से 12वीं तक के बच्चे, श्रेणी स में 12वीं से ऊपर 45 वर्ष तक के, श्रेणी द में 46 वर्ष से 60 वर्ष तक तथा श्रेणी उ में भूतपूर्व कर्मचारी (सेवानिवृत्त) भाग ले सकते हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए सभी श्रेणियों के प्रतिभागियों को 24 जनवरी 2024 को प्रातः 7 बजे जयंती स्टेडियम, इंदिरा प्लेस में दौड़ के लिए एकत्रित होना है। दौड़ प्रातः 8 बजे से प्रारंभ की जाएगी। प्रतियोगिता से संबंधित अन्य जानकारी भी प्रतियोगिता स्थल पर प्रदान की जाएगी। सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले एक धावक और धाविका को 5000 रुपये नगद पुरस्कार तथा सभी सेल इकाइयों में सर्वश्रेष्ठ समय देने वाले 6 वीं कक्षा तक के छात्र एवं छात्रा को 3000 रुपये नगद पुरस्कार दिया जाएगा।

सद्भावना क्रिकेट स्पर्धा का आगाज

नव प्रदेश संवाददाता

पाटन। ग्राम भनसुली(के)में सद्भावना क्रिकेट क्लब एवं ग्रामवासी के तत्वाधान में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता आयोजित किया गया है। शुभारंभ मुख्य अतिथि अशोक साहू उपाध्यक्ष ज़िप दुर्ग, अध्यक्षता दिनेश साहू सभापति जप, विशेष अतिथि तुलसी गैंदलाल डहरिया सरपंच, कमलेश साहू उपसरपंच, दिनेश साहू महामंत्री, डा केके साहू सेक्टर प्रभारी, महेश साहू, डा हेमंत साहू ने पूजा अर्चना पश्चात चौकों छक्कों से मैच की शुरुआत किए। मुख्य अतिथि ने खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों के लिए पूर्व मुख्यमंत्री,विधायक माननीय भूपेश बघेल जी ने मिनी स्टेडियम के लिए 50 लाख स्वीकृत किए हैं जो अभी निर्माणाधीन है। भविष्य में सभी खेलों के लिए सुविधा मिलेगी। पूर्व मुख्यमंत्री का धन्यवाद एवं आभार व्यक्त करते हैं। जप सभापति ने शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल को आवश्यक बतलाया। इस अवसर पर ओंकार देवांगन, वेदप्रकाश निर्मल, सत्यम साहू, देवानंद साहू, नरेश देवांगन, यानेंद्र ठाकुर, रविंद्र साहू, कुशल साहू सहित खिलाड़ी उपस्थित थे।

अनुष्ठान शुरू होने से पहले सफाई पुण्य का काम : ललित

नव प्रदेश संवाददाता

रिसाली। अयोध्या में अनुष्ठान शुरू होने से पहले पूरे देश भर के देव स्थलों और मंदिरों की विशेष सफाई की जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली क्षेत्र के मंदिरों के आस पास सफाई किया जा रहा है। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने भी दो दिनों तक श्रम दान किया। इस अवसर पर विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि अपने शहर की सफाई और स्वच्छता के लिए कार्य करना हर नागरिक का कर्तव्य है। वही अगर आस्था से जुड़े स्थानों में श्रम दान करते है तो इससे आत्मीय सुख के साथ पुण्य का लाभ होता है। दुर्ग

ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने पहले दिन मरोदा सेक्टर स्थित त्रयंबकेश्वर महादेव मंदिर की सफाई की। वहीं दूसरे दिन नेवई शीतला मंदिर और कल्याणी शीतला मंदिर के आस पास सफाई कार्य में श्रम दान किए। इस अवसर पर मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी सद्स्य परमेश्वर, पार्षद विधि यादव, गजेन्द्री कोठारी, डोमन बारले, ममता सिन्हा, महामंत्री राजू जंघेल समेत बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

जहां श्रम दान वहां नियमित हो सफाई

श्री चंद्राकर ने कहा कि अयोध्या में श्री राम जी का प्राण प्रतिष्ठा 16 जनवरी से शुरू हो रहा है। मुख्य आयोजन 22 जनवरी को होगा। विधायक ने कहा कि मंदिर व देवालयों के आस पास नियमित सफाई हो। इस बात का निगम अमला विशेष ध्यान दे। उन्होंने कहा कि मुख्य आयोजन के दिन हर मंदिरों में आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित है। नागरिक भी घरों में दीप प्रज्वलित करे।

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग अण्डा सर्किल (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. 202401101200014/ अ-74/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक गजाधर चंद्राकर पिता स्व. किशुन चंद्राकर वगै. निवासी ग्राम कुथरेल के द्वारा आवेदक पेश किया गया है कि उनके भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम कोनारी प.ह.न 35 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 559/1 रकबा 1.03 हे. भूमि दर्ज है। उक्त भूमि का मूल ऋण पुस्तिका जीर्ण-शीर्ण हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋण पुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 29.01.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 11.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
02 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00015 करहीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- सी.जी. 5106410012024005

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम करहीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी अनीताबाई पिता/पति स्व. नम्मू गोड पता क्वा.नं. डी/29 न्यू पुलिस लाईन दुर्ग, निर्मलाबाई पिता/पति स्व. नम्मू गोड पता पुलिस लाईन कवर्धा, बिसंतीनबाई पिता/पति स्व. नम्मू गोड पता ठाकुरपारा अर्जुनी तह. व जिला बालोद, मीनाबाई पिता/पति स्व. नम्मू गोड पता दरबारमोखली तह. पाटन जिला दुर्ग, रुपाबाई पिता/पति स्व. नम्मू गोड पता वाार्ड 15 करहीडीह तह. व जिला दुर्ग, सुनीताबाई पिता/पति स्व. नम्मू गोड पता महाराष्ट्र मंडल के पास 31/750 चिरहुल्टी गंगाराम एनएजीएआर रामकुंड रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 384/2(0.0405) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोहितराम ठाकुर पिता/पति स्व. नम्मूराम ठाकुर पता क्वा.नं. 20/सी स्ट्रीट 32 से-4 भिलाई के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 02.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग 02 पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्री शिवकुमार चंद्राकर — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202401100400240/अ-2/ वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका श्री शिवकुमार चंद्राकर आ. श्री पुसऊराम चंद्राकर निवासी प्रेमसागर चौक ठेठवारपारा तह.व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तह. व जिला दुर्ग	222/11 222/70	0.033 हे. 0.076 हे.	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस के भीतर अपनी लिखित आपत्ति/दावा स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 12/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र./202401103000032 /अ-06/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपनारायण यादव पिता खोरबाहरा यादव निवासी ग्राम ढौर तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम ढौर तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 2378 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जगदीश की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 12.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-20(1)/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 26.09.2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के भूमिहिन व्यक्तिय (पट्टाधृति अधिकार प्रदाय किया जाना) अधिनियम की धारा (5) के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए है। आवेदिका श्रीमती लक्ष्मीबाई सारथी पति लवकुश सारथी निवासी तकियापारा वार्ड नं. 08 तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि जिसका भूखण्ड क्रं. 08, क्षेत्रफल 208 वर्गफीट को विक्रेता भक्तीनबाई पति स्व. तिजून निवासी तकियापारा हरनाबांधा दुर्ग तह. व जिला दुर्ग से उक्त शासकीय पट्टे की भूमि को क्रय किए जाने पर स्वयं के नाम से पट्टा जारी किए जाने बाबत् आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. दुर्ग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग के द्वारा छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर के अधिसूचना दिनांक 26.09.2019 एवं अधिसूचना दिनांक 24.02.2022 के निर्देशों के अनुरुप जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-20(1)/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 26.09.2019 के द्वारा छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों के भूमिहिन व्यक्तिय (पट्टाधृति अधिकार प्रदाय किया जाना) अधिनियम की धारा (5) के अंतर्गत अवैध/अनियमित पट्टा हस्तांतरण की नियमितीकरण हेतु दिशा-निर्देश दिए गए है। आवेदिका श्रीमती हेमिन यादव पति स्व. अगनू यादव निवासी तकियापारा वार्ड नं. 08 तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग स्थित भूमि जिसका भूखण्ड क्रं. 08, क्षेत्रफल 330 वर्गफीट को विक्रेता कुमारी बाई पति चुन्नीलाल मुण्डा पिता भरतलाल मुण्डा निवासी तकियापारा वार्ड 8 दुर्ग तह. व जिला दुर्ग से उक्त शासकीय पट्टे की भूमि को क्रय किए जाने पर स्वयं के नाम से पट्टा जारी किए जाने बाबत् आवेदन पत्र अनुविभागीय अधिकारी रा. दुर्ग के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है जो अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग के द्वारा छ.ग. शासन, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, मंत्रालय महानदी भवन अटल नगर के अधिसूचना दिनांक 26.09.2019 एवं अधिसूचना दिनांक 24.02.2022 के निर्देशों के अनुरुप जांच व प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 30.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202401100400097/अ-06अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रवण कुमार अग्रवाल पिता रामनारायण अग्रवाल निवासी दिगम्बर जैन मंदिर के पास बनियापारा तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम पिसेगांव प.ह.नं. 25 स्थित भूमि खसरा नं. 459 रकबा 1.03 हे. भूमि जो कि आवेदक के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि का रकबा बंदोबस्त त्रुटि होने से मौका कब्जा अनुसार 1.04 हे. दर्ज किए जाने का आदेश तहसीलदार दुर्ग ने दिनांक 24.03.2007 में दिया गया था तथा वर्ष 2007 में रकबा सुधार भी किया गया था किन्तु वर्तमान ऑनलाईन में उक्त भूमि का रकबा पुनः 1.03 हे. प्रदर्शित होने का लेख करते हुए रकबा सुधार कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेजों को संलग्न कर पेश किया जो जांच हेतु अ.वि.अ. दुर्ग के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.01.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दाावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
पाटन तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र/202308100900013 /अ/21/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम सोरम प.ह.नं. 31 तह पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक द्वारिका प्रसाद नेताम पिता बिसौहा निवासी ग्राम सोरम प.ह.न. 16 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थित अपने नाम पर दर्ज भूमि खसरा नं. 221 रकबा 0.02 हे. मे से 0.008 हे. बेलौदी-घुमा-सोरम-नवागांव मार्ग में प्रभावित होने से कार्यपालन अभियंता लोक निर्माण विभाग दुर्ग संभाग दुर्ग को विक्रय किए जाने अनुमति बाबत् आवेदन पत्र कलेक्टर महोद्य दुर्ग को प्रेषित आवेदन जांच हेतु प्राप्त आवेदन आधार पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक द्वारिकाप्रसाद नेताम पिता बिसौहा निवासी ग्राम सोरम तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा प्रस्तुत आवेदन आधार पर उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय कि कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो लिखित आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तिथि 23/01/2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दाावा/आपत्ति पर किसी प्रकार का विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 06.12.2023 को जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)**

आम-सूचना

मै अपने पक्षकार से प्राप्त अधिकार व निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार का सही व पूरा नाम धरनिकोटा संजय है परंतु मेरे पक्षकार के प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों में डी. संजय दर्ज है। जो कि संक्षिप्त नाम है। कि मेरा पक्षकार अपने संक्षिप्त नाम को सुधारकर अपना पूरा नाम धरनिकोटा संजय करना चाहता है। चूंकि मेरे पक्षकार का सही व पूरा नाम धरनिकोटा संजय है। अत: इस आम-सूचना के प्रकाशित होने के उपरांत मेरे पक्षकार को सही नाम धरनिकोटा संजय पिता श्री धरनिकोटा ईश्वर राव से लिखा पढ़ा व जाना जावेगा।

तदानुसार सो सूचना जाने।

अधिवक्ता- संजीव मिश्रा
जिला न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
मो. 8435051033

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-74/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दुलसिया बाई पिता/पति कलीराम निवासी ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 835/5 रकबा 0.002 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 31.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) भिलाई-3 जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. ऑन. — पक्षकार का नाम: 1. कर्री सरतचंद्र प्रसाद 2. कर्री सूर्यचंद्र कांत — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202311104300033

एतद् द्वारा सर्वआम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक 01 कर्री सरतचंद्र प्रसाद, 2 कर्री सूर्यचन्द्रकांत पिता प्रकाश राव साकिन 6/4/4 गवरा स्ट्रीट श्रीकाकुलम तह. व जिला श्रीकाकुलम (अ.प्र.) द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172/59 (2)(5) तहत् इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं,

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उमदा प.ह.न. 04 तह. भिलाई3जिला दुर्ग	942/10	0.0168 हें 1813 वर्ग.	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 28.12.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी भिलाई-03, जिला दुर्ग**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202309104600041 /अ-19(1)/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 29 मार्च 2023 एवं छ.ग. राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 31 मार्च 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ नगरेत्तर क्षेत्र में शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार अधिनियम 2023 के तहत् शासकीय पट्टे की कृषि भूमि पर भूमिस्वामी अधिकार प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में आवेदक सुखीराम यादव पिता खेदूराम निवासी खम्हरिया के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 781 रकबा 0.80 हे. जिसे राजस्व न्यायालय दुर्ग के रा.प्र.क्रं. .. आदेश दिनांक .. के द्वारा शासकीय पट्टेदार घोषित किया गया है, जिसका भूमिस्वामी अधिकार प्राप्त करने हेतु आवेदन कलेक्टर महोद्य के समक्ष पेश किया है, जो जांच एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202309104600034 /अ-19(1)/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 29 मार्च 2023 एवं छ.ग. राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 31 मार्च 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ नगरेत्तर क्षेत्र में शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार अधिनियम 2023 के तहत् शासकीय पट्टे की कृषि भूमि पर भूमिस्वामी अधिकार प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में आवेदक [illegible] भूखऊ [illegible] के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर [illegible]2 रकबा [illegible] हे. जिसे राजस्व न्यायालय दुर्ग के रा.प्र.क्रं. .. आदेश दिनांक .. के द्वारा शासकीय पट्टेदार घोषित किया गया है, जिसका भूमिस्वामी अधिकार प्राप्त करने हेतु आवेदन कलेक्टर महोद्य के समक्ष पेश किया है, जो जांच एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202309104600026 /अ-19(1)/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 29 मार्च 2023 एवं छ.ग. राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 31 मार्च 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ नगरेत्तर क्षेत्र में शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार अधिनियम 2023 के तहत् शासकीय पट्टे की कृषि भूमि पर भूमिस्वामी अधिकार प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में आवेदक ईतवारी पिता सावन निवासी खम्हरिया के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 876 रकबा 0.86 हे. जिसे राजस्व न्यायालय दुर्ग के रा.प्र.क्रं. .. आदेश दिनांक .. के द्वारा शासकीय पट्टेदार घोषित किया गया है, जिसका भूमिस्वामी अधिकार प्राप्त करने हेतु आवेदन कलेक्टर महोद्य के समक्ष पेश किया है, जो जांच एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग-1 तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202309104600038 /अ-19(1)/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग, मंत्रालय महानदी भवन नवा रायपुर अटल नगर द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 29 मार्च 2023 एवं छ.ग. राजपत्र (असाधारण) प्राधिकार से प्रकाशित दिनांक 31 मार्च 2023 के अनुसार छत्तीसगढ़ नगरेत्तर क्षेत्र में शासकीय पट्टे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार अधिनियम 2023 के तहत् शासकीय पट्टे की कृषि भूमि पर भूमिस्वामी अधिकार प्रदाय किए जाने का प्रावधान है। उक्त अधिसूचना के परिपालन में आवेदक बलदाऊ पिता पतिराम निवासी खम्हरिया के द्वारा ग्राम खम्हरिया प.ह.न. 54 तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 878 रकबा 0.80 हे. जिसे राजस्व न्यायालय दुर्ग के रा.प्र.क्रं. .. आदेश दिनांक .. के द्वारा शासकीय पट्टेदार घोषित किया गया है, जिसका भूमिस्वामी अधिकार प्राप्त करने हेतु आवेदन कलेक्टर महोद्य के समक्ष पेश किया है, जो जांच एवं अग्रिम कार्यवाही हेतु इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22.01.2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.12.2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अति. तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र. 202401101200012/अ-06अ/ वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुखसागर दास पिता स्व. मिलापदास निवासी ग्राम कुथरेल तह. व जिला दुर्ग मौजा ग्राम कुथरेल प.ह.नं. 34 रा.नि.मं. अण्डा तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 538/3 रकबा 0.3100 हे. जो कि शांतिबाई ध.प. स्व. दुर्गादास के नाम पर दर्ज है, भूमिस्वामी के द्वारा आवेदक के नाम वसीयत किया गया है। भूमिस्वामी की मृत्यु दिनांक 15.11.2021 को हो जाने के कारण आवेदक का नाम दर्ज करने आवेदन पेश किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 08.02.2024 अथवा प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित आपत्ति आवेदन पेश कर सकतें हैं। समयावधि समाप्त होने पर आपत्ति/दाावा पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.01.2024 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के पद मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यूज गैलरी

गिरवानी पहुंचा विकसित भारत संकल्प यात्रा

भटगाव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत गिरवानी में विकसित भारत संकल्प यात्रा का शिविर का आयोजन किया गया । जिसमें। स्कूली छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम अंतर्गत सुस्वागतम गीत और ''धरती कहे पुकार के'' में अपनी प्रस्तुति दी। ग्रामीणों ने विकसित भारत के लिए संकल्प लिया। शिविर में स्वास्थ्य विभाग से ग्रामीणों ने इलाज कराया तथा दवाई वितरण किया गया एवं विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाए गए जिसमें आयुष्मान कार्ड , बैंक,, कृषि विभाग, जल जीवन मिशन, ,प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व विभाग, बैंक सखी एवं प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना की प्रदर्शनी लगाई गई और लोगों को इसके बारे में जानकारी दी गई शासन की योजना का लाभ लोगों ने उठाया इस अवसर पर भाजपा के भटगांव मंडल के पदाधिकारी मनोहर सरदार, गुड्डा साहू,फुलचंद जायसवाल ,श्यामा साहू, शिवभारती ,विशाल चौहान ,गणेश यादव, पंकज दास, अनिल दास, ग्राम पंचायत गिरवानी सरपंच अनिल बर्मन ,पंचगण सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

रामसागरपारा स्कूल में वार्षिकोत्सव की रही धूम

भाटापारा/नवप्रदेश। शास. उच्च माध्य. विघालय रामसागरपारा में आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह के अतिथि शिवरतन शर्मा पूर्व विधायक भाटापारा , सुनीता गुप्ता नगरपालिका अध्यक्ष एवं रमेश यदु पूर्व मंडी उपाध्यक्ष ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत एवं नृत्य से की गई। इसके बाद छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यकम पेश किया गया। जो देशभक्ति एवं छ.ग. की लोककला संस्कृति पर आधारित थी।

इस दौरान वहां मौजूद अभिभावकों, शिक्षकों और छात्रों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद व्यास नारायण यदु, शाला विकास समिति अध्यक्ष नरेन्द्र यदु शाला के समस्त शिक्षक, अभिभावकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। समारोह के अंत में संस्था प्राचार्य श्रीमती लक्ष्मी यदु द्वारा कार्यकम को सफल बनाने के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

शीतला मंदिर सिहावा में चला स्वच्छता अभियान

नगरी/नवप्रदेश। अयोध्या में श्री राम जन्मभूमि की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे भारत में 14 से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलने का आह्वान पीएम ने किया। इसके तहत शीतला मंदिर सिहावा के प्रांगण पर भाजपा मंडल नगरी के कार्यकर्ताओं ने परिसर की साफ सफाई की। कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष मोहन नाहटा, विधानसभा मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू, प्रवीण गुप्ता, बुधेश्वर साहू, बल्लू नरेंद्र सेन, बूथ अध्यक्ष लोकेश्वर पटेल, विनोद साहू, नंदकिशोर सोम, रामलाल नेताम, सुनील यादव एवं अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता : टंकराम वर्मा

■ अवैध कॉलोनी और प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर लगाने के निर्देश

बलौदाबाजार - भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा ने मंगलवार 16 जनवरी को संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार भाटापारा में जिले के विभिन्न विभागों की कामकाज की पहली विस्तृत समीक्षा की हैं। इस दौरान नगर पालिका परिषद अध्यक्ष चित्तावर जायसवाल,विजय केसरवानी,कलेक्टर चंदन कुमार,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक झा,डीएफओ मयंक अग्रवाल उपस्थित थे।

श्री वर्मा ने बैठक सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर मकर सक्रांति की शुभकामनाएं दीं। साढ़े 3 घंटे चली इस बैठक में उन्होंने जिले में चल रहे अवैध कॉलोनी निर्माण एवं उसके प्लाटिंग की रजिस्ट्री पर तत्काल रोक लगाने के निर्देश कलेक्टर को दिए हैं। राजस्व के लंबित सभी प्रकरणों को निर्धारित समय सीमा में निराकृत करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। समय सीमा में निराकृत नही करने वाले अधिकारियों कर्मचारियों पर नियमानुसार कार्रवाई संस्थित की जाएगी। उन्होंने कहा की आज व्यक्ति सबसे ज्यादा परेशान राजस्व विभाग से ही है। आमजनों के छोटे छोटे समस्याओं का हल

नहीं होता है। उन्होंने कलेक्टर को राजस्व निरीक्षक स्तर में शिविर लगाने कहा है।

श्री वर्मा ने कहा जिले में स्वास्थ्य,शिक्षा एवं पेयजल पर हो बेहतर कार्य मेरी पहली प्राथमिकता है। जिले के स्वास्थ्य व्यवस्थाओं से नाखुश हुए उन्होंने जिला हॉस्पिटल को रिफर सेंटर भी कह दिया। सबसे ज्यादा शिकायत जिला हॉस्पिटल की मिलती है। डॉक्टर किसी भी मरीज को स्थानीय प्राइवेट हॉस्पिटल में रिफर कर देते हैं और बहुत से जिला हॉस्पिटल के डॉक्टर ही निजी हॉस्पिटल उसी मरीज का इलाज करते है। इस तरह अब नही चलनी चाहिए आगे व्यवस्था दुरुस्त हो इसके लिए सीएचएमओ एवं सिविल सर्जन को सख्त निर्देश दिए हैं। श्री वर्मा ने आगे कहा की जिले में जल जीवन मिशन की स्थिती अच्छी नही है इस पर अधिक कार्य करने के निर्देश दिए है। उन्होंने सुहेला हथबंध क्षेत्र के दूरस्थ गांव तिल्दाबांधा जैसे गावों में पेयजल की व्यवस्था कैसे सुदृढ़ हो इस पर कार्य करने कहा है। उन्होने दो टूक कहा की जिले में किसी भी अपराधी को राजनैतिक संरक्षण नही मिलेगी। गांव गांव जो अवैध शराब बिक्री एवं जुआ सट्टा का केंद्र बन रहा है उस पर पुलिस प्रशासन तत्काल रोक लगाएं। अवैध शराब बिक्री,सट्टा एवं नशाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश एसपी को दिए है। जिले में शांत वातावरण का हो निर्माण होना चाहिए सरकार में जो परिवर्तन हुआ है वह नीचे भी दिखाई एवं महसूस होनी चाहिए। उन्होने पुलिस से कहा की हमारा जिला औद्योगिक जिला सभी तरफ सीमेंट कारखाने एवं खदान स्थित है तो स्वाभाविक है की बड़ी गाड़ियां चलती है। लोगो को सड़क दुर्घटना से बचाने के लिए हेलमेट पहनने के लिए आप लोगो को प्रेरित कराएं इस पर जोर जबरदस्ती नही बल्कि सकारात्मक पहल होनी चहिए। श्री वर्मा ने ग्राम पंचायत पनगांव में आयोजित सरपंच सचिव की प्रशिक्षण शिविर की जानकारी जनप्रतिनिधियों को नही देने पर भी नाराजगी व्यक्त करते हुए भविष्य में इस तरह की गलती नही दुहराने की बात कही।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष का कार्यकर्ताओं ने मनाया जन्मदिन

■ जगह-जगह कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया जन्मदिन

भाटापारा/नवप्रदेश। क्या अमीर क्या गरीब शिवरतन शर्मा सबके करीब यह दृश्य आज प्रत्यक्ष तौर पर शिवरतन शर्मा के जन्मदिवस पर देखने को मिला। सुबह से ही उनके निवास पर उन्हें बधाई देने के लिए उनके चाहने वाले समाज के सभी वर्गों के शुभचिंतकों, समर्थकों और कार्यकर्ताओं,अधिकारी कर्मचारियों का तांता लगा रहा। प्रदेश भर से पहुंचे लोगों ने उनसे प्रत्यक्ष रूप से भेंट कर जन्मदिवस की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की।

अपने नेता के जन्मदिन को यादगार बनाने भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोई कसर नहीं छोड़ी..सुबह 11 बजे निवास से निकलकर बीजेपी कार्यालय पहुंचने पर महिला मोर्चा द्वारा उन्हें तिलक लगा कर अभिनंदन कर शुभकामनाएं दी। ढोल नगाड़े और आतिशबाजी के साथ उनके दीर्घायु होने की कामना की। श्री शर्मा ने समर्थको के साथ कार्यालय सहित विभिन्न स्थानों पर केक काटकर अपना जन्मदिन मनाया। जनपद पंचायत कार्यालय में सचिव संघ, सरपंच संघ, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष व जनपद पंचायत सीओ द्वारा आयोजित कार्यक्रम मं शुभकामनाएं दी।

आभार व्यक्त करते हुए उपाध्यक्ष भाजपा शिवरतन शर्मा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कविताओं का उल्लेख किया।

हार नहीं मानूंगा, रार नहीं ठानूंगा-काल के कपाल पर लिखता मिटाता हू,,,गीत नया गाता हूं। 2023 के विधानसभा चुनाव में जो परिणाम आया उसे सहर्ष स्वीकार करने में संकोच नहीं,वे क्षेत्र की जनता को आश्वस्त करते हैं कि क्षेत्र के विकास के लिये वे सदैव तत्पर रहेंगे। रामसप्ताह चौक,नेहरू वार्ड हनुमान मंदिर स्वागत व बस स्टैण्ड चौक के पास बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष को फलों से तौला गया। तरेंगा सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में भाजयुमो जिलाउपाध्यक्ष द्वारा आयोजित कार्यक्रम, नांदघाट माँ सर्वेश्वरी ऑटो मोबाईल द्वारा आयोजित कार्यक्रम के बाद सिमगा के लिये रवाना हुये । देर शाम भाजयुमो जिलाध्यक्ष सुनील यदु ने श्याम हॉटल चौक, महाकाल मंदिर चौक,नयापारा वार्ड कार्यकर्ताओं ने हनुमान मन्दिर चौक पर जन्मदिवस मनाया। वहीं उनके जन्मदिन पर सिमगा में कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया।

जिला स्तरीय युवा महोत्सव कल

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में युवा सप्ताह के अवसर पर 18 जनवरी को जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. उक्त आयोजन सुबह 10ः00 बजे से अंबेडकर भवन सिविल लाइन बलौदाबाजार में किए जाएंगे। जिसमें राम चौपाइयां कवि सम्मेलन नारायणपुर से स्वामी जी का व्याख्यान संत राम बालक दास महा त्यागी जी का व्याख्यान लोक नृत्य लोकगीत युवा श्री सम्मान का आयोजन रखा गया है। उक्त आयोजन के मुख्य अतिथि टंक राम वर्मा मंत्री राजस्व आपदा खेल एवं कल्याण विभाग होंगे।

समाज प्रमुखों और अधिकारियों की ली बैठक

धमतरी/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत कमार जनजाति बाहुल्य विकासखण्ड नगरी के स्वामी आत्मानन्द शासकीय इंग्लिश मीडियम स्कूल नगरी में जनमन कार्यक्रम में विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के हितग्राहियों को लाभान्वित किया। वहीं देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संबोधित किया । कार्यक्रम के बाद कलेक्टर सुश्री नम्रता गमधी ने विशेष पिछड़ी जनजाति के समाज प्रमुखों और अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। सभी विभाग के कर्मचारियों के साथ समाज प्रमुखों की बैठक हुई। कलेक्टर सुश्री नम्रता गमधी ने कमार समाज के मुख्य धारा में जोड़ना हमारा मुख्य उद्देश्य है।

न्यायालय तहसीलदार रायपुर
मामले की श्रेणी: राजस्व
संदर्भ- जिला रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00041 दलदलसिवनी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440723800023

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00041 के अंतर्गत ग्राम दलदलसिवनी के वर्तमान भूमिस्वामी राजबहादूर टीय एम. प्रधान पिता/पति- पता-पारसनगर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 619/4 (0.0220) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता हिमांशु श्रेष्ठ प्रधान पिता/पति-स्व. राज बहादुर प्रधान पता-दलदलसिवनी रायपुर छ.ग., उषा प्रधान पिता/पति-स्व. राज बहादुर प्रधान पता, उपेन्द्र श्रेष्ठ प्रधान पिता/पति-स्व. राज बहादुर प्रधान पता, सुषमा श्रेष्ठ पिता/पति-स्व. राज बहादुर प्रधान पता- के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण /अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 31/01/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील
तहसीलदार
तहसील रायपुर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला- रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.न.-00064 तेलीबांधा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्र. आरडी202324440725100058

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00064 के अंत श्री रामेश्वर दास पिता/पति-स्व कोंदाराम पता-राजातालाब के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 326/27(0.0140) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता मोंगरा मानिकपुरी पिता/पति-स्व. रामेश्वर दास पता-अवंती विहार, मेन रोड, कविता नगर, रायपुर छ.ग. श्याम दास मानिकपुरी पिता/पति-स्व. रामेश्वर दास पता-अवंती विहार, मेन रोड, कविता नगर, रायपुर छ.ग. कमल दास, देव दास मानिकपुरी पिता/पति-स्व. रामेश्वर दास पता-अवंती विहार, मेन रोड, कविता नगर, रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 05/02/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 13/01/2024 को जारी किया जाता है।

सील
अतिरिक्त तहसीलदार
तहसील रायपुर

छत्तीसगढ़ सिख संगठन ने किया अरुण छाबड़ा को सम्मानित

भाटापारा/ नवप्रदेश। लोहड़ी के अवसर पर छत्तीसगढ़ सिख संगठन के द्वारा राजधानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि राज्य खाद्य आयोग छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा शामिल हुए। लोहड़ी सगना दी नाम इस भव्य आयोजन में नगर के समाजसेत्री अरुण छाबड़ा (बंटी) को समाजसेवी, खेलों, सामाजिक सांस्कृतिक कार्यक्रमों में विशेष सहभागिता के लिए अरुण छाबड़ा को स्मृति चिन्ह् देकर सम्मानित किया गया। उनके उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख कर सिख समाज ने उनके योगदान को उल्लेखनीय बताया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

लोहड़ी के अवसर पर सम्मानित किए जाने पर नितिन भंसाली, अनिल जोंतसिंधानीं हरपाल सिंह भांमरा दलजीत सिंह चावला लवली अरोरा, मोनू सलूजा रुपेश मिश्रा राजकुमार मल देवेन्द्र भृगु आलोक मोदी , अजयकांत शुक्ला कैलाश बालानी ,तंजीव अरोरा ,अनिल जयसवाल ,सुनील दुबे ,इकबाल अहमद ,दिनेश सोनी ,त्रिलोक सिंह सलुजा ,देवेन्द्र सचदेव, कन्हैया सेठी , राजा टूटेजा ,, बलजीत सिंह भल्ला, गुरजीत सिंह टोनी ,मंजीत छाबड़ा ,सुशील छाबड़ा, लक्की छाबड़ा ,पुर्वांशं छाबड़ा, गुलशन वर्मा सुरज शर्मा , विक्की सलूजा , नरिन्दर सिंह बाली , हरमिन्दर सिंह चावला ,रघबीर मक्कड़ , इन्द्रजीत सिंह राणा गुलशन सचदेव , स.भागसिंह सलुजा, स महेन्दर सिंह सलूजा , हरभगवान छाबड़ा ,स. भगत सिंह छाबड़ा ने शुभकामनाएं दी है।

योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों और वंचितों तक पहुंचाएं : कलेक्टर

बेमेतरा/नवप्रदेश। कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट में समय सीमा की बैठक हुई। बैठक में सभी जिलाधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि भारत सरकार की जनकल्याणकारी योजना का लाभ पात्र हितग्राही को मिले इसके लिए पिछले महीने से शुरू विकसित भारत संकल्प यात्रा जारी है। जिसे भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही है। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों खासतौर पर वंचित लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाने हेतु प्रारंभ ''विकसित भारत संकल्प यात्रा'' (हमारा संकल्प विकसित भारत) जिले में 16 दिसंबर 2023 से शुरू हुई जो 26 जनवरी तक चलेगी। पहले जिले के प्रतिदिन 2-2 ग्राम पंचायतों में दो आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वेन के जरिए कार्यक्रम किए जा रहे थे। किंतु अब 12 और आईईसी (सूचना, शिक्षा और संचार) वेन आ गयी है। वेन की संख्या बढ़कर 14 हो गयी हैं। ये वेन जिले के चारो ब्लॉक में आवंटित कर दी गयी है, जो सभी ग्राम पंचायतों में पहुँचेगी। यात्रा में रूट-चार्ट अनुसार आईईईसी वेन द्वारा फिल्म का प्रदर्शन कर कार्यक्रम आयोजित किए जाएँगे। समस्त विभागों के विकास मूलक कार्यों का यात्रा के माध्यम से प्रदर्शन किया जाएगा। इसके लिए जिला स्तरीय समिति का गठन भी किया गया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अध्ययन कर लें। योजनाओं से पात्र हितग्राही को लाभान्वित किया जाये। कलेक्टर ने कहा कि धार्मिक नगरी अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। पूरे छत्तीसगढ़ सहित बेमेतरा जिले में भव्य एवं वृहद रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर किया जाएगा।

बिरगुड़ी हाई स्कूल में मनाया वार्षिकोत्सव

नगरी/नवप्रदेश। बिरगुड़ी हाई स्कूल के वार्षिकोत्सव एवम बाल मेला के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सिहावा विधायक अंबिका मरकाम थी। इस वर्ष भी खेल कूद सांस्कृतिक कार्यक्रम और छात्रों के लिए विभिन्न स्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। अध्यक्षता अनिता मरकाम सरपंच, विशेष अतिथि मो अय्यूब खान अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति अकबर कश्यप भाजपा मंडल अध्यक्ष बेलर गांव राजेश कश्यप उपसरपंच बिरगुड़ी आदि शामिल हुए। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि प्रकाश गोलछा थे। अध्यक्षता बिसरी बाई जनपद सदस्य रामकुमार सरोज ग्राम समिति अध्यक्ष प्रिंसिपल वैष्णव सर आदि थे।

संस्था के प्रिंसिपल वैष्णव ने शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों एवम सदस्यों से कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

''एनएमडीसी - बालिका शिक्षा सहयोग योजना'' 2023-24
छात्राओं हेतु छात्रवृत्ति आवेदन पत्र

फोटो प्राचार्य द्वारा सत्यापित एवं मुहर

1. आधार नं. (अनिवार्य) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
2. जन्म तिथि (अनिवार्य) ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐
3. छात्रा का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....
4. पिता का नाम (अंग्रेजी के कैपिटल लेटर में) ....
5. अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, सामान्य वर्ग को BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है। वर्ग अ. जाति ☐ अ.जनजाति ☐ अ.पि. वर्ग ☐ सामान्य ☐ (✓) का निशान लगावें।
6. परिवार की कुल वार्षिक आय :----------------------------------
7. फोन/मोबाइल नं. (अनिवार्य) :------------------------------
8. पत्राचार का पता : ग्राम/नगर :---------------------- पोस्ट आफिस ----------------
ब्लाक ----------------- तहसील ----------------------------- जिला ------------ पिन -------
9. अध्ययनरत विद्यालय का नाम :-- पोस्ट आफिस -------------
ब्लाक ---------------- तहसील ---------------- जिला ---------------- पिन ----------------
10. वर्ष 2023 में उत्तीर्ण परीक्षा का नाम :- ---------- प्राप्तांकों का प्रतिशत --------------
11. कृपया अपने बैंक के बचत खाते का विवरण दीजिए :-
(i) बैंक का नाम :---------------- शाखा का नाम तथा स्थान -------------------------
(ii) बचत खाता नम्बर :---------------------- शाखा का IFSC कोड --------------------------

दिनांक ------------- छात्रा का हस्ताक्षर -------------------
स्थान -------------- छात्रा का नाम ---------------------

वर्तमान में अध्ययनरत शिक्षा संस्थान द्वारा सत्यापन

यह प्रमाणित किया जाता है कि ------------------ (छात्रा का नाम) श्री/श्रीमती ---------------------------- (अभिभावक का नाम) ------------------------------ (स्कूल/कालेज/शिक्षा संस्थान का नाम) कक्षा -------- में शैक्षणिक वर्ष 2023-24 के दौरान नियमित विद्यार्थी के रूप में अध्ययनरत हैं। आवेदक द्वारा आवेदन में भरी गई उपरोक्त जानकारी सही है।

दिनांक :-----------------------------
पता :------------------------------- हस्ताक्षर प्राचार्य
------------------------------- नाम :-----------------------
टेलीफोन/मोबा.नं. (प्राचार्य/संस्थान -------------------------- शिक्षण संस्थान की सील
विद्यालय संस्थान का ई-मेल -----------------------------

संलग्नों की चेक लिस्ट(✓का निशान लगाएं (1) आधार कार्ड की कापी ☐ (2) तहसीलदार या उच्चाधिकारी द्वारा जारी जाति (अनु. जाति, अनु. जनजाति, अ.पि.व. हेतु) मूल निवास (सभी वर्ग हेतु) एवं आय प्रमाण पत्र (अ.पि.व. एवं सामान्य वर्ग हेतु) की अभिप्रमाणित छायाप्रतियां ☐ (3) पिछली उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की अभिप्रमाणित फोटो कापी ☐ (4) बैंक द्वारा जारी नवीनतम IFSC के साथ पासबुक के प्रथम पृष्ठ की स्पष्ट फोटोकापी जिस पर आपका फोटो तथा खाता नम्बर अंकित है ☐ (5) प्राचार्य/संस्था प्रधान द्वारा अभिप्रमाणित आवेदन नन (6) BPL राशन कार्ड ☐ कार्ड नं. ☐

आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि 20.02.2024

छात्रवृत्ति हेतु पात्रता व शर्तें :-

1. यह योजना केवल बालिकाओं के लिए हैं।
2. छात्रा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग की हो, एवं सभी वर्ग BPL कार्ड संलग्न करना अनिवार्य है।
3. आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
4. छात्रा, बस्तर संभाग का मूल निवासी होना चाहिए।
5. पिछड़ा, सामान्य वर्ग की छात्रा हेतु पारिवारिक आय रु. 72,000/- वार्षिक से अधिक न हो। प्रमाण पत्र 01.01.2023 के बाद का निर्गत होना चाहिए।)
6. छात्रा अनिवार्यतः पिछली कक्षा में उत्तीर्ण होना चाहिए (यदि विद्यार्थी किन्ही कारणों से किसी वर्ष पढ़ाई में गेम किया हो तो उसे अनिवार्य रूप से गैर न्यायिक (Non-Judicial) स्टैंप पेपर पर गेप प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा।
7. आवेदन पत्र के साथ सक्षम प्राधिकार द्वारा प्रदत्त निवासी, जाति तथा आय प्रमाण पत्र एवं उत्तीर्ण परीक्षा की मार्कशीट की फोटेकापी संलग्न करना अनिवार्य है।
8. विद्यार्थी अपने बैंक से प्राप्त पासबुक अद्यतनीकृत खाता क्रमांक एवं IFSC कोट के साथ प्रथम पृष्ठ छायाप्रति संलग्न करें।

नोट :- पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र डाक द्वारा केवल अपने विद्यालय/संस्थान के माध्यम से हमारे कार्यालय प्रबंधक (ने.सा.दा.) बी.आई.ओ.एम. किरन्दुल काम्प्लेक्स, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा छ.ग.494556 में दिनांक 20/02/2024 तक अवश्य पहुंच जाना चाहिए। आवेदन पत्र के ऊपर **''NMDC बालिका शिक्षा सहयोग योजना 2023-24 हेतु आवेदन पत्र''** अवश्य लिखें।

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विशेष विवाह अधिकारी, जिला बालोद (छ.ग.)
फार्म - अ
सार्वजनिक सूचना
(नियम-6 देखिये)

सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र यादव आ. श्री मधु यादव, जाति राउत, उम्र 26 वर्ष, निवासी शिकारीपारा, वार्ड नं. 15 बालोद, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) एवं आवेदिका पुष्पा पिता श्री प्रकाश, जाति महार, आयु 18 वर्ष, निवासी शिकारीपारा, वार्ड नं. 18 बालोद, तह. व जिला बालोद (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम, 1954 धारा 05 के अधीन अपने विवाह के लिए आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया है।

प्रस्तावित विवाह के विरुद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 29/01/2024 के पूर्व अधोहस्ताक्षरी के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं होगी तथा वह शून्य माना जावेगा।

आज दिनांक 28/12/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी। अगामी तिथि - 29/1/2024

सील
अपर कलेक्टर
एवं विशेष विवाह अधिकारी
जिला बालोद (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर, (जोन क्र.-4)
प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8552 दिनांक 16.01.2024
वार्ड का नाम 64 - विपिन बिहारी सूर

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 64 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR656F0086A जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GOKUL RAM DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. BAHORAN DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती योगेश देवांगन पिता/पति श्री/श्रीमती पीताम्बर देवांगन ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**शपथ पत्र, टैक्स रसीद, मलमा बिक्रीनामा, परिचय पत्र व अन्य दस्तावेज**/ वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8485 दिनांक 15.1.2024
वार्ड का नाम - 20 - रामकृष्ण परमहंस वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802E00269 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ROMI KUMAR KEDIA पिता/पति श्री/श्रीमती RATAN KUMAR KEDIA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती Asha Rani Chaturvedi पिता/पति श्री/श्रीमती Dr. Ashwani Kumar Chaturvedi ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-8)
मोहबा बाजार रायपुर
Email ID- rmczone8@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 8458 दिनांक 15.01.2024
वाई का नाम - 20 - रामकृष्ण परमहंस वाई

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 20 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई.डी. RPR802000611 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती Jagannath Yadav पिता/ पति श्री/श्रीमती Kanhaiya Lal Yadav के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती 1. Ummille Yadav W/O Lt. Jagannath Yadav 2. Manish Kumar Yadav And Arti Yadav Both Father -Lt. Jegannath Yadav 2. Urmila Yadev W/O Lt. Jagannath Yadav 2. Manish Kumar Yadav And Artl Yadav Both Father-Lt. Jagannath Yadav पिता/पति श्री/श्रीमती ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री फ्लेंखि के अनुसार/**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/ प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा ।

सूचना जारी करे
श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (8)
नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पिथौरा, जिला महासमुंद (छ.ग.)
रा.मा.क्र. ग्राम प.ह.नं.
रा.नि.मं. सांकरा/पिथौरा तह. पिथौरा
जिला महासमुंद (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा साधारण ग्राम पिथौरा के आम नागरिक को सूचित किया जाता है कि आवेदक ललित ध्रुव पिता उदय ध्रुव जाति गोंड साकिन पिथौरा प.ह.नं. 12 रा.नि.मं. पिथौरा तहसील पिथौरा जन्म/मृत्यु होने से जन्म/मृत्यु पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी सज्जन या संस्था को कोई उजर/दावा/ आपत्ति हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 07 दिवस को मेरे समक्ष उपस्थित होकर उजर/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त उजर/दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 12/01/2024 को मेरे न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया।

सील
तहसीलदार
पिथौरा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक-चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

न्यूज गैलरी

अछोटा पुल मरम्मत का काम शुरु

धमतरी/नवप्रदेश। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर अछोटा पुल मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है। महानदी पर धमतरी-नगरी मार्ग के राज्यमार्ग क्रमांक 23 में बना पुल, जो कि उड़ीसा एवं छत्तीसगढ़ राज्य के कांकेर, गरियाबंद जिला को जोड़ती है। कलेक्टर सुश्री गांधी के निर्देशानुसार उक्त पुल पर लोक निर्माण विभाग (भा./सं) और लोक निर्माण विभाग(सेतु) द्वारा संयुक्त रूप से पुल का आज से बी.टी. मरम्मत का कार्य प्रारंभ कर दिया गया है।

कमार महिला-पुरुष को मिला आयुष्मान कार्ड

बलौदाबाजार-भाटापारा/नवप्रदेश। भारत सरकार द्वारा देश के गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत हो गई है। इस योजना से गरीब वर्ग के लोगों को अब स्वास्थ्य खराब होने पर ईलाज की चिंता नहीं रही है। इस योजना का लाभ देश के करोड़ों लोग ले रहे और स्वस्थ्य हो रहे हैं। यह योजना गरीबों के लिए वरदान साबित हो रही है। ऐसे ही जिले के कसडोल विकासखंड अंतर्गत ग्राम बल्दाकछार में निवासरत विशेष पिछड़ी जनजाति के श्रीमती रसबाई कमार एवं श्री चमरू कमार को प्रधानमंत्री जनमन कार्यक्रम अंतर्गत आयुष्मान कार्ड प्रदान किया गया। आयुष्मान कार्ड मिलने पर श्रीमती रसबाई कमार ने कहा कि अब वो निश्चिंत हैं । किसी भी प्रकार के इलाज के लिए चिंतित नहीं होना पड़ेगा। हमारा परिवार बेहद ही गरीब है। हमारे पास उतने पैसे नहीं होते है कि घर में किसी सदस्य का तबियत खराब होने पर उनका इलाज करा सकें। अब आयुष्मान कार्ड बनने से 5 लाख रूपये तक निःशुल्क इलाज हमें भी प्राप्त होगी। यह हमारे लिए किसी सपने से कम नहीं है। श्रीमती रसबाई कमार ने आयुष्मान कार्ड मिलते ही उन्होनें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया। इसी तरह चमरू कमार ने भी आयुष्मान कार्ड मिलने पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया।

कलेक्टर ने जनचौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

गरियाबंद /नवप्रदेश। जनचौपाल में कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल ने जिले के दूर दराज से आये नागरिकों, ग्रामीणजनों की मांग, समस्याओं

एवं शिकायतों को सुनकर आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश विभागीय अधिकारियों को दिये। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने जनचौपाल में आये ग्रामीणजनों से उनके आवेदन प्राप्त कर उनके नियमानुसार निराकरण करने के बारे में उन्हें अवगत कराया। आज के जनचौपाल में 87 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान नागरिकों समस्याओं, मांगों एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये।

जनचौपाल में गरियाबंद गोवर्धनपारा के समस्त वार्डवासियों ने विद्युत केबल परिवर्तन एवं नया खम्भा लगाने, ग्राम तांवरबाहरा के रामभरोसा साहू ने मनरेगा अंतर्गत किये गए कार्य की राशि दिलाने, ग्राम छुईहा-जमाही के लोगों ने पीएम आवास अनुपूरक सूची में नाम जोड़वाने, ग्राम अतरमरा के लोगों ने पशुशेड की राशि दिलाने, ग्राम रोहिना की कामिन बाई ने मनरेगा अंतर्गत किये गए कार्य की राशि दिलाने, ग्राम नवाडीह की डोमेश्वरी ठाकुर ने वन अधिकार पत्र में नाम सुधारने, ग्राम डुमरबहाल की द्वादशी बाई ने बैंक खाता को पुनः चालू करने, ग्राम बिन्द्रानवागढ़ के रामअधार सिंह ठाकुर ने मुआवजा राशि दिलाने, ग्राम परसदाजोशी की महिला स्वसहायता समूह ने प्राथमिक शाला में मध्यान्ह भोजन संचालन करने, ग्राम गुजरा के बाबुलाल ने ओलावृष्टि से रबी फसल नुकसान की आर्थिक सहायता राशि प्रदान, ग्राम कपसीडीह के ग्रामवासी ने शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटाने जैसे संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को पात्रता अनुसार लाभान्वित करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ सहित जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

गुरू गोविंद सिंह की जयंती पर निकली शोभायात्रा

शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में मानव मंदिर चौक पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया

राजनांदगांव। धर्म और सिद्धांत के लिए प्रतिबद्ध, संत सिपाही खालसा पंथ के सृजनहार सिख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह के आगमन की 357वीं वर्षगांठ पर सिख समाज द्वारा 15 जनवरी को पंच प्यारों की अगुवाई में गुरू ग्रंथ साहिब जी की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा पटाखे फोड़कर, फुलमालाओं शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया।

गुरुद्वारा परिसर से निकली शोभायात्रा में सिख बैंड-बाजे पुष्प वर्षा करती तोप गाड़ी, अखाडों के करतब दिखाते तथा समाज के युवाओं द्वारा नगर कीर्तन आकर्षक का केन्द्र रहा। शोभायात्रा के लिए विशाल वाहन को विशेष रूप से फुल-मालाओं तथा गुरूबाणी उपदेशों से सुज्जित रहा। शोभायात्रा मानव मंदिर चौक पहुंचने पर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में शहर कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने फुलमालाओं से आत्मीय स्वागत कर चरणवंदन किए।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि धर्म और सिद्धांत के प्रति प्रतिबद्ध खालसा पंथ के सृजनहार सिंख समाज के दसवें गुरू गोविंद सिंह के आगमन पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमे शहर कांग्रेस व वार्ड 25 के युवा साथियों की टीम द्वारा स्वागत किया गया। गुरू गोविंद सिंह धरती पर एक ऐसा सितारा उतरा था जिनके धर्म और सिद्धांत एवं उनके संदेश मानव समाज के लिए मार्गदर्शक है।

शोभायात्रा के स्वागत के अवसर पर प्रमुख रूप से महापौर हेमा देशमुख, वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष शारदा तिवारी, विकास त्रिपाठी, महामंत्री महेन्द्र शर्मा, झम्मन देवांगन, नासिर जिंदरान, अमित चंद्रवंशी, दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, मोहनी सिन्हा, प्रज्ञा गुप्ता, बबलू कसार, मनीष गौतम, गुरभेज माखिजा, अतुल शर्मा, नारायण सोनी, मामराज अग्रवाल, पार्षद मनीष साहू, महेश साहू, अजय छेदैया, पूर्णिमा नागदेवे, सुरेन्द्र देवांगन, विष्णु सिन्हा, शैलेष रामटेके, संदीप जायसवाल, फरमान अली, शाबिर जिंदरान, मनीष अग्रवाल, राहुल देवांगन, रूपेश साहू, भरत सोनी, गेमू कुंजाम, सुनीता सिन्हा, संजय, राहुल केमे सहित शोभायात्रा में सिख समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं, युवा व बच्चे बड़ी संख्या में शामिल रहे।

सहायक शिक्षक पद पर भर्ती शिक्षकों को मिले तृतीय वर्ग: फेडरेशन

राजनांदगांव/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ प्रदेश शिक्षक फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल को शिक्षा के गुणवत्ता एवं शिक्षकों के सेवाकालीन मुद्दों पर ज्ञापन सौंपा है। इस अवसर पर बृजमोहन अग्रवाल ने रायपुर, राजनांदगांव एवं दुर्ग जिला फेडरेशन के वार्षिक कैलेंडर का विमोचन किया। फेडरेशन के प्रांताध्यक्ष राजेश चटर्जी, प्रांतीय प्रमुख महामंत्री सतीश ब्यौहरे, जिला संरक्षक मुकुल साव, जिला अध्यक्ष पीआर झाड़े, पीएल साहू, जितेंद्र बघेल और रानी ऐश्वर्य सिंह आदि ने बताया कि शिक्षामंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने ज्ञापन के मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुनकर समाधान का आश्वासन दिया है।

कमला कॉलेज में राष्ट्रीय गणित दिवस पर हुई स्पर्धाएं

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव के गणित विभाग में सोमवार 15 जनवरी सुबह 9.45 से 11 बजे तक मैथेमैटिकल क्विज का आयोजन किया गया।

इसके बाद 11 बजे से इमर्जिंग ट्रेंड्स इन मैथेमैटिक्स राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन छग विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के सहयोग से किया गया। राष्ट्रीय कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. आरपी शर्मा निदेशक राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, अरुणाचल प्रदेश ने मैथेमैटिकल क्विज में भागीदारी करने वाले महाविद्यालयीन तथा विद्यालयीन छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें दी तथा महाविद्यालय को ऐसे आयोजन के लिए सराहा। विशेष अतिथि प्रो. जीपी सिंह, जवाहरलाल नेहरू विश्व विद्यालय, नई दिल्ली ने डॉ. रामानुजन का जीवन परिचय तथा मैजिक स्कॉयर तथा पैट्रिनेट पर विस्तार से जानकारी दी। विशेष अतिथि डॉ. केएल टांडेकर, प्राचार्य शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय, राजनांदगांव ने गणित के व्यापक उपयोग को रेखांकित किया। विशेष अतिथि डॉ. सुमन सिंह बघेल, प्राचार्य शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव ने दैनिक जीवन में गणित के उपयोग के बारे में बताया।

पहल : ई-बीट व्हाट्सएप से जनता सीधे पुलिस से जुड़ेगी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में राजनांदगांव पुलिस द्वारा नव वर्ष 2024 में ई-बीट व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से लोगों को जोड़ने के लिए एक अभिनव पहल की गई। बीट प्रणाली पुलिस के काम करने की पुरानी पद्धति है जिसे वर्तमान परिस्थिति के अनुसार और लाभदायक बनाने हेतु पुलिस कप्तान द्वारा इलेक्ट्रानिक बीट सिस्टम जिसमें ई-बीट व्हाट्सएप ग्रुप सभी थानों में प्रारंभ किया गया है। प्रत्येक थाना-चौकी में बीट प्रणाली लागू है जिसमें प्रत्येक थाना क्षेत्र के वार्ड-ग्राम की सूचना संकलन, गुंडा बदमाश पर निगरानी रखने एवं सामाजिक व धार्मिक गतिविधियों तथा महामारी आदि की जानकारी हेतु थाना स्टाफ को नामजद नियुक्त किया जाता है, जो वार्ड-ध्ग्रामों में भ्रमण कर सूचना संकलन करते हैं और जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों तक पहुंचाते है।

खेलो इंडिया महिला फुटबाल स्पर्धा में गरिमा का चयन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 19 से 31 जनवरी तक चेन्नई में आयोजित 6वीं खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2023-24 की राष्ट्रीय महिला फुटबॉल स्पर्धा में, शहर की महिला फुटबॉल खिलाड़ी गरिमा श्रीवास का चयन छत्तीसगढ़ महिला फुटबॉल की टीम में हुआ है। ुनका चयन छत्तीसगढ़ के भिलाई में बीते वर्ष आयोजित प्रथम राज्य स्तरीय महिला खेलो इंडिया फुटबॉल प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट खेल कौशल के आधार पर हुआ है। गरिमा इससे पहले भी सितंबर 2023 में

ओडिशा के भुनेश्वर में आयोजित अंडर-17 राष्ट्रीय ओपन फुटबॉल में छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व कर चुकी है। एक के बाद एक कई राष्ट्रीय फुटबॉल प्रतियोगिताओं में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के कारण ही चयन समिति नें उनका चयन महिला राष्ट्रीय खेलो इंडिया स्पर्धा के लिये किया है। गरिमा खेलो इंडिया की महिला राष्ट्रीय स्पर्धा में छत्तीसगढ़ कर प्रतिनिधित्व करने वाली राजनांदगाँव जिले से चयनित एकमात्र महिला फुटबॉल खिलाड़ी है।

भागवत कथा श्रवण से होता है जीवों का कल्याण : पाठक

नवागढ/नवप्रदेश। श्रीमद् भागवत कथा में लिखें मंत्र और श्लोक केवल भगवान की आराधना और उनके चरित्र का वर्णन ही नहीं है, श्रीमद्भागवत की कथा में वह सारे तत्व हैं जिनके माध्यम से जीव अपना तो कल्याण कर ही सकता है साथ में अपने से जुड़े हुए लोगों का भी कल्याण होता है। जीवन में व्यक्ति को अवश्य ही भागवत कथा का श्रवण करना चाहिए। बिना आमंत्रण के भी अगर कहीं भागवत कथा हो रही है तो वहां अवश्य जाना चाहिए। इससे जीव का कल्याण ही होता है। उक्त बातें श्री राधा कृष्ण मंदिर प्रांगण नगर मारो में चल रही संगीतमय भागवता कथा में आचार्य श्री कांत पाठक महाराज लोरमी वाले ने ब्यास पीठ से कहीं।

परोपकारी होना ही संत की पहचान

आचार्य श्री ने संतों के संबंध में कहा है कि संत का परिचय संत का वेश नहीं होता है। उनका तो मुख्य वेश उनका गुण होता है। आज के समय में कई बहुरूपिया संत भी चोला धारण कर विचरण कर रहे हैं। लेकिन आचार्य श्री ने संत के 6 गुण बताएं। जिसमें उन्होंने कहा कि संत में सहनशीलता, करुणा, सबको अपना मानना, किसी से शत्रुता ना रखना, निष्कामता एवं परोपकारी होना ही संत की असली पहचान है। आचार्य श्री ने कहा जब भी आप किसी संत या महात्मा से मिले तो इन 6 गुणों के माध्यम से उसकी पहचान कर सकते हैं। संत की पहचान होना आवश्यक है क्योंकि वही तो आपका मार्गदर्शन करते है। आचार्य पाठक जी ने कहा कि कई बार कहा जाता है कि पानी पियो छान के, संत करो जांच के क्योंकि सच्चा संत ही आपको सदमार्ग और ईश्वर से प्रेम करना सिखा सकता है।

माता पिता को करते थे श्री कृष्ण प्रणाम-आचार्य श्री ने भागवत कथा में प्रथम दिवस व्यास शुकदेव जी का परिचय कराया साथ ही जब महराज को ऋषि का श्राप लगा तो गंगा तट पर भगवान की प्रेरणा से शुकदेव जी आगमन हुआ और श्रीमद्भागवत की अमृतमय कथा सुनाए।

धान के अवैध भंडारण और परिवहन पर हो रही कार्यवाही

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले में अवैध धान परिवहन पर लगातार कड़ी कार्यवाही की जा रही है। देवभोग एस डी एम सुश्री अर्पिता पाठक ने बताया कि कल देर शाम देवभोग अनुविभाग के अंतर्गत मगररोड़ा एवं झाखरपारा चेकपोस्ट में अवैध धान परिवहन करते 2 वाहनों पर जप्त कर कार्यवाही की गई है। जिसमें वाहन क्रमांक सीजी-23 जे-3028 एवं ओडी 26 7259 से 60-60 का अवैध परिवहन किया जा रहा था।

न्यायालय तहसीलदार
भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

रा.प्र.क्र./202312100400809 /अ-6अ/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व दुर्ग से प्राप्त। आवेदिका श्रीमती अंजू जायसवाल पति जुगल जायसवाल निवासी पावरहाउस खुर्सीपार भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 स्थित भूमि खसरा नंबर 714/9 रकबा 0.010 हें जिसे आवेदिका द्वारा क्रय कर प्रमाणीकरण कराकर ऋण पुस्तिका प्राप्त कर लिया गया है किन्तु राजस्व अभिलेख एवं ऑनलाईन में उनके नाम के स्थान पर किसी अन्य का नाम प्रदर्शित होने का लेख करते हुए उनका नाम विलोपित कर अपना नाम दर्ज कर रिकार्ड अद्यतन किए जाने बाबत् आवेदन पत्र संबंधित दस्तावेज को संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 24/01/2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदक पर कोई विचार नही किया जावेगा ।

आज दिनांक 04/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप ख)
मा.क्र./अ-27/वर्ष 2023-24

क्योंकि मौजा पोटियाकला तह. व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी ओझाराम साहू आ. स्व. लुतनराम साहू निवासी पोटियाकला तह. व जिला दुर्ग ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 31.01.2024 स्थान तहसील कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण)

सर्वेक्षण संख्यांक/भूखंडांक- 84/3, 341/2, 342/1, 375/6, 423/6, 506/4, 506/6 एवं 375 क्षेत्रफल- कुल 2.2100 हे. एवं 0.1620 हे.

भू-राजस्व- 10.07 रुपए एवं 0.05 पैसे

आज दिनांक 11.01.2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400182 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका मनीष कुमार बघेल आ./पति स्वराज बघेल निवासी वार्ड 27 पोलसायपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 246/102, 246/103 रकबा 0.0120, 0.004 हें/ 1834 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 09/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400190 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका राकेश कुमार भयाना आ./पति वेदप्रकाश भयाना निवासी हुडको आमदीनगर भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम पोटियाकला प.ह.न. 55 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 43/6, 58/12 रकबा 0.012, 0.005 हें/ 1752.34 वर्गफीट के व्यवसायिक प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 11/01/2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग गरियाबंद, (छ.ग.)

फोन नंबर-07706-241533 फैक्स नंबर-07706-241488 ईमेल - cepwd.gbd-cg@gov.in

ज्ञापन संख्या 4315/एनआईटी-07/2023-24/व.ले.लि. — गरियाबंद दिनांक 11/01/2024

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 30.01.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 06.02.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 07.02.2024 प्रातः 11.30 बजे
4. निविदा प्रपत्र की कीमत :- -Nill-
5. कार्य की अवधि :- 02 माह
6. निविदा प्रपत्र :- Ae
7. ठेकेदारों की श्रेणी :- ई-पंजीकरण के अंतर्गत ई-श्रेणी

एन.आई.टी. /निविदा क्रमांक	कार्य का नाम / No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) अमानत राशि/ बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
07 T0072	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अन्तर्गत उप स्वास्थ केन्द्र भवन सांकरा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	19.99 15000.00
07 T0073	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अन्तर्गत ग्राम बेलटुकरी वार्ड क्र. 02 में आंगनबाड़ी केन्द्र पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	19.99 15000.00
07 T0074	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन धुमा पहुंच मार्ग का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	19.99 15000.00
07 T0075	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल भवन घटकर्रा पहुंच मार्ग का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	13.50 10125.00
07 T0076	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पांडुका पहुंच मार्ग का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	19.99 15000.00
07 T0077	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के अंतर्गत राजिम उपसंभाग अंतर्गत सार्वजनिक धर्मशाला भवन राजिम पहुंच मार्ग निर्माण कार्य । (प्रथम आमंत्रण)	19.99 15000.00
07 T0078	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भवन पाटसिवनी पहुंच मार्ग का निर्माण (प्रथम आमंत्रण)	13.50 10125.00
07 T0079	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत शासकीय हाईस्कूल भवन साजापाली पहुंच मार्ग का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	13.50 10125.00
07 T0080	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत शासकीय आदिवासी बालक आश्रम अकलवारा तक पहुंचने वाली सड़क का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	19.99 15000.00
07 T0081	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत तहसील कार्यालय भवन छुरा तक पहुंचने वाली सड़क का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	13.50 10125.00
07 T0082	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत शासकीय हाई स्कूल भवन गायडबरी पहुंच मार्ग का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	13.50 10125.00
07 T0083	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन नागिनबाहरा पहुंच मार्ग का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	13.50 10125.00
07 T0084	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के उपसंभाग राजिम अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन लोहरसी पहुंच मार्ग का निर्माण। (प्रथम निमंत्रण)	13.50 10125.00

निविदा संबंधी शर्ते विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।

जी-07140/3

कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग गरियाबंद, (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400179 /अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका जमिल इदरिस शेख आ./पति इदरिस भीकन शेख निवासी फरीदनगर सुपेला भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम कोहका प.ह.न. 45 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 3093 रकबा 0.007 हें/ 800 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400205/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका रियाजुद्दीन कुरैशी आ./पति बद्रुद्दीन कुरैशी निवासी वार्ड 41 केलाबाड़ी दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.न. 49 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 257/158 रकबा 0.040 हें/ 3780 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 12.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400120/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका नवीन कुमार साहू आ./पति लालसिंह साहू निवासी आदित्य नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 180/57 रकबा 0.010 हें/1000 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 08.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202311100400024/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका निमिता मित्तल अन्य 01 आ./पति अरुण कुमार मित्तल निवासी कादम्बरी नगर दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उरला प.ह.न. 16 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 659/19 रकबा 0.029 हें/ 3150 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 07.11.2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

पंजी. नं. 202401100400045/ अ-2/वर्ष 2023-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दीपक कुकरेजा अन्य 01 आ./पति रामचंद्र कुकरेजा निवासी आमदी मंदिर वार्ड दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.न. 08 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 175/82 रकबा 0.0470 हें/ 7515 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

घर-घर अक्षत कलश के साथ लोगों को दिया निमंत्रण

उतई/नवप्रदेश। अयोध्या में 22 जनवरी को आयोजित प्राण प्रतिष्ठा समारोह को सफल एवं भव्यता प्रदान करने क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह एवं जोजोरशोर से तैयारियां की जा रही है। ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस आयोजन से जोड़ने के लिए अयोध्या से पहुंची अभिमंत्रित अक्षत कलश के माध्यम से घर घर जाकर निमंत्रण देने का क्रम जारी है। रविवार की शाम आदर्श ग्राम कोड़िया में अक्षत कलश यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गांव के गायत्री मंदिर से निकल कर गांव का भ्रमण कर वापस मंदिर पहुंच कर समापन हुआ।प्रत्येक घर में अक्षत व श्रीराम मंदिर फ़ोटो देकर प्राणप्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने आमंत्रित किया। कलश यात्रा के दौरान जय श्रीराम का जयघोष, हरिनाम कीर्तन एवं श्रीराम भजन पर झूमते चल रहे थे।श्रीराम जानकी मंदिर चौक में संध्याकालीन महाआरती की गई। श्री वेदमाता गायत्री परिवार ट्रस्ट कोड़िया प्रमुख उमेश साहू ने कहा 500 वर्ष के लंबे संघर्ष के उपरांत रामलला अपने निवास में विराजेंगे और यह हमारा परम सौभाग्य है कि हम सब इस अलौकिक दृश्य को अपनी आंखों से देखेंगे। इस दिन गायत्री परिवार एवं अन्य धार्मिक व सामाजिक संगठनों के नेतृत्व में पूरे क्षेत्र के हर धार्मिक स्थान पर अनुष्ठान किए जा रहे हैं। इस दौरान दुर्ग जिला निषाद समाज आंकेक्षक मलेश निषाद, वरिष्ठ गायत्री परिवार परिजन मोहन निषाद, शौर्य युवा संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, गुमिता साहू, गायत्री निषाद, गणेशु निषाद, प्रेमनारायण त्रिपाठी, देवेंद्र निषाद, हीरासिंग साहू, दिनेश दीपक, प्रकाश निषाद, चेतन दीपक, देवी प्रसाद सेन, प्रमिला साहू, जामिनी साहू, कमलेश्वरी निषाद, कुमारी निषाद, सावित्री निषाद, आरती निषाद, सुलोचना निषाद, कुमारी साहू, हिमांशु, नमन, अमन, गौरव, वासिनी, लुकेश, लीकेश, दीपिका, संजना, विधि, मौली, दृष्टि, बाल संस्कारशाला व शौर्य युवा संगठन के सदस्यों के साथ ग्रामीणजन उपस्थित थे।

ऑनलाइन ठगी, आरोपी इमरान गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रार्थी अभिषेक जैन निवासी बेरला थाना बेरला द्वारा 9 दिसंबर 23 को थाना बेरला उपस्थित आकर प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई कि प्रार्थी को मोबाईल नंबर 8114558100 के धारक द्वारा प्रार्थी द्वारा ऑर्डर किये गये पार्सल के कैंसल हो जाने के संबंध में कॉल कर प्रार्थी से बात कर विशेष कोड डलवाकर आरोपी का मोबाईल नंबर 8114558100 पर कॉल करवाया जिससे प्रार्थी का मोबाईल आरोपी द्वारा हैक कर प्रार्थी के व्हाट्सएप का एक्सेस हासिल कर प्रार्थी के 4-5 व्यापारी दोस्तो से कुल 143800 रूपये का आनलाईन धोखाधडी किया गया। थाना बेरला में प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 449/2023 धारा 420 भादवि, 66(घ) आई टी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में प्रकरण के आरोपी को गिरफ्तार करने थाना बेरला एवं सायबर सेल बेमेतरा से संयुक्त टीम बनाकर आरोपी द्वारा संचालित मोबाईल नंबर 8114558100 के धारक जिसका लोकेशन जमशेदपुर झारखण्ड प्राप्त हुआ था, टीम भेजी गयी। जहां उक्त मोबाईल नंबर के कैफ के आधार पर पता किया। जहां रामनिवास ठाकुर नाम का व्यक्ति नही रहना एवं पंजाब नेशनल बैंक शाखा साकची जमशेदपुर में फर्जी तरीके से रामनिवास ठाकुर नाम से फर्जी सीम एवं बैंक अकाउंट खोलना पता चला जिसके आधार पर आस पास कड़ी मेहनत कर पता करने पर भी आरोपी का पता नही चलने पर टीम को वापस बुलाया गया, फिर सायबर सेल से उक्त आरोपी द्वारा मोबईल नंबर 8114558100 को दूसरे मोबाईल सेट में सीम लगाकर उपयोग करना पाये जाने से पुनः साइबर सेल एवं थाना बेरला पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर झारखण्ड रवाना किया, टीम द्वारा झारखण्ड जाकर आरोपी के दूसरे मोबाईल नंबर का कैफ एवं लोकेशन के आधार पर पता साजी किया।

पीएम जनमन योजना से आदिवासी समाज का होगा विकास : भावना

■ **आदिवासी परंपरा हमारी विरासत और गौरव**

कवर्धा/नवप्रदेश। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में निवासरत जनजातीय परिवारों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा पीएम जनमन अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत पण्डरिया विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में निवासरत परिवारों के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है। विधानसभा के 51 किलोमीटर से अधिक के विभिन्न सड़क निर्माण कार्य हेतु लगभग 37 करोड़ रुपए को मंजूरी दे दी गई है। पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि आदिवासी समाज के कल्याण, उनकी परंपरा व सांस्कृतिक मूल्यों को सहेजने के लिए केंद्र व राज्य सरकार कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाभियान (PM-JANMAN) के तहत पंडरिया के अंतर्गत आदिवासी बाहुल्य एवं वनांचल क्षेत्रों में सड़कों के विकास हेतु 16 विकास कार्यों के लिए 3667.59 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी और केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री गिरिराज सिंह का आभार व्यक्त करती हैं। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी ने आदिवासी समुदाय के लोगों की जीवनशैली में सुधार लाने के उद्देश्य से आदिवासी ग्रामीण आवास योजना के तहत 540 करोड़ रुपए की पहली किश्त भी जारी की है जो उनके जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन लाने वाली योजना है। भाजपा सरकार आदिवासी समाज के विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कृतसंकल्प हैं, जो सामाजिक-आर्थिक रूप से सबसे निचले पायदान पर हैं। इसी संकल्प को पूरा करने केन्द्र सरकार ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान यानि पीएम जनमन को मंजूरी दी है। इस मिशन से जनजातीय समुदाय के लिए न सिर्फ आवास, पेयजल, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं बेहतर होंगी, बल्कि उनका जीवन भी ज्यादा सुगम और सुरक्षित होगा। पंडरिया के वनांचल क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का आभाव है। शिक्षा,स्वास्थ्य, बेहतर कनेक्टिविटि, स्वच्छ जल जैसी मूलभूत सुविधाओं के पर्याप्त साधन नहीं होने से यहां निवासरत जनजातीय समाज के लोगों को बहुत ही परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अब इन विकास कार्यों से हमारे क्षेत्र के जनजातीय व आदिवासी समाज का विकास होगा।

इन सड़कों के निर्माण को दी गई स्वीकृति

पंडरिया विधानसभा के माठपुर से नागाडबरा, मुनमुना से कमराखोल, बकेला से मुरकी, चतरी से इमलीटोला, माहीडबरा से कौवानार, तेलियापानी लेदरा से अजवाईबाह, सेंदूरखार से सेजाडीह, अमनिया बांगर रोड राहीडांड से चाऊरडोंगरी, मेनरोड कामठी से बैगापारा, कांदावनी से बंसाटोला, मेनरोड से डफरापानी, रूखमीदादर से सांईटोला, तेलियापानी लेदरा से तिनगड्डा, अमनिया से अमलीटोला, बंदौरा से परेवाछापर जामुनपानी और अमनिया से बरटोला तक सड़क निर्माण कार्य हेतु 3667.59 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा दी गई है।

वार्षिकोत्सव में शामिल हुए मंत्री बघेल

बेमेतरा/नवप्रदेश। डीएवी स्कूल व क्षेत्र का एक मात्र सीबीएसई स्कूल जांता में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति ने मंच पर इंद्रधनुष के रंगों की छटा बिखेरी। वार्षिकोत्सव कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग छत्तीसगढ़ शासन रहे। विशिष्ट अतिथि डॉ बीपी साहू सहायक क्षेत्रीय अधिकारी डीएवी प्रक्षेप-डी छग, विशेष अतिथि बीईओ अरुण खरे थे। साथ में प्राचार्य डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल कोतरी मुंगेली से हिमाशु, प्रचार्य डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जरेली से समीर व डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल फुलवारी से गौरव राजपूत, डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल धर्मपुरा कवर्धा से प्राचार्य कुश साहू उपस्थित थे। डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल जाँता बेमेतरा के प्राचार्य पीएल जायसवाल और अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद सरस्वती वंदना, छत्तीसगढ़ राज्य गीत व डीएवी गान और स्वागत गीत व नृत्य प्रस्तुत किए गए। प्राचार्य पीएल जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत कर विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। छात्रों के समूह नृत्य ने सबके मन को मोहा, विशेष रूप से भस्मासुर वध नाटिका,बाल मजदूरी, सोसल मीडिया के हानि से बचाव नाटकों के माध्यम से सकारात्मक संदेश दिया। शिवा जी के वीर साहबजादे व राम आयगे हिंदी, छत्तीसगढ़ी, पंजाबी, मराठी, बंगाली, गुजराती, राजस्थानी राज्यों के लोक नृत्य प्रस्तुत किया। मुख्यअतिथि कैबिनेट मंत्री दयाल दास बघेल ने अपने स्कूल के दिनों को याद करते कहा कि हमें एक लक्ष्य साधना चाहिए वे प्राइमरी कक्षा पढ़ रहे थे तब से तय कर लिया कि मुझे एक दिन विधायक बनना हैं। आज छत्तीसगढ़ सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं। सभी इसी तरह अपना एक लक्ष्य तय कर लें।

इस वार्षिक उत्सव का थीम जानकरे बड़ी प्रसन्नता हुई कि इसका थीम है ÷युवा उमंग÷ जिसका स्वामी विवेकानंद के विचार को लेकर रखा गया हैं। आज के युवा सचमुच उमंग से कोई भी कार्य करना चाहे तो कुछ भी कार्य असंभव नहीं है स्वामी विवेकानंद जी का एक विचार है कि ÷उठो, जागो और तब तक मत रुको, जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाए, विचार आदमी के जीवन में बदलाव ला देता है और विचार के कारण ही व्यक्ति को पूजा होती है चाहे वह स्वामी विवेकानंद हो या दयानंद सरस्वती हो, उनके विचार के कारण ही पूजे जाते है। विशिष्ट अतिथि डॉ बी पी साहू जी ने कहा कि प्रत्येक बच्चों में कोई न कोई प्रतिभा होती है उसे निखारने की देरी है आज की इस भव्य वार्षिक उत्सव कार्यक्रम में विभिन्न कार्यक्रमो के माध्यम से बच्चो के प्रतिभा को देखने को मिला सचमुच लाजवाब कार्यक्रम बहुत ही मनमोहक और आकर्षक हैं। बच्चे पाँच मिनट मंच में कार्यक्रम देने के लिए कितने दिनों से तैयारी किए हुए होंगे बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुति दिए हैं सभी का कार्यक्रम बहुत ही प्रशंसनीय रहा हैं, बच्चो को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार भी देना आवश्यक हैं। आज डीएवी जांता के कार्यक्रम में संस्कार व नैतिकता झलक निखर कर आ रहा हैं।

बैगा परिवार की मौत की उच्चस्तरीय जांच हो : कांग्रेस

पंडरिया/नवप्रदेश। पंडरिया ब्लॉक के ग्राम नागाडबरा में बैगा परिवार के तीन लोगों के घर पर जली हुई लाश पाई गई। इस पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया ग्राम नागाडबरा में जा कर घटना स्थल का जायजा लिया व परिजनों से मिलकर हर सम्भव मदद करने का आश्वासन दिया व *ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पंडरिया द्वारा 5000 हजार रुपये नगद,अनाज और गर्म कपड़े आर्थिक मदद के रूप में दी गई। कांग्रेस कमेटी को परिवार वालों ने बताया कि मृतक के परिवार के जेवर व समान गायब हैं। इससे हत्या की आशंका है । कांग्रेस कमेटी द्वारा गांव के लोगों से जानकारी प्राप्त की। उन्हें बताया गया कि मृतक व्यक्ति बहुत सीधे साधे स्वभाव का था व गैस सिलेंडर के ब्लास्ट की जो सूचना प्रकाशित हुई थी जो गलत है । पिछले कई महीनों से गैस सिलेंडर का रिफलिंग ही नहीं कराया गया था । गांव में दहशत का माहौल है जिससे गांव वाले भयभीत नजर आ रहे हैं।

केनरा बैंक Canara Bank | **शाखा: सराईपाली (छत्तीसगढ़)**

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

[illegible]

क्र. सं.	ऋणी/जमानतदार शाखा का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	श्रीमती अल्का नाग पति स्व. श्री आलोक नाग, शाखा: सराईपाली (छ.ग.)	[illegible]	₹ 17,98,703.12 ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	11.10.2023 / 15.01.2024

दिनांक: 16.01.2024, स्थान: सराईपाली (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र.-5 रायपुर

:: निविदा आमंत्रण सूचना ::

क्र. 1571/जोन क्र. 5 /लो.क.वि./2024 — रायपुर, दिनांक 16.01.2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत द से प्रवर श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नांकित कार्यों हेतु सीलबंद निविदाएं तीन लिफाफा पद्धति में दिनांक 07.02.2024 तक को 4.00 बजे तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्रमांक 5 में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिए दिनांक 29.01.24 तक आवेदन के साथ निर्धारित निविदा प्रपत्र की राशि जमा करने के पश्चात प्राप्त किए जा सकेंगे। दिनांक 01.02.24 तक निविदा प्रपत्र जारी होंगे। प्राप्त निविदाएं दिनांक 07.02.24 को सायं 05.00 बजे खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	प्राक्कलन राशि (लाख में)	अमानत राशि (रुपये)	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य की अवधि	एस.ओ.आर.नॉन एस.ओ.आर.
1	वार्ड क्र. 68 डा. खूबचंद बघेल वार्ड अंतर्गत चंगोराभाठा एवं न्यू चंगोराभाठा क्षेत्र में सी.सी. नाली निर्माण कार्य। (सामान्य मद)	16.10	16100/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
2	वार्ड क्र. 68 डा. खूबचंद बघेल वार्ड अंतर्गत चंगोराभाठा बाजार एवं चंगोराभाठा क्षेत्र में नाली कवर एवं पेवर लगाने का कार्य। (सामान्य मद)	16.82	16820/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
3	जोन क्रमांक 5 कार्यालय भवन का वाटर प्रूफिंग ट्रिटमेंट कराने का कार्य। (द्वितीय निविदा) (संधारण मद)	3.90	5900/-	750/-	1 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
4	सीमेंट चेयर निर्माण कार्य, जोन क्र. 05 अंतर्गत विभिन्न वार्डों में। (द्वितीय निविदा) (विधायक निधि)	5.00	7500/-	750/-	1 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
5	वार्ड क्र. 66,67 एवं 68 में पावर पंप/सबमर्सिबल पंप मरम्मत/रिपेयरिंग कार्य। (संधारण मद)	3.97	6000/-	750/-	2 माह	NON SOR
6	भक्तमाता कर्मा वार्ड क्र. 67, चंगोराभाठा रायपुर में सामुदायिक भवन निर्माण (सर्व कुर्मी समाज के पास) कार्य। (विधायक निधि)	5.00	7500/-	750/-	4 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
7	ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्र. 40 जोन क्रमांक 05 अपूर्ण सामुदायिक भवन को पूर्ण करने हेतु रोपणीपुरम तालाब के पास डंगनिया। (द्वितीय निविदा) (विधायक निधि)	2.50	3750/-	750/-	2 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15
8	ठाकुर प्यारेलाल सिंह वार्ड क्र. 40 जोन क्रमांक 05 अपूर्ण सामुदायिक भवन को पूर्ण करने हेतु मंगलबाजार गली नं. 1 (विधायक निधि)	5.00	7500/-	750/-	3 माह	P.W.D. S.O.R. (Building) 01.01.15

शर्तें -

1. निविदा के दस्तावेज रजिस्टर्ड पोस्ट/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।
2. कार्य से संबंधित अन्य जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक 5 कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
3. तीन वर्ष के आयकर की बाध्यता नए फर्मों के लिए बाध्यकारी नहीं होगी।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन कमिश्नर
जोन क्र.-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

मुख्यमंत्री का कार्यक्रम निजी भूमि पर कराने कांग्रेस प्रवक्ता ने लगाए आरोप

■ **कलेक्टर और सीएम के सचिव से की शिकायत, जांच की मांग**

बालोद/नवप्रदेश। जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता प्रकाश नाहटा ने 17 जनवरी को गुंडरदेही में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम के लिए शहर सार्वजनिक स्थान को छोड़कर एक भाजपा नेता की जमीन पर ायोजति की जा रही है। इसके समतलीकरण कार्य में लाखों का खर्च किया जा रहा है। कांग्रेस प्रवक्ता नाहटा ने कहा कि प्राइवेट लैंड पर सैकड़ों ट्रक मुरुम डालकर समतलीकरण किया गया है। यह मुख्यमंत्री का कार्यक्रम नहीं मुख्यमंत्री के बहाने अपनी निजी जमीन को प्लाटिंग के लिए तैयार करना है, यह भूमि भाजपा नेता की है। भाजपा नेता बहुत जल्द इस भूमि पर प्लाटिंग करने वाले हैं। निजी भूमि पर सरकारी खर्च से लाखों रुपए की मुरुम डालकर भारी अनियमितता की गई है। मुख्यमंत्री साय गुंडरदेही में आयोजित कार्यक्रम में रामायण बांटने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री का स्वागत है, लेकिन मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की आड़ में स्थानीय भाजपा नेता द्वारा निजी स्वार्थ की पूर्ति करना गलत है। रामराज्य की बातें कहने वाले भाजपा नेता निजी लाभ के लिए सरकारी धन कैसे खर्च कर रहे हैं।

कई एकड़ जमीन को मुरुम से पाटकर समतलीकरण किया गया है। इस मामले की शिकायत कलेक्टर और सीएम के सचिव पी दयानंद से की गई है।

उन्होंने उम्मीद जताई है कि सरकारी खर्च से प्राइवेट लैंड के समतलीकरण करने के मामले की जांच जरूर की जाएगी। पूर्व में कई बार तत्कालीन मुख्यमंत्री गुंडरदेही आकर हाईस्कूल मैदान, खैरकाडांड़ और बुधवारी बाजार के पास सभाएं ले चुके हैं। यहां कुछ भी नहीं करना पड़ता। यहां काफी बड़ा मैदान है। इसके बावजूद इसे छोड़कर प्राइवेट लैंड पर मुरुमीकरण करने के बाद समतलीकरण पर लाखों रुपए किसके इशारे पर खर्च किये गए ? यह गुंडरदेही की जनता के सामने आना चाहिए। इस मामले की जांच होनी चाहिए।

CSPTCL छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड
(छत्तीसगढ़ शासन का उपक्रम)
सीआईएन-U40108CT2003SGC015820, जीएसटीएन-22AADCC5773EAZX
कार्यालय कार्यपालन अभियंता (अति उच्च दाब : निर्माण) संभाग सीएसपीटीसीएल, रायपुर
पता- गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) 492009
वेबसाईट www.cspc.oc.in ईमेल eeehtconst.raipur@cspc.co.in टेलीफोन/फैक्स नं. 0771-2574725
क्र./कार्य.अभि./अ.उ.दा.(नि.)/906 — रायपुर, दिनांक 16.01.2024

आवश्यक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि छ.ग. स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड द्वारा विद्यमान 132 के.व्ही. सुहेला-बलौदाबाजार लाइन से मेसर्स अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड के पुलिंग उपकेन्द्र तक HTLS (पैंथर समतुल्य) कंडक्टर में लिलो लाइन का निर्माण एवं विद्यमान 132 के.व्ही. सुहेला-बलौदाबाजार लाइन के विद्यमान ACSR पैंथर कंडक्टर को लिलो बिन्दु तक HTLS (पैंथर समतुल्य) कंडक्टर में बदलने हेतु लगभग 12.5 कि.मी. 132 के.व्ही. जीसीएसएस लाइन का निर्माण का कार्य, ग्राम-सुहेला, जरौद, पड़कीडीह, अमकोनी, मानिकपुर, करही, चंडी, पीपराही, सरकीपार एवं सेमराडीह आदि तहसील सुहेला एवं बलौदाबाजार, जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) से होकर गुजरती है।

उपरोक्त लाईन में नियमित रूप से विद्युत प्रवाह दिनांक 18 जनवरी 2024 या उसके पश्चात कभी भी चालू किया जा सकता है।

अतः आम जनता से अनुरोध है, कि इस विद्युत लाईन के पास न जावें, टावर पर न चढ़ें तथा विद्युत लाईन से किसी तरह की छेड़छाड़ न करें। ऐसा करना जानलेवा साबित हो सकता है।

विद्युत लाईन से छेड़छाड़ एवं विद्युत लाईन का नुकसान पहुंचाना, विद्युत अधिनियम-2003 के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है।

(इंजी. यू.के. यादव)
कार्यपालन अभियंता
अति उच्च दाब (निर्माण) संभाग
सीएसपीटीसीएल, रायपुर

संवाद-39368/2

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग गरियाबंद, (छ.ग.)
फोन नंबर-07706-241533 फैक्स नंबर-07706-241488 Email:- eepwd.gbd-cg@gov.in
ज्ञापन क्रमांक/4343/NIT-08/2023-24/व.ले.लि. — गरियाबंद दिनांक 15/01/2024

-:: निविदा आमंत्रण सूचना ::-

1. निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि :- 02.02.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
2. ठेकेदारों द्वारा प्रस्तुत निविदायें प्राप्त करने की अंतिम तिथि :- 09.02.2024 अपरान्ह 5.30 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि :- 12.02.2024 प्रातः 11.30 बजे
4. निविदा प्रपत्र की कीमत :- -Nill-
5. कार्य की अवधि :-02 माह
6. निविदा प्रपत्र :-
7. ठेकेदारों की श्रेणी :- ई-पंजीकरण के अंतर्गत एई ई-श्रेणी

एन.आई.टी / निविदा क्रमांक	कार्य का नाम/No of Calls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)/ अमानत राशि/बैंक साल्वेंसी (रु.में)
1	2	3
08 T0085	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत वि.ख. मैनपुर अंतर्गत हाई स्कूल इंदागांव पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	13.77 10328.00
08 T0086	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत वि.खं. मैनपुर अंतर्गत हाई स्कूल खरीपथरा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	10.37 7778.00
08 T0087	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत वि.खं. देवभोग अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क से हाई स्कूल दिवानमुड़ा तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	19.98 15000.00
08 T0088	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत वि.खं. देवभोग अंतर्गत सरगीबहली बस्ती से हाई स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	14.91 11183.00
08 T0089	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत दि.खं. देवभोग अंतर्गत खरकारपारा बस्ती से सहसखोल स्कूल तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	19.84 14880.00
08 T0090	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत वि.खं. मैनपुर अंतर्गत आई.टी.आई. कॉलेज जाड़ापदर पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	19.96 15000.00
08 T0091	मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना अन्तर्गत विखं. देवभोग अंतर्गत गंगराजपुर देवभोग के हाट बाजार गोदाम से नलकुप तक पहुंच मार्ग निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	16.83 12623.00

निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा मे उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय कार्यालय में किया जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग (भ/स)
संभाग गरियाबंद, (छ.ग.)

जी-07158/3

स्वच्छ भारत मिशन के चलते बदल रही तालाबों की तस्वीर

बेमेतरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत बेरला में स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई व्यवस्था में तेजी लाने मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे के द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहा हैं। जिसमें नगर की शतप्रतिशत सफाई हेतु नोडल अधिकारी मयंक राठौड़ की निगरानी में वार्ड स्तर पर स्वच्छता प्रभारी को जिम्मेदारी दी गई हैं। सीएमओ वनीष दुबे ने बताया कि वर्तमान में नगर के सभी तालाबों की शतप्रतिशत सफाई हेतु वृहद् स्तर पर नागरिकों के साथ मिलकर सफाई अभियान चलाया जा रहा है जिसके तारतम्य में आज वार्ड क्रमांक 9 स्थित शीतला तालाब की सफाई जन सहयोग से किया गया जिसमें भारी मात्रा में तालाब से जलकुम्भी की सफाई की गयी। उन्होंने बताया कि आगे आवश्यक होने पर तालाब में फिटकरी डालकर तालाब के पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने का भी प्रयास किया जायेगा।

केनरा बैंक Canara Bank — वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना — **ई-नीलामी दिनांक : 03.02.2024**

स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक हैं तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 03.02.2024 को 12.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता	संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम	मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि	आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि	शाखा का नाम, खाता संख्या व आईएफएससी कोड
मेसर्स हार्दिक इंटरप्राइजेज, [illegible]	[illegible]	21.08.2023 / 23.10.2023 / ₹ 1,56,64,110.47, 12.01.2024 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 16,83,000/- / ₹ 1,68,300/- / ₹ 10,000/-	Mr. Ritesh Kumar Kawale (Mo. [illegible]) GE Road, Raipur Branch A/c No. [illegible] IFSC CODE: [illegible] Email: [illegible]@canarabank.com
1. श्रीमती रंजनी मानिकपुरी, [illegible]	[illegible]	07.08.2021 / 02.11.2021 / ₹ 31,56,643.00, 02.11.2021 पर भविष्य का ब्याज और लागत,खर्च आदि	₹ 26,50,000/- / ₹ 2,65,000/- / ₹ 10,000/-	Mr. Sandeep Deshmukh ([illegible]) Smriti Nagar Bhilai A/c No. [illegible] IFSC CODE: [illegible] Email: [illegible]@canarabank.com

ई-नीलामी की शर्तें:- [illegible] www.indianbankseauction.com [illegible] Ms Canbank Computer Service Ltd., E-mail ID: eauction@ccsl.co.in [illegible] www.canarabank.com पर संपर्क करें।

विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'सेन्ट्रल क्रोनिकल' दिनांक 17.01.2024 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।

दिनांक : 16.01.2024 स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

■ न्यूज गैलरी

शुभम बिहार में होगी सोलापुरी माता पूजा

बिलासपुर/नवप्रदेश। श्री सोलापुरी माता पूजा समिति शुभम विहार, रूचिका विहार हरदी रोड़ शारदा मंदिर के पास वार्ड नंबर 12 बिलासपुर में 14 अप्रैल से 21 अप्रैल 2024 तक आयोजित की जायेगी इस वर्ष आयोजन के लेकर बैठक में नई कार्यकारणी का घटन किया गया श्री एन गोविंद राजू को पूजा का अध्यक्ष, यू मुरली राव को कार्यकारणी का अध्यक्ष,श्री प्रेम लाल चौहान को महा सचिव, कोषाध्यक्ष जी राजा राव, सह सचिव एन रमना मूर्ति, सह कोषाध्यक्ष बी रामा राव,उपाध्यक्ष जी आनंद राव,सहित अन्य पदों के लिए भी सदस्यो का चयन किया गया साथ ही आगामी आयोजन को लेकर जिम्मेदारियों का बटवारा भी किया गया बैठक में वर्ष 2023 का आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया वर्ष 2024 में रटा पूजा 14 अप्रैल,माता का आगमन मां त्रिपुरा सुंदरी मां मरिमाई मंदिर से पूजा स्थल शोभा यात्रा के माध्यम से सुभम विहार शारदा मंदिर के पास,यह 21 अप्रैल तक प्रति दिन मां सोलापुरी के अलग अलग स्वरूपों की स्थापना कर पूजा अर्चना की जाएगी श्री साई ब्रदर्स ओर उनकी टीम खरगपुर पश्चिम बंगाल से आयेगी निम्न लिखित कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई जिस में एम तवुडू, साई राम शर्मा,धनराज बोयर, महावीर ,राजेश सिंह, ई कृष्णा राव,उदय किरण,संतोष,विवेक, जे शंकर जी श्रीनिवास राव, जी रमेश,सुशांत, के रमना राव, के भास्कर राव, जी धर्मा राव, जी राजेश्वर राव, जी श्रीनिवास राव,महिलाए जिस में जोगी दमयंती, पोट्टी वरलक्ष्मी, एस सूर्यकुमारी,आदि को जिम्मेदारियां बाटी गई हैं।

21 जनवरी को शहर में निकलेगी शोभा यात्रा

बिलासपुर/नवप्रदेश। जय वन्दे मातरम् संगठन बिलासपुर द्वारा आयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के पावन अवसर पर बिलासपुर में भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को यादगार व बिलासपुर को राममय बनाने का प्रयास संगठन द्वारा किया जा रहा है।संगठन के जिला अध्यक्ष राजू सलूजा,राजेंद्र सिंह,आकाश यादव, श्रीकांत पांडेय ने बिलासपुर प्रेस क्लब में पत्रकारों से चर्चा करते हुए ये जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के माध्यम से उनका प्रयास सभी समाज को एक जुट करने का भी है। इस शुभ अवसर पर प्रभु श्री राम जी के स्वागत की तैयारी भी जोर शोर से चल रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से आग्रह किया की 22 जनवरी को कोई भी मंदिर सुना न रहे, अपने अपने घरों को रंगोली और दिए जलाकर दीपावली मनाते हुए श्री राम जी का स्वागत करें। सनातनी बंधु उस दिन अपने काम धंधे से कम से कम आधे दिन का अवकाश लेकर इस शोभा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में अपना योगदान प्रदान करे। यह शोभायात्रा 21 जनवरी 2024, रविवार को दोपहर 3 बजे गणेश मंदिर कंस्ट्रक्शन कालोनी दुर्गा पंडाल से प्रारम्भ होकर तारबहार चौक, शिव टाकिज, चौक गाँधी चौक, जुना बिलासपुर, हटरी चौक, सिटी कोतवाली, गोल बाजार, सदर बाजार होते हुऐ देवकीनंदन चौक में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में महाआरती के बाद प्रसाद वितरण के साथ इसका समापन किया जायेगा। इस शोभा यात्रा में मुंबई के ढोल ताशा ग्रुप, आकर्षक झाकियों के साथ पारम्परिक नृत्य बाजा, भजन मंडली, कीर्तन व अन्य आयोजन में सम्मिलित रहेंगे। पत्रकार वार्ता के दौरान अतुल बजाज, तरुण,सोहन गुप्ता,दुष्यंत सिंह सहित समिति से जुड़े अन्य लोग मौजूद रहे।

नौकरी का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। नौकरी दिलाने का झांसा देकर महिला से दुष्कर्म करने वाले आरोपी मंगेश उर्फ योगेश वैद्य पिता एन.डब्लू. वैद्य उम्र 42 वर्ष निवासी रामा लाईफ सिटी सकरी गिरफ्तार किया है। प्रार्थिया ने थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 14.01.24 को रात्रि में उसे नौकरी दिलाने का झांसा देकर आरोपी योगेश उर्फ मंगेश के द्वारा अपने घर रामा लाईफ सिटी सकरी में बंधक बनाकर उसके साथ बलात्कार किया है, जिसकी रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना किया गया। महिला संबंधी गंभीर अपराध को ध्यान में रखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह ने तत्काल निर्देशन किया। आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ा गया एवं आरोपी से पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार किया, मामले में आरोपी के विरूद्ध अपराध धारा का घटित करना पाये जाने से विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

राम मंदिर की प्राण- प्रतिष्ठा के दिन जिला प्रशासन की तैयारी

मंदिरों में होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

बिलासपुर/नवप्रदेश। अयोध्या में आयोजित किये जा रहे श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा रामोत्सव के अवसर पर जिले में 22 जनवरी को भव्य रूप से भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। कलेक्टर अवनीश शरण ने इस आशय के निर्देश आज टीएल की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय और प्रत्येक विकासखण्ड के कम से कम एक प्रतिष्ठित मंदिर में भव्य भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन जनमानस तथा मानस मंडलियों की भागीदारी से किये जाएंगे। उन्होंने इसकी तैयारी के लिए सभी ब्लॉक के सीईओ को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएफओ संजय यादव, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अजय अग्रवाल, एडीएम आरए कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी, सभी एसडीएम सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर ने बैठक में कहा कि राजस्व मामलों के निराकरण के लिए जिले में राजस्व शिविरों का सिलसिला 1 फरवरी से शुरू होगा। उन्होंने 1 फरवरी से 15 फरवरी 2024 तक राजस्व पखवाड़ा मनाने के निर्देश दिए है। शिविर में पटवारी एवं तहसीलदार द्वारा ग्रामीणों के राजस्व मामलों का निराकरण किया जाएगा। पीएम जनमन योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने जिले के सभी 54 बसाहटों में निवास करने वाले विशेष पिछड़ी जनजाति को शासन की योजनाओं से जोड़कर सैचुरेशन लेबल हासिल करने के निर्देश दिए। पीवीटीजी के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत संपर्क मार्ग, स्वच्छ जल, मोबाईल मेडिकल यूनिट, छात्रावास निर्माण, आंगनबाड़ी निर्माण, वनधन केंद्र सहित अन्य योजनाओं का कार्य पूर्ण करने कहा। कलेक्टर ने कहा कि इन बसाहटों में शत प्रतिशत लोगों का आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने लगातार शिविर लगाया जाए।

इसके अलावा बैठक में कलेक्टर ने विकसित भारत संकल्प यात्रा, लंबित राजस्व प्रकरण सहित टीएल के लंबित मामलों की समीक्षा की।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के महाअधिवक्ता पैनल लायर्स में हुई नियुक्तियां

बिलासपुर। छत्तीसगढ़ शासन विधि और विधायी कार्य विभाग द्वारा एक आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में शासन की तरफ से पैरवी करने के लिए अतिरिक्त महा अधिवक्ता, उप महा अधिवक्ता और पैनल लायरो की नियुक्ति कर दी गई है ।छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार गठित होने के बाद पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा नियुक्त किए गए महा अधिवक्ता,अतिरिक्त महा अधिवक्ता , उप महाअधिवक्ता और पैनल लायरो द्वारा इस्तीफा दिए जाने के बाद नई नियुक्तियां जारी कर दी गई है । नई नियुक्तियों में अतिरिक्त महाधिवक्ता हेतु- अधिवक्ताओ वाय. एस. ठाकुर, रणवीर सिंह मरहास, राज कुमार गुप्ता, आशीष शुक्ला, बी. डी. गुरू, विवेक शर्मा, सुनील काले,उप महाधिवक्ता हेतु-प्रवीण दास, विनय पाण्डेय, यू. के. एस. चंदेल, संजीव पाण्डेय, शशांक ठाकुर, नीरज शर्मा,डॉ. सौरभ कुमार पांडेय शासकीय अधिवक्ता हेतु दिलमन रतिमिंज, अखिलेश कुमार, अजित सिंह, केशव गुप्ता, संघर्ष पाण्डेय, धीरज वानखेडे, अरविन्द दुबे, अजय पाण्डेय, श्रीमती सुप्रिया उपासने, राहुल तामस्कर, सतीश गुप्ता, रतन पुष्टि, संतोष सोनी, गैरी मुखोपाध्याय, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजीव भारत, उप शासकीय अधिवक्ता हेतु- कु. सुनीता मानिकपुरी, प्रमोद श्रीवास्तव, अतानु घोष, सुश्री प्रज्ञा पाण्डेय, सुश्री शैलजा शुक्ला, सुश्री उपासना मेहता, किशन साहू, सुयशधर दीवान, श्रीमती प्रज्ञा श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेयअंकुर कश्यप, शालिन सिंह बघेल। नितांश जायसवाल, शैलेन्द्र शर्मा, मो. राहुल अमीन मेनन, अभिषेक सिंह, लव शर्मा,दीपक कुमार सिंह, आशुतोष शुक्ला,सुश्री मोनिका सिंह ठाकुर, रिषभ चन्द्र सिंह देव, शुभ्रा श्रीवास्तव, अमित वर्मा स्मृति श्रीवास्तव,प्रभा शर्मा,नंद कुमार कश्यप, सुश्री साक्षी गोयल, सुश्री आकांक्षा वर्मा, अंकुर कश्यप, यू. पी. एस. साहू, समीर बेहार, सुरेन्द्र देवांगन, प्रदीप सिंह राठौर और विजय बहादुर सिंह। अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाविधवक्ता, शासकीय अधिवक्ता एवं उप शासकीय अधिवक्ता को देय फीस विधि और विधायी कार्य विभाग के आदेश 30.12.2015 के अध्यधीन होगा।

मंदिरों को स्वच्छ रखना सबकी जिम्मेदारी : कौशिक

बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने स्वच्छता अभियान के तहत बिल्हा के नगर पंचायत बोदरी के लक्ष्मी नारायण मंदिर में की साफ सफाई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर भारत में मंदिरों में साफ सफाई अभियान शुरू हो गया जिसके चलते पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने मकरसंक्रांति के अवसर पर आज बिल्हा के नगर पंचायत बोदरी के वार्ड क्रमांक 9 में स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर की साफ- सफाई की। प्रधानमंत्री ने 30 दिसंबर को अयोध्या से आह्वान किया था कि स्वच्छ मोहल्ला, स्वच्छ ग्राम, आयोध्या धाम। मोदी ने स्वयं इस अभियान की शुरुआत पंचवटी से की थी, जहां भगवान राम अपने वनवास के दौरान सबसे लंबे समय तक रहे थे। उन्होंने

कहा कि श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 को की जाएगी। इसके तहत भाजपा ने हिंदू समुदाय के लोगों से सेवा प्रदान करने और आज (मकर) से शुरू होने वाले स्वच्छता अभियान में भाग लेने का अनुरोध किया था।रामलला के प्राण प्रतिष्ठा से पहले देशभर के मंदिरों और तीर्थस्थलों में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस द्वारा साफ-सफाई का कार्य हो रहा है। देशभर में 14 जनवरी से 22 जनवरी तक स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत देशभर के मंदिरों और धार्मिक स्थलों की सफाई की जाएगी।

निषाद समाज ने बिलासा स्मृति दिवस पर निकाली शोभायात्रा

पारंपरिक वेशभूशा में हाथों में टोकरी लिए निकली महिलाएं

बिलासपुर/नवप्रदेश। गुहा निषाद जयंती और वीरांगना बिलासा देवी केंवट के स्मृति दिवस पर निषाद समाज द्वारा आज शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में हर्ष- उल्लास के साथ जय श्रीराम और बिलास देवी की जयघोष के नारे लगाते रहे। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

शोभायात्रा तेली पारा रोड़ से होते हुए गोल बजार से शनिचरी बाजार के पास स्थित बिलासा देवी केंवट की प्रतिमा तक पहुंची। यात्रा में शामिल महिलाएं में पारम्परिक वेशभूषा में थीं। हाथों में टोकरी ली हुई थीं। पुरूषों ने पीला और केसरिया वस्त्र धारण कर हाथों में श्रीराम और हनुमान का केसरिया ध्वज लिए हुए थे जो जय श्री राम और जय बिलासा के जयकारे लगा रहे थे। बिलासा देवी की मूर्ति पर लोगों ने फू लमाला चढ़ाकर पूजा वंदन किया गया।अरपा तट चौपाती में निषाद सामाज के लोगों ने बिलासा की स्मृति और गुहा निषाद की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक अमर अग्रवाल थे। 16वीं शताब्दी में जब रतनपुर छत्तीसगढ़ की राजधानी हुआ करती थी तो राजा कल्याण सहाय बिलासपुर के पास शिकार करते हुए घायल हो गए थे।उस समय बिलासा केंवटिन ने उन्हें बचाया था। इससे खुश होकर राजा ने उन्हें अपना सलाहकार नियुक्त करते हुए नदी किनारे की जागीर उनके नाम लिख दी थी। बिलासा के नाम पर ही बिलासपुर शहर- बिलासपुर रियासतकाल रतनपुर के कल्चुरि रियासत का हिस्सा था। हालाकि बिलासपुर शहर मराठा सम्रा’य में वर्ष 1741 के आस पास प्रमुखता से उभरा। बिलासपुर शहर का इतिहास 400 साल पुराना है । बिलासपुर जिले का गठन वर्ष 1861 में किया गया है।

बैगा-बिरहोर बसाहटों में बहेगी विकास की बयार

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण के लिए शुरू की गई योजना पीएम जनमन के तहत कोटा विकासखंड के दूरस्थ गांव खोंगसरा में मेगा शिविर का आयोजन हुआ। शिविर में शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदाय को मिला। पीएम जनमन योजना के तहत आयोजित शिविर में कुल 43 बैगा व बिरहोर जनजाति के आयुष्मान कार्ड बनाए गए जिनमें से 5 लाभार्थियों को कलेक्टर अवनीश शरण द्वारा प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान किया गया।

कोटा में आयोजित शिविर में बैगा जनजाति के जानकी बाई बैगा, चुन्नी बाई बैगा, जातू राम बैगा, अमर सिंह बैगा और राजकुमारी बैगा को कलेक्टर अवनीश शरण ने आयुष्मान कार्ड प्रदान किया। आयुष्मान कार्ड मिलने से इन बैगा परिवारो में खुशी की लहर है। लाभार्थी अमर सिंह बैगा ने कहा कि शासन द्वारा योजनाओं का लाभ दिये जाने से वे खुश हैं। प्रशासन द्वारा घर बैठे कार्ड दिये जाने के लिए अमर सिंह ने आभार जताया। इसी तरह चुन्नी बाई बैगा और जातू राम बैगा ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा की कार्ड मिलने से अब इलाज में उन्हे कोई समस्या नही आयेगी व 5 लाख तक के इलाज की सुविधा उन्हे मिलेगी। सरकार के प्रति आभार जताते हुए उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं की जानकारी उन्हे नही मिल पाती थी लेकिन गांव में ही शिविर लगने से न केवल उन्हे विभिन्न योजनाओं के बारे में पता चला बल्कि उसका लाभ भी उन्हे आसानी से मिल गया जिससे वे काफी खुश है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महाअभियान जनमन योजना के तहत विशेष पिछड़ी जनजातियों के कल्याण की दिशा में एक नई पहल की गई है जिससे शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ जनजातीय समुदाय को घर बैठे मिल रहा है।

सिम्स ईएनटी में पिछले साल हुए 6301 सफल ऑपरेशन

कई जटिल ऑपरेशन कर लोगों का बचाया जीवन

बिलासपुर/नवप्रदेश। सिम्स अस्पताल के नाक कान एवं गला विभाग में गत वर्ष 2023 में 1301 केसेस की मेजर सर्जरी एवं 4938 इमरजेंसी एवं माइनर केसेस की सफलतापूर्वक सर्जरी संपादित की गई जिसमें कान के लगभग 100, नाक एवं साइनस की 100, घेंघा रोग की 30, थायराइड कैंसर की 10 और पैरोटीडग्रंथि की 10 सर्जरी शामिल है। जीवन बचाने वाली सर्जरी जैसे सांस नली में छिद्र बनाकर ट्यूब डालना जिसे ट्रैकयोर स्टॉमी कहते हैं, किया गया। साथ ही नाक कान एवं गले में अटकी फॉरेन बॉडी को निकालने का काम भी किया गया। जिससे कई मरीजों को जीवन दान मिला। इस सफलता को प्राप्त करने में प्रोफेसर एवं विभागा अध्यक्ष डॉ

आरती पांडे एवं एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर विद्याभूषण साहू, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर श्वेता मित्तल, सीनियर रेसीडेंट डॉक्टर अंजली ए आर एवं पीजी के छात्रों व एनेस्थीसिया विभाग से डॉक्टर राकेश निगम और उनकी टीम का भारी योगदान रहा। सिम्स बिलासपुर के नाक कान एवं गला विभाग की ख्याति के कारण मध्य प्रदेश राज्य के अनूपपुर जिले का निवासी भी अपनी समस्याओं के साथ जो तेजाब पी लिया था जिसके कारण उसका मुंह खुलना पूरी तरह से बंद हो गया था। ऐसी स्थिति में उसे बहुत से डॉक्टरों एवं अस्पतालों द्वारा रेफर कर दिया गया था। सिम्स के नाक कान एवं गला रोग विभाग में इस मरीज को भर्ती कर उसका सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। इसके उपरांत वह पूरी तरह से बोलने एवं खाने में समर्थ हो गया है। इसी तरह मुंह एवं जबड़े के कैंसर के तीन मरीजों का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन उपरांत मरीज स्वस्थ जीवन यापन कर रहा है।

कार्यक्रम | वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह

44 भूमिगत और 28 खुली खदानों की परखी सुरक्षा

बिलासपुर/नवप्रदेश। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड(एसईसीएल) के वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़ा सह पुरस्कार वितरण समारोह 2023 का समापन समारोह आज एसईसीएल दीपका क्षेत्र में किया जा रहा है । एक महापर्व के रूप में मनाये जाने वाले वार्षिक ख़ान सुरक्षा पखवाड़े में खदानों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता फ़ैलाने के लिए विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन जाता है और इनमें विजेता ऑफिसर्स और माइनर्स को सम्मानित भी किया जाता है।

वर्ष 2023 में जबलपुर, बिलासपुर एवं रायगढ़ क्षेत्र के अंतर्गत कोयला खदानों के लिए 20 नवंबर से 03 दिसंबर तक वार्षिक कोयला खान सुरक्षा पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसमें 61 एसईसीएल और 11 गैर एसईसीएल के साथ 72 कोयला खदानों ने हिस्सा लिया । पखवाड़े का उद्घाटन 20 नवंबर को सभी खदानों में ध्वजारोहण और सुरक्षा शपथ के साथ किया गया। साथ ही अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक ने 20 नवंबर को सुरक्षा निर्देशों से सुसज्जित दो सुरक्षा रथो को हरी झंडी दिखाई / ये सुरक्षा रथ पखवाड़े के दौरान एसईसीएल के सभी क्षेत्रो में भेजे गए और खानों के ठेकेदारी कर्मचारियों को उनके कैंप में तथा विभागीय कर्मचारियों को पार्किंग एवं विश्राम स्थल पर सुरक्षित रहने की कार्यप्रणाली सम्बंधित चलचित्र दिखाए।

इस पखवाड़े के दौरान 44 भूमिगत और 28 खुली खदानों का निरीक्षण, मुख्यालय द्वारा चयनित 25 टीमों ने किया । निरीक्षण के दौरान खान सुरक्षा उपनिदेशकों ने भी खानों का निरीक्षण करने में अपनी महती भूमिका निभाई। निरीक्षण के बाद सभी टीमों द्वारा सुरक्षा मानक के आधार पर दिए गए अंकों को समीक्षा पोर्टल पर अपलोड किया गया। सुरक्षा पखवाड़ा में शामिल सभी खदानों में अपनों की रक्षा का भाव और उत्साह हमेशा प्रबल रहे इसके लिए एसईसीएल प्रबंधन द्वारा आयोजित 2023 के पुरस्कार वितरण सह समापन कार्यक्रम में 16 जनवरी को आयोजित हो रहा है । खान सुरक्षा महानिदेशालय के डीजीएमएस प्रभात कुमार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे वहीं एसईसीएल सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा और डीजीएमएस उप-महानिदेशक श्री एस डी चिद्दरवार साहब की गरिमामय उपस्थिति रही। मंच पर एसईसीएल निदेशक मंडल सहित कंपनी संचालन समिति , सेफ्टी बोर्ड व वेलफेयर बोर्ड के सदस्य उपस्थित रहे वहीं सभा में एरिया महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष श्रम संघ, यूनियन , एसोसिएशन के पदाधिकारी सहित भारी संख्या में अधिकारी कर्मचारी भी उपस्थित रहे। एसईसीएल के विभिन्न क्षेत्रों , प्राइवेट माइनिंग कंपनियों , मशीन निर्माताओं आदि के द्वारा स्टॉल का प्रदर्शन किया गया जिसमें खनन गतिविधियों, सुरक्षा उपकरणों , आधुनिक तकनीक से खनन आदि का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंचस्थ अतिथियों द्वारा माननीय कोयला मंत्री के संदेश के साथ ‘सुरक्षा स्मारिका’ का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई तदंतर महाप्रबंधक दीपका क्षेत्र श्री अमित सक्सेना ने मंचस्थ अतिथियों का पुष्प-गुच्छ शॉल पुस्तक से स्वागत किया। मिशन मितवा व मिशन सुदेश एसईसीएल सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा ने कंपनी में सुरक्षा की कार्यसंस्कृति को पोषित करने के लिए मिशन मितवा तथा मिशन सुदेश की घोषणा की है जिनमें सुरक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए कई कदम उठाये जा रहे हैं। गत वर्ष की तुलना में इस वर्ष एसईसीएल में दुर्घटनाओं की संख्या में कमी देखी गई है।

ट्रेनों के ठहराव की सुविधा में किया विस्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुये रेल प्रसाशन द्वारा दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली गाड़ी संख्या 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के जैतवार स्टेशन में 15 जनवरी तक एवं गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल के उंचेहरा स्टेशन में 16 जनवरी तक प्रायोगिक ठहराव की सुविधा उपलब्ध कराई गई थी। यात्रियों को दी गई इस सुविधा को निरंतर जारी रखने हेतु इन दोनों गाड़ियों के उपरोक्त स्टेशनों में ठहराव की सुविधा का विस्तार किया गया है। अब गाड़ी संख्या 15159/15160 छपरा-दुर्ग-छपरा सारनाथ एक्सप्रेस का जैतवार स्टेशन में ठहराव की सुविधा 13 अगस्त तक रहेगी। इसी प्रकार अब गाड़ी संख्या 18247/18248 बिलासपुर-रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस का उंचेहरा स्टेशन में ठहराव की सुविधा 14 अगस्त तक रहेगी।

न्यूज गैलरी

रावतपुरा सरकार विवि का खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आयोजन

क्यू. आर कोड स्कैन कर विद्यार्थी कर सकते है नि:शुल्क पंजीयन

रायपुर/नवप्रदेश। रावतपुरा सरकार विश्वविद्यालय शिक्षा के क्षेत्र में परिकल्पना को पूर्ण करने में अग्रसर है। विश्वविद्यालय द्वारा 29 जनवरी 2024 से सात दिवसीय राज्य स्तरीय खेल एवं सांस्कृतिक महोत्सव आरोहण-2024 का आगाज करने जा रहा जिसका समापन 4 फरवरी 2024 को होगा। इस महोत्सव में विश्वविद्यालय, महाविद्यालय और विद्यालय के न्यूनतम 15 वर्ष आयू के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते है। इस महोत्सव में राज्य के माननीय मुख्यमंत्री , माननीय उप मुख्यमंत्री और छत्तीसगढ़ शासन के केबिनेट मंत्री भी करेंगे शिरकत। लाइव कॉन्सर्ट में बॉलीवुड की मशहूर युवा गायिका पावनी पाण्डेय अपने सुरों से करेंगी एंटरटेनमेंट। 29 जनवरी को उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री बृजमोहन अग्रवाल मशाल जलाकर आरोहण-2024 को करंगे आरंभ। 4 फरवरी को समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सभी विजेताओ एवं प्रतिभागियों को करेंगे सम्मानित।

सामान्य बातें दिल में उतरती है: मुकेश

रायपुर/नवप्रदेश। कोलंबिया कॉलेज और कोलंबिया कॉलेज ऑफ साइंस एंड कॉमर्स, रायपुर द्वारा प्रभावी भाषण कला और पैट्रिऑटिस्म पर एक महत्वपूर्ण सेमीनार आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रुप में मुकेश शाह के मार्गदर्शन में, छात्रों ने न केवल भाषण कला के अनेक उपयोगी पहलूओं को जाना, बल्कि देशभक्ति की भावना को भी समझा। श्री शाह ने बताया कि एक वक्ता हमेशा देने के लिए होता है। उसे श्रोताओं से प्रशंसा पाने की उम्मीद से नहीं बल्कि अपनी बातों को प्रभावी तरीके से रखने का प्रयास करना चाहिए। वक्ता को बहुत बड़ी बड़ी बातें करने से बचना चाहिए क्योंकि बड़ी बातें तात्कालिक तौर पर प्रशंसा तो दिला सकती हैं किन्तु सामान्य और सहज बातें दिल में उतर जाती है। बहुत ही सरलता और सौम्यता से कही गई बातें श्रोताओं को ज्यादा प्रभावित करती हैं। प्रशिक्षण में पांच डब्ल्यू और एक एच के सिद्धांत को प्रभावी भाषण का प्रमुख हिस्सा बताया गया जिसमें छात्रों ने सीखा कि किस प्रकार से वे अपने भाषण की तैयारी करें। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अरुण कुमार दुबे, डॉ. आभा दुबे और आनंद श्रीवास्तव सहित सभी अकादमी के सदस्यों की उपस्थिति ने इसे और भी गरिमामय बनाया। छात्र-छात्राओं की भागीदारी से यह स्पष्ट हुआ कि उन्हें इस प्रकार के प्रशिक्षण से बहुत लाभ हुआ है। कार्यक्रम का समापन कॉलेज द्वारा वक्ता मुकेश शाह को स्मृति चिन्ह भेंट करके किया गया, जो उनके प्रयासों की सराहना का प्रतीक था।

एनपीएल क्रिकेट स्पर्धा में चार मैच खेले गए

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर प्रीमियर लीग के संयोजक कमल वर्मा ने बताया कि इस वर्ष एनवीएल

टूर्नामेंट में विभिन्न विभागाध्यक्ष कार्यालय एवम् मंत्रालय से 60 टीमों ने शामिल होकर हर मुकाबला को रोमांचक बना दिया है। उन्होंने आगे बताया कि एन.पी.एल. क्रिकेट प्रतियोगिता नया रायपुर के आयोजन में आज चार मैच खेले गए। पहला मैच संचालनालय ग्रामोद्योग विभाग इंद्रावती भवन और सीएमएचओ,स्वास्थ्य विभाग रायपुर के बीच मैच खेला गया। ग्रामोद्योग विभाग की टीम टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया और निर्धारित 8 ओवर में एक विशालकाय स्कोर 111 रन बनाए। इस मैच में ग्रामोद्योग की तरफ से दामोदर ने ताबड़तोड़ 58 रन की पारी खेली और वहीं सीएमएचओ की तरफ से संतलाल ने अच्छी गेंदबाजी करते हुए 2 ओवर में 3 विकेट लिया। 112 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीएमएचओ की टीम मात्र 47 रन ही बना सकी।सीएमएचओ की तरफ से खिलानंद और राहुल दोनो ने 8-8 रन का योगदान दिया।

पीडब्ल्यूडी के कार्यों के लिए अब नहीं मिलेगा अतिरिक्त समय

- **कार्य पूर्णता में देरी पर अधिकारियों पर होगी कार्रवाई**

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को नवा रायपुर स्थित निर्माण भवन में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने बैठक में अधिकारियों को सभी निर्माण कार्यों को समय-सीमा में अच्छी गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों को पूर्ण करने के लिए अब अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा। कार्यों को हर हाल में निर्धारित समय में पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि कार्य पूर्णता में देरी पर संबंधित अधिकारी की जवाबदेही तय कर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कार्य पूर्ण करने में आ रही दिक्कतों का तत्परता से समाधान कर काम आगे बढ़ाने को कहा। बैठक में लोक निर्माण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों की जिओ टैगिंग और कार्य प्रगति की मॉनिटरिंग के लिए 'पीडब्लूडी दृष्टि' मोबाइल एप लांच किया। अधिकारियों को इसकी कार्यप्रणाली की भी जानकारी दी गई। लोक निर्माण मंत्री ने बैठक में राज्य में निर्माणाधीन सड़कों, सेतु, पुल-पुलियों, रोड ओव्हरब्रिज और फ्लाईओव्हर्स के साथ ही एकीकृत पंजीयन व्यवस्था, जमीन अधिग्रहण और मुआवजों के लंबित मामलों की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में प्रदेश में निर्माणाधीन रोड ओव्हरब्रिज और फ्लाईओवर के काम में तेजी लाते हुए इन्हें समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि काम धीमा होने से लोगों को परेशानी होती है। इसलिए व्यवस्था सुधारते हुए तेजी से काम करवाएं। इनमें लेट-लतीफी की शिकायत नहीं आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्य पूर्ण करने में आ रही दिक्कतों का तत्परता से समाधान निकालें। इसके कारण कार्य पूर्णता में देरी नहीं होना चाहिए। श्री साव ने ट्रैफिक और उपयोगिता को ध्यान में रखकर सड़कों के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण का काम करने के निर्देश दिए।

हर चरण समय पर पूर्ण कराने के निर्देश

कार्यपूर्णता के लिए अब अतिरिक्त समय नहीं मिलेगा। बहुत ठोस कारण होने पर ही यह स्वीकार्य होगा। उन्होंने बड़ी परियोजनाओं में काम का हर चरण समय पर पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों से एग्रीमेंट के अनुसार सभी काम समय-सीमा में पूर्ण कराने कहा। श्री साव ने अधिकारियों से कहा कि काम पूरा होते ही ठेकेदारों को त्वरित भुगतान करें। इसमें अनावश्यक देरी नहीं होना चाहिए। नियमित भुगतान से काम में गति बनी रहती है।

कार्यों से बढ़ती है विभाग की प्रतिष्ठा

बैठक में कहा कि हमारा अनुभव और हमारी विशेषज्ञता विभाग के काम में दिखनी चाहिए। लोक निर्माण विभाग लोगों के लिए निर्माण करने वाला विभाग है। अच्छे कार्यों से विभाग की प्रतिष्ठा बढ़ती है। इससे राज्य और सरकार की भी प्रतिष्ठा बढ़ती है। आपके काम से प्रदेश की छबि बनेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि काम की गुणवत्ता सर्वोपरि होना चाहिए।

अफसरों को फील्ड में रहने के निर्देश

लोक निर्माण विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने बैठक में कहा कि काम की शुरूआत से ही निर्माण कार्यों की पुख्ता मॉनिटरिंग करें। ठेकेदारों द्वारा काम में देरी या लापरवाही करने पर तुरंत कार्यवाही करें। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में ज्यादा से ज्यादा समय देने को कहा। उन्होंने सभी कार्यों में समय-सीमा का ध्यान रखते हुए गुणवत्ता पर विशेष जोर देने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माण सामग्री तथा निर्माण कार्यों, दोनों की गुणवत्ता की नियमित जांच करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को शहरी आबादी की सुविधा के लिए रिंग रोड निर्माण के प्रस्ताव तैयार करने को कहा। इससे शहर के लिए बाई-पास रोड मिलने के साथ ही मुख्य मार्ग का यातायात भी तेज और स्मूथ होता है।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने की विभागीय बजट की समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधानसभा का बजट सत्र 1 फरवरी में आयोजित होगा। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपना पहल बजट पेश करेंगे। इसकी तैयारी प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शुरू कर दी है। वे लगातार विभागों की बैठक लेकर विभागीय बजट की समीक्षा कर रहे हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को उन्होंने जलवायु परिवर्तन, जल संसाधन, कौशल विकास और सहकारिता मंत्री केदार कश्यप की उपस्थिति में आज मंत्रालय महानदी भवन में उनके संबद्ध विभागों के बजट की तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा की। इस दौरान वन एवं जल संसाधन विभाग के अंतर्गत मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना, लेमरू हाथी रिजर्व परियोजना, चरण पादुका योजना जैसी विभिन्न योजनाओं के बजट, वन प्रबंधन समितियां एवं सिंचाई परियोजनाओं के साथ ही राजस्व में वृद्धि हेतु वनोपज से विभिन्न प्रकार के प्रोडक्ट तैयार करने को लेकर विस्तृत चर्चा की। इसके साथ ही मंत्री द्वय ने विभागीय अधिकारियों के साथ लाइवलीहुड कॉलेज की सुविधाओं में विस्तार, गुणवत्ता में सुधार एवं प्लेसमेंट के प्रतिशत में बढ़ोतरी के लिए भी सार्थक चर्चा करने के साथ ही माइक्रो एटीएम की पंचायत स्तर पर व्यवस्था हेतु वित्तीय प्रावधान एवं पैक्स को सीएससी के रूप में विकसित करने जैसे सुझावों पर भी चर्चा की। इसके अलावा वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन की उपस्थिति में विभाग के बजट को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की। श्री चौधरी ने विभाग के बजट की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। वहीं खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के मंत्री दयालदास बघेल की उपस्थिति में विभाग के बजट को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने महत्वपूर्ण योजनाओं के बजट को लेकर विभागीय अधिकारियों से विस्तार पूर्वक चर्चा की।

'सहयोग' की मकर संक्रांति में रामायण के प्रसंग पर चर्चा

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ नागरिक मंच सहयोग ने मकर संक्रांति पर धूमधाम से मनाया। 97 वर्षीय सुधाकर राव कुंडापुरकर व उनकी पत्नी को तिल-गुड़ खिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जनवरी महीने में जिन वरिष्ठ सदस्यों के जन्मदिन हैं, उन्हें मंच पर बुलाकर व आरती उतारकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात गजानन वंदना, भजन गायन, राम नाम जाप, मंत्रोच्चार कर श्रद्धा व भक्ति का वातावरण तैयार किया। ज्योत्सना भाटे, ज्योति डोलस, दिव्या पत्रीकर, दीपांजलि भालेराव, श्रीमती गिजरे के सुमधुर भजन कार्यक्रम की विशेषता रहे। इस बीच रामायण- महाभारत पर प्रश्नोत्तरी से वरिष्ठ नागरिकों ने अपनी सामान्य जानकारी की भी

परीक्षा ली। मकर संक्रांति पर प्रश्नोत्तरी सदस्यों पर कुछ भारी पड़ी। फिर भी स्नेहल मोडक और शरद डांगे ने कई प्रश्नों का जवाब देकर आकर्षक पुरस्कार जीते। रामदास जोगलेकर ने रामायण के प्रसंग की भावनात्मक व्यवस्था की। अयोध्या से यहां आए रामलला प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अक्षत सदस्यों को वितरित किए गए।

आज शाम होगी साय कैबिनेट की बैठक

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में आज बुधवार शाम कैबिनेट बैठक होगी।

बैठक शाम 5 बजे मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक आयोजित की गई है। बैठक में सारे मंत्री मौजूद रहेंगे। बता दें कि राज्य की विष्णुदेव सरकार ने सप्ताह के हर बुधवार को कैबिनेट बैठक आयोजित करने का फैसला किया है। अब तक साय सरकार की चार कैबिनेट बैठक हो चुकी हैं। जिसमें कई अहम फैसले लिए जा चुके हैं। आज की बैठक में भी कई बड़े फैसले लेने की संभावना है।

धान खरीदी के सारे रिकॉर्ड ध्वस्त, अब तक 111.75 लाख एमटी खरीदी

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी की गारंटी के अनुरूप 3100 रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदी तथा 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान खरीदी के निर्णय से धान खरीदी केंद्रों में अन्नदाताओं ने अपना धान बेचकर बंपर धान खरीदी का अब तक का सारा रिकार्ड तोड़ दिया। मंगलवार को 111.75 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी की गई। पिछले साल 107.53 लाख मीट्रिक टन की खरीदी हुई थी। बंपर खरीदी की स्थिति तब है जब धान खरीदी के लिए पूरा एक पखवाड़ा बचा है। राज्य शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में 130 लाख मीट्रिक टन धान उपार्जन का लक्ष्य रखा गया है। जिसके विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा अब तक किसानों से 111.75 लाख मीट्रिक टन धान की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। धान के एवज में किसानों को 23448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान विक्रय का लाभ पूर्व में धान बेच चुके किसानों को भी मिलेगा। इसका आशय यह है कि एक नवम्बर से अब तक पूर्व निर्धारित मात्रा के अनुरूप धान बेच चुके किसान, शेष मात्रा का धान, उपार्जन केन्द्र में 31 जनवरी तक बेच सकेंगे। मार्कफेड के महाप्रबंधक से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य में समर्थन मूल्य पर अब तक 21 लाख 266 किसानों से 111 लाख 75 हजार 247 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। इसके एवज में किसानों को 23 हजार 448 करोड़ रूपए से अधिक की राशि का भुगतान बैंक के माध्यम से किया गया है। धान खरीदी के साथ-साथ कस्टम मिलिंग के लिए निरंतर धान का उठाव जारी है। अब तक 92 लाख 5 हजार 247 मीट्रिक टन धान के उठाव के लिए डीओ जारी किया गया है। जिसके विरूद्ध में मिलर्स द्वारा 71 लाख 87 हजार 338 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जा चुका है। विगत खरीफवर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर 23 लाख 42 हजार 50 किसानों से 107.53 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई थी। धान खरीदी के एवज में किसानों को करीब 22 हजार 067 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था।

चेंबर प्रीमियर लीग का हो रहा आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स द्वार आयोजित चेंबर प्रीमियर लीग क्रिकेट का आयोजन सुभाष स्टेडियम में किया जा रहा हैं,आज के मैच के मुख्य अतिथि के रूप में एडवरटाइजिंग एजिंसीज एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष ओंकार सिंह महासचिव अफसर खान ,दिलीप इसरानी , सुजीत सिंह एवम चेंबर के पदाधिकारी उपस्थित थे।

संत ज्ञानेश्वर स्कूल के बच्चों ने मनाया पोंगल उत्सव

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल के संत ज्ञानेश्वर स्कूल प्रांगण में शहीद राजगुरु हाउस में सोमवार को पोंगल त्योहार धूमधाम से मनाया। इस मौके पर बच्चों ने पोंगल के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। दक्षिण भारतीय परिधान में डी. अंजलि राव, दीपक राव ने अभिनय से प्रभावित किया। छात्राओं प्रतिमा दास, मिस्टी बर्मन, छात्र ओजस अग्निवंशी ने पोंगल के बारे में सारगर्भित जानकारी दी। शिक्षिका अस्मिता कुसरे ने भी पोंगल कैसे, क्यों और कब मनाया जाता है, के बारे में बच्चों को बताया। अपर्णा

आठले ने बच्चों की प्रस्तुतियों व पोंगल पर्व पर उनकी जानकारी की सराहना की। पोस्टर बनाकर ओजस अग्निवंशी ने इस त्यौहार को समझाने का प्रयास किया।

मंदिरों की स्वच्छता में राज्यपाल भी आगे आए

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मंगलवार को रायपुर के वीआईपी रोड स्थित श्री राम मंदिर एवं गायत्री नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर में झाड़ू लगाकर स्वच्छता का संदेश दिया। उन्होंने राज्य एवं देश के समस्त नागरिकों से आग्रह किया कि सभी अपने आस-पास के मंदिरों को स्वच्छ रखें। राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आव्हान पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अपने आस-पास को स्वच्छ रखकर हम धरती माता की सेवा करते है। उन्होंने कहा कि इस अभियान से हमें मानव सेवा की प्रेरणा मिलती है। इसके पूर्व हरिचंदन ने दोनों मंदिरों में भगवान श्री राम और श्री जगन्नाथ का दर्शन कर विधिवत पूजा अर्चना की और प्रदेश सहित समस्त देशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर के विधायक पुरंदर मिश्रा, मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

आज साव नगरीय प्रशासन के कार्यों की करेंगे समीक्षा

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव 17 जनवरी को विभागीय कार्यों की समीक्षा करेंगे। नगरीय प्रशासन एवं विकास विकास के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ही राज्य के सभी नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों के अधिकारी बैठक में मौजूद रहेंगे। समीक्षा बैठक नवा रायपुर स्थित मंत्रालय (महानदी भवन) में सवेरे नौ बजे से आयोजित की गई है।

कलिंगा में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया

रायपुर/नवप्रदेश। सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) मंत्रालय के अधिकारियों की उपस्थिति में कलिंगा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस मनाया गया। यह कार्यक्रम कलिंगा इनक्यूबेशन फाउंडेशन (केआईएफ) और इंस्टीट्यूट्स इनोवेशन काउंसिल (आईआईसी) द्वारा फार्मेसी संकाय के सहयोग से विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया था। कैरियर और कॉर्पोरेट रिसोर्स सेन्टर (सीसीआरसी) के निदेशक पंकज तिवारी ने नवाचार और स्टार्टअप पर स्वागत भाषण दिया। कलिंगा विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. संदीप गांधी ने राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस समारोह के बारे में प्रकाश डाला और कहा कि कलिंगा विश्वविद्यालय स्टार्ट-अप के लिए एक मेजबान संस्थान है और बिजनेस आइडिया के लिए 15 लाख रुपये तक की अनुदान राशि प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन महत्वाकांक्षी व्यवसायों के लिए दिलचस्प संभावनाएं प्रदान करते हैं। मुख्य अतिथि एमएसएमई रायपुर के संयुक्त निदेशक राजीव एस थे। उन्होंने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों के बारे में जानकारी साझा की। एमएसएमई के उमेश प्रसाद ने विनिर्माण इकाइयों पर बहुमूल्य जानकारी दी। बैठक में उपस्थित सफल उद्यमियों शैलेन्द्र आनंद, सुश्री कविता सोनी एवं सुश्री आयुषी चौधरी द्वारा सफलता की कहानियाँ साझा की गईं। अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

रायपुर में 17-18 जनवरी को 1 लाख से ज्यादा घरों में नहीं होगी पानी सप्लाई

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में 17 और 18 जनवरी को पानी सप्लाई नहीं होगी। 1 लाख से अधिक घरों में पानी नहीं आएगा। दरअसल राइजिंग मेन लाइन (पाइपलाइन) में खराबी आई है। तेलीबांधा चौक टनल क्रॉसिंग के अंदर की पाइपलाइन में लीकेज हो गई है। इसकी मरम्मत का काम 17 जनवरी को दिनभर चलेगा। इसकी वजह से 17 जनवरी की शाम और 18 जनवरी की सुबह पानी सप्लाई नहीं हो पाएगी।

17 की सुबह तक पानी की पूरी सप्लाई नगर निगम करेगा। अधिकारियों ने मरम्मत में करीब 12 घंटे का वक्त लगने की बात कही है।

इन इलाकों में नहीं आएगा पानी

नगर निगम के अफसरों के मुताबिक मोवा-सड्डू की ओर जाने वाली 700 एमएम व्यास की राइजिंग मेन पाइप लाइन में लीकेज आ गई है। नगर निगम के जल विभाग की टीम इस लीकेज की मरम्मत करेगी। अब इसकी वजह से अमलीडीह, अवंति विहार, मण्डी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी, कचना, आमासिवनी और जोरा की पानी टंकी में पानी नहीं आएगा।

ये पानी टंकियां 1 लाख से अधिक घरों में पानी पहुंचाती हैं। इन इलाकों के अलावा बाकी हिस्सों में पानी पहले की तरह ही दिया जाएगा।

निगम कर रहा पानी टंकी की सफाई

नगर निगम शहर की सभी पानी टंकियों की सफाई कर रहा है। भनपुरी पानी टंकी की दीवारों की कैमिकली डिसइन्फेक्शन, सील्ट सफाई की गई। रायपुर के सभी 10 जोन के तहत 70 वार्डों की टंकियों को साफकिया जा रहा है। सोमवार को नगर पालिका निगम जल कार्य विभाग ने जोन क्रमांक 1 के तहत 3200 किलोलीटर क्षमता वाली नई भनपुरी पानी टंकी की सफाई कराई।

सफाई के बाद होगी आपूर्ति

आज 16 जनवरी मंगलवार को सुबह की पानी सप्लाई के बाद पुरानी भनपुरी पानी टंकी जिसकी क्षमता 2000 किलोलीटर है इसे साफ किया जाएगा। 17 जनवरी बुधवार को खमतराई टंकी जिसकी क्षमता 3200 किलोलीटर है इसे साफ किया जाएगा। रायपुर नगर पालिक निगम क्षेत्र की सभी 43 पानी टंकियों के भीतर की दीवारों को कैमिकली डिसइन्फेक्शन कर वाल्व में कैमिकली स्प्रे से सफाई करवाई जा रही है।

न्यूज गैलरी

अखिल गोयनका बने सीए

पेंड्रा/नवप्रदेश। नगर के युवा अखिल गोयनका चार्टड एकाउंटेंट बना। वे नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी सुभाष गोयनका के पुत्र हैं। उनके सीए बनने पर पेंड्रा के लोगों ने शुभकामनाएं दी। इसे नगर और समाज के लिए गौरव बताया।

चोरी की बाइक के साथ चोर गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा जितेन्द्र शुक्ला के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक भूषण एक्का एवं थाना प्रभारी बालको अविनाश कंवर के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी रजगामार लक्ष्मण प्रसाद खुटें, हमराह स्टाप प्रधान आरक्षक 174 गुरूवार सिंह, 353 विनोद कुमार, आरक्षक 721 करण सिंह के नतृत्व में चोरी किये गये 1 नग मोटरसाइकिल ड्रिम नियों क्र0 सी.जी.12 ए.के. 1388 को जप्त करने में सफ्लता प्राप्त हुई है। दिनांक 15.01.2024 को सूचना प्राप्त हई कि ओमपुर रजगामार के कुशल साहू पिता रम्भहन साहू उम्र 37 वर्ष चोरी के मोटर साइकिल में घुमते हुए दिखाई दिया है। उक्त सूचना पर आरोपी कुशल साहू को ओमपुर क्वाटर स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये गये जगह डूमरढीह जंगल से 1 नग मोटर साइकिल ड्रिम नियों क्र0 सी0जी012 ए0के0 1388 को बरामद कर 379 भादवी में गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

मोटर साइकिल के साथ युवक गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। चोरी की मोटर साइकिल में घूमना एक युवक को महंगा पड़ गया। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी युवक को चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया है। चौकी प्रभारी रजगामार लक्षमण प्रसाद खुटें अपनी टीम प्रधान आरक्षक 174 गुरूवार सिंह, 353 विनोद कुमार, आरक्षक 721 करण सिंह के नेतृत्व में बाइक चोर को पकड़ा है। पुलिस को किसी ने सूचना दी थी कि ओमपुर रजगामार के कुशल साहू चोरी के मोटर साइकिल में घुमते हुए दिखाई दिया। उक्त सूचना पर आरोपी कुशल साहू को ओमपुर क्वाटर स्कूल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया और उसके बताये गये जगह डूमरढीह जंगल से 1 नग मोटर साइकिल ड्रिम नियों बरामद कर 379 भादवी मैं गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय पेश किया गया है।

लाखों के कबाड़ के साथ दो गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। लाखों का कबाड़ लेकर ओडिशा से छत्तीसगढ़ आ रहे एक वाहन चालक और परिचालक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी कबाड़ के संबंध में उचित दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर पाए। इसके चलते उन्हें पकड़ कर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस ने एक टाटा 1109 वाहन को पकड़ा। वाहन चालक का नाम पता पूछने पर चालक ने अपना प्यारी लाल साहू पिता दुर्योधन साहू, उम्र 37 वर्ष, धुमाभाटा, थाना जगदलपुर (उड़ीसा) व ड्रायवर सीट के बाजू में बैठे व्यक्ति का नाम पता पूछने पर अपना नाम जोगेश्वर मांझी पिता धरणीधर मांझी, उम्र 19 वर्ष, सराईकेला, शाना जगदलपुर जिला बरगढ़ (उड़ीसा) का निवासी होना बताये। वही वाहन में क्या है पूछने पर वाहन के पीछे डाला में लोहे का एंगल, छड़, राड़, पाईप, लोहे का प्लेट, वाहनों के पार्टस बोरिंग का लोहा एवं विभिन्न प्रकार के लोहा टीना का कवाडी सामान होना बताया। जांच पड़ताल में कोई दस्तावेज नहीं होना बताया। संपूर्ण कार्यवाही थाना बसना पुलिस स्टाफ द्वारा किया गया है।

माओवादियों ने की युवक की हत्या

बीजापुर/नवप्रदेश। रविवार की आधी रात ग्राम पुसनार धुर्वापारा निवासी 19 वर्षीय युवक रिशू पूनेम की माओवादियों के द्वारा धारदार हथियार से की गई हत्या। हत्या करने के बाद माओवादियों ने मृतक का शव पुसनार रोड पर मिला।

परिजनों द्वारा थाना गंगालूर में घटना की सूचना दी गई। मामले की तस्दीक उपरान्त शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौपा गया। विदित हो कि 12 जनवरी 24 को पुलिस और माओवादियों के बीच हुए मुठभेड़ में गंगालूर एरिया कमेटी के जनमिलिशिया कमाण्डर तोया पोटाम के मारे जाने के बाद बौखलाहट में माओवादियों के द्वारा निर्दोष ग्रामीण की हत्या की गई है। प्रकरण में थाना गंगालूर में पृथक से प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही की जा रही है।

विकास में नहीं रहेगी कोई कमी : रोहित

- विधायक रोहित साहू ने निकाली आभार रैली

गरियाबंद/नवप्रदेश। सोमवार को विधायक रोहित साहू ने आभार रैली निकाली। अपने जीत पर उन्होंने लोगों का आभार व्यक्त किया। विधायक बनने के बाद पहली बार गरियाबंद पहुंचे राजिम विधायक रोहित साहू का नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार मेमन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी और पुष्प वर्षा कर जोशीला स्वागत किया। विधायक साहू ने काली मंदिर से गांधी मैदान तक रैली निकाली। खुले जीप पर सवार विधायक ने लोगों का हाथ जोड़ कर अभिवादन किया। विधायक रोहित साहू ने भाजपा की सरकार बनाने और राजिम में कमल खिलाने के लिए आभार माना। उन्होंने कहा कि आप सब के कारण ही आज छत्तीसगढ़ में खुशहाली आई हैं। छत्तीसगढ़ में विकास के लिए जनता ने वोट किया। मोदी की गारंटी पर भरोसा जताया। सरकार बनते ही मोदी की गारंटी को पूरा करना शुरू कर दिया है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में पीएम की सभी गारंटी को पूरा करेगी। राजिम विधासनभा और गरियाबंद के विकास का पहिया तेजी से आगे बढ़ेगा। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश साहू, महामंत्री अनिल चंद्राकर, महिला मोर्चा प्रदेश महामंत्री विभा अवस्थी, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, जिला मंत्री मिलेश्वरी साहू, मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सोनटेके, बलदेव सिंह हुंदल, भीखू भाई मयाणी, नंदा स्वामी, अनूप भोषले, घनश्याम सिन्हा, दीनदयाल सिन्हा, मिलेश्वरी साहू, राधेश्याम सोनवानी, सागर मयाणी, आशीष शर्मा, अजय रोहरा, सभापति आसिफ मेमन, रिखीराम यादव, विष्णु मरकाम, गुलेश्वरी ठाकुर, वंश गोपाल सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि प्रह्लाद सिंह ठाकुर, महामंत्री धनंजय नेताम, सुमित पारख, ताकेश्वरी साहू, बिंदु सिन्हा, रेणुका साहू, विजय टांक, सलीम मेमन, विनोद नेताम, परमेश्वर सेन, संजू साहू, नूतन देवांगन, पप्पू ठाकुर, प्रतिभा हुमने, सरला कोसरिया सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

दीए बनाने में जुटे कुम्हार परिवार

डोंगरगांव/नवप्रदेश। भारत में 22 जनवरी का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इंतजार क्यों न हो अयोध्या में श्री राम लला के लिए नव निर्मित मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। भारत के हिंदू अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। हर घर में दीपों से जगमगाएगा। दीवाली की तरह बाजार में रौनकता है। कुम्हार लोग दीया मटकी बनाने में जुटे हैं। गांव शहर के बाजारों में मांग के अनुरूप दीया बना रहे हैं। वहीं डोंगरगांव नगर में भी दीयों की भारी मांग है। अनेक चौराहों व मंदिरों में दीप जलाएंगे। इसके लिए देवेंद्र कुंभकार को आर्डर मिला है। पचास हजार दीपक बना रहे हैं। इसके लिए स्व उमराव कुंभकार की पत्नी सोनिया कुंभकार सहित उनके परिवार के सोनऊ कुंभकार, लीला कुंभकार, गजेंद्र कुंभकार, योगिता कुंभकार का पूरा परिवार सुबह-शाम कड़ी मेहनत कर रहे हैं। देवेंद्र कुम्भकार दीया मिट्टी के अन्य सामग्री बनाते हैं:कुम्हार के हाथों में जादू है वो मिट्टी को चाक पर रखकर सृजन करते हैं। देवेन्द्र कुम्भकार का परिवार परिचय का मोहताज नहीं है। देवेंद्र के पिता सोनऊ कुम्भकार माटी कला बोर्ड के सदस्य हैं। उनकी बनाई सामग्री प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के व्यापारी ले जाते है और बाजारों में बेचते हैं। अनेकों सामान, खिलौने, कछुआ घंटी कंडील, मटकी, बैल गाड़ी थर्मस कुल्हड़ आर्टिस्ट नारियल झूमर लोटा शिवलिंग हाथी घोड़ा गुलदस्ता इत्यादि बनाते हैं। उनके बनाए सामग्री से लोग मंत्र मुग्ध हो जाते हैं।

रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा शुरु

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। ग्राम छिर्रा में रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ सरपंच प्रतिनिधि मनहरण खटकर ने फीता काटकर किया।

जिसमें प्रथम पुरस्कार 12001 रुपये,द्वितीय पुरस्कार 8001 रुपये है।श्री खटकर ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुये कहा कि जीवन मे हार जीत जरूरी नही है खेलना जरूरी है।विदित हो कि पहली बार ग्राम छिर्रा में पहली बार रात्रकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता हो रही है जिससे लोगों में काफी उत्साह है।कार्यक्रम में कप्तान पिंटू भटपहरे उप कप्तान राजेन्द्र वर्मा सदस्य परमेश्वर साहू, मनमोहन कर्ष, प्रेमांशु साहू,मनीष साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित थे।

दुपहिया होने से पीएम आवास योजना से दर्जन भर हुए वंचित

बालोद/नवप्रदेश। डौंडीलोहारा ब्लॉक के ग्राम मनकी के दर्जन भर ग्रामीणों को इस योजना से बाइक होने के कारण वंचित कर दिया गया। मंगलवार 16 जनवरी को ग्राम मनकी के दर्जन भर ग्रामीणों ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन सौंपने पहुंचे थे। ग्रामीणों ने सरपंच, सचिव और पंचायत के पंचों पर फर्जी तरीके से सर्वे सूची से नाम काटने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम पंचायत के सरपँच, सचिव और पंच द्वारा हमारे घर में दोपहिया वाहन होने के कारण इस योजना का लाभ पाने से उन्हें वंचित कर दिया है।

कलेक्टर को आवेदन देने पहुँचे मनकी के ग्रामीण माणिक साहू ,सुमति बाई , कामिन बाई ठाकुर,सोहनलाल , सोनकुंवर, नानुराम व स्वरूपा बाई ने बताया कि गांव में और भी कई ऐसे लोग हैं जिनके पक्के मकान है, घर में दोपहिया वाहन है, एक घर में एक व्यक्ति के दो पुत्र हैं और उन तीनों का नाम इस योजना के पात्र सूची में है और उन्हें लाभ दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने कहा कि सरपंच, सचिव सहित वहां के पंचगण द्वारा कहा जाता है कि आपके घर दोपहिया वाहन है इसलिए पात्र हितग्राहियों की सूची से नाम काटा गया है। अगर ऐसा नियम है तो गांव के सभी लोगों का नाम काटा जाना चाहिए।

ग्रामीण कवलसिंग, महाबती, अशोक कुमार, हीरालाल, टीकम कटेन्द्र ने बताया कि वर्ष 2011 और 2018 की सूची में हम सभी आवेदकों का नाम आया था लेकिन ग्राम पंचायत के पदाधिकारियों द्वारा बिना सूचना दिए हम सभी के नाम को ग्राम पंचायत की बैठक में अपात्र घोषित कर दिया गया। ग्रामीणों ने आवेदन पत्र में कहा कि पंचायत द्वारा कूटरचित तरीके से हमारा नाम काटा है। कलेक्टर को आवेदन सौंपकर फिर से नाम जोड़ने की मांग किए हैं।

अक्षत कलश के साथ घर-घर दे रहे हैं निमंत्रण

गंडई/नवप्रदेश। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है।

इसकी तैयारी गंडई नगर के विभिन्न वार्डों में जोर-जोर से चल रही है। सोमवार 15 जनवरी को वार्ड 05 के पार्षद प्रतिनिधि टूम्मन साहू एवं तरुण मित्र भजन मंडली के पदाधिकारी तातु यादव, नंदकिशोर साहू, रूपेश साहू, ज्ञानू सोनी, विष्णु सोनी, नेम दास खुसरो, नारायण सोनी, दादू नामदेव, जुगल किशोर नामदेव, एवं वार्ड वासियों के द्वारा घर-घर जाकर पीले चावल और आमंत्रण कार्ड देकर राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण दे रहे हैं। इस दौरान उक्त दिन वार्डवासियों को अपने मोहल्ले एवं घरों को सजाना है। अपने क्षेत्र एवं वार्ड के मंदिर में सामूहिक रूप से भजन कीर्तन और आरती करते हुए दिवाली महोत्सव मनाने की अपील की है।

डिप्टी सीएम से मिले साहू संघ के पदाधिकारी

भटगांव/नवप्रदेश। जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के पदाधिकारियों के द्वारा आरंग के रीवां में साहू समाज के द्वारा आयोजित युवक युवती परिचय सम्मेलन में उप मुख्यमंत्री अरुण साव से सौजन्य मुलाकात किया। इस दौरान बिलाईगढ़ नगर में कुछ दिनों बाद आयोजित होने वाले जिला स्तरीय राजिम माता जयंती एवं सम्मान समारोह के साथ ही साथ युवक युवती परिचय सम्मेलन के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने न्यौता दिया। इससे पहले जिला साहू संघ ने रायपुर में विधायक मोतीलाल साहू और साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंह साहू से भी मुलाकात कर कार्यक्रम के बारे में चर्चा की। बिलाईगढ़ क्षेत्र में जल्द ही साहू समाज के द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन होना है। जिसकी तैयारियां शुरू हो गई है। जल्द ही डिप्टी सीएम अरुण साव का समय मिलेगा जिसके बाद कार्यक्रम की तिथि भी का भी निर्णय लिया जाएगा। इसके लिए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव से विस्तार से चर्चा की गई। जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़ के जिला अध्यक्ष तोषराम साहू ने कहा की लगातार जिले के समाज हित में कार्य किया जा रहा है। आने वाले कुछ दिनों में और कई

कार्यक्रम भी किया जायेगा जिसमें जिला सतरीय सम्मान समारोह और युवक युवती परिचय सम्मेलन के साथ ग्राम पंचायत पवनी में माता कर्मा मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा भी शामिल है । इस मौके पर सेतुराम साहू महासचिव जिला साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़, गोपाल साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ भटगांव, शनी राम साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ बिलाईगढ, दशरथ साहू महासचिव तहसील साहू संघ बिलाईगढ आदि उपस्थित थे। संतोष साहू कोषाध्यक्ष तहसील साहू संघ बिलाईगढ, करन साहू जिला मीडिया प्रभारी साहू संघ सारंगढ़ बिलाईगढ़, कृष्णा साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ नगरदा, हेतराम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र साहू संघ पवनी, लोकनाथ साहू अध्यक्ष ग्रामीण साहू संघ पवनी भी उपस्थित थे।

कलेक्टर ने ली धान खरीदी के संबंध में बैठक

बिलाईगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर के एल चौहान ने जनपद पंचायत सारंगढ़ के सभाकक्ष में जिले के धान खरीदी के संबंध में बैठक ली। बैठक में एसडीएम सारंगढ़ वासु जैन, उप संचालक कृषि आशुतोष श्रीवास्तव, खाद्य अधिकारी चित्रकांत ध्रुव, जिला विपणन अधिकारी मनोज यादव, सहायक पंजीयक सहकारिता व्यास नारायण साहू, तहसीलदार कमलेश सिदार उपस्थित थे। बैठक में कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्र के अधिकारियों से लक्ष्य के अनुरूप अब तक किए गए धान खरीदी भंडारण, उठाव, परिवहन, आवश्यक बरदाना आदि के व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि कोई भी किसान यदि एक ही रकबे का पंजीयन छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम में किया है तो उस रकबे का धान, समिति में नहीं बेच सकता। बैठक में धान खरीदी केंद्र में धान आवक, खाद्य विभाग से जारी आदेश (डीओ) के विरुद्ध राइस मिलर द्वारा धान खरीदी केंद्र से धान का उठाव, शेष धान की मात्रा, बफर क्षमता से अधिक धान वाले उपार्जनों केंद्र की संख्या, कुल पंजीकृत राइस मिलर, राइस मिल की मासिक मिलिंग क्षमता, उपार्जित धान, अवैध धान आवक पर निगरानी, सीमावर्ती राज्यों से धान के अवैध परिवहन संबंधी प्रकरण, कुल प्रकरण, जप्त धान की मात्रा, कोचिया, बिचौलियों से कुल जप्त धान और वाहन, खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन , धान रकबा समर्पण अंतर्गत कुल पंजीकृत किसानों की संख्या, समर्पित रकबा, विगत खरीफ वर्ष 2022-23 की स्थिति में कुल पंजीकृत रकबा और समर्पित करने वाले किसानों की संख्या और समर्पित रकबा, बारदाना की उपलब्धता, आवश्यकता, नया, पुराना की स्थिति, कस्टम मिलिंग में चावल उपार्जन, खाद्य नागरिक आपूर्ति और भारतीय खाद्य निगम में उपार्जन लक्ष्य और जमा चावल की मात्रा आदि के संबंध में गंभीरता पूर्वक कार्य करने के निर्देश कलेक्टर श्री चौहान ने सभी अधिकारियों, समिति के प्रबंधक आदि को दिए। गौरतलब है कि जिले के पंजीकृत 86 हजार 173 किसानों में से 68 हजार 689 किसानों ने 65 समितियों के

धान खरीदी केंद्र में घुसा हाथी, मचा हड़कंप

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में हाथी का उत्पात थमने का नाम नहीं ले रहा है, कहीं मकान तो कहीं फसल बर्बाद कर रहे हैं. वहीं कोरबा के वनांचल क्षेत्र कुदमुरा के चचिया में शाम ढलते ही अंधेरे में एक दंतैल हाथी आ धमका. हाथी जंगल से होते हुए सीधे धान खरीदी केंद्र जा पहुंचा. हाथी के आने के बाद धान खरीदी केंद्र में हड़कंप मच गया और वहां मौजूद लोग कमरे में जा कर छुप गए. इसकी सूचना ग्रामीणों और वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को दी गई. हाथी धान खरीदी केंद्र में धूमता रहा फिर धान के बोरियों को खाने लगा. इस दौरान हाथी की चिंघाड़ सुनकर चौकीदार और उपस्थिति कर्मचारी डरे सहमे हुए थे. उसके बाद सभी ने जोर-जोर से हाथी को भगाने के लिए चिल्लाने लगे. जिसके बाद हाथी धान खरीदी केंद्र से निकलते हुए गांव से लगे जंगल की ओर निकल गया.

पिछले तीन सालों में बालोद में बढ़ी सड़क दुर्घटनाएं

- 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की शुरुआत शुभारंभ
- एसपी ने जागरूकता रथ को दिखाई हरी झंडी

बालोद/नवप्रदेश। सोमवार को जिले में 34 वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा किया गया । सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय भारत शासन द्वारा जारी गाइडलाइन के अनुसार जिले में 15 जनवरी से 15 फरवरी तक यातायात सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जाना है। सड़क सुरक्षा माह के पहले दिन पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव द्वारा यातायात माह का शुभारंभ किया गया है, साथ ही यातायात जागरूकता रथ को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। जिला पुलिस बल बालोद के अधिकारी/कर्मचारियों द्वारा लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से हेलमेट रैली निकालकर शहर भ्रमण किया गया।

इस मौके पर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने कहा कि सभी व्यक्ति जागरूक बने, लापरवाही से वाहन न चलावे, बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने बालोद पुलिस द्वारा निरंतर सड़क नियमों का पालन करवाने के लिए माह भर जागरूकता अभियान चलाया जाना है, हमारा या शासन का मकसद सिर्फ चालान काटना नहीं होता बल्कि यह लापरवाह वाहन चालकों को सबक सिखाने, भविष्य में दोबारा गलती नहीं करने के लिए जागरूक करना होता है। पिछले तीन सालों के आंकड़े में देखा गया की बालोद जिले में दुर्घटनाएं निरंतर बढ़ती जा रही है, सिर्फ और सिर्फ लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने के कारण यह घटनाएं घटित हो रही है। इन दुर्घटनाओं में देखा गया कि चालक द्वारा शराब का सेवन कर ड्राइविंग किया जाता है शराब सेवन कर वाहन चलाने से निर्णय लेने की क्षमता भी कम हो जाती है व वाहनों की स्पीड भी काफी तेज गति से रहती है। बालोद जिले में कुछ माह पहले अलग-अलग वाहन दुर्घटनाओं में 11

व 6 लोगों की जान गई, वाकई में यह बहुत ही दर्दनाक है। लापरवाही से वाहन चलाने के कारण यह घटनाएं घटित हुई। इसी प्रकार साइबर मढ़ई के माध्यम से भी लोगों को जागरूक किया जा रहा है, कि आजकल मोबाइल में मैसेज, महतारी वंदन योजना, एआई टेक्नॉलाजी का यूज कर आवाज की नकल करना, अनजान लिंक, लोन दिलाने के नाम से ठगी, किसानों की योजनाओं के नाम से ऑनलाइन फ्रॉड हो रहा है, ऑनलाईन फ्राड कॉल लिंक से बचे यदि कोई ऐसा करता है तो उसकी तत्काल सूचना साइबर सेल बालोद में देवे। यातायात सड़क सुरक्षा माह के दौरान विविध कार्यक्रम जैसे स्कूली बच्चों का निबंध लेखन/चित्रकला/स्लोगन प्रतियोगिता, स्काउड गाईड के बच्चों के साथ गुलाब फुल भेंठ कार्यक्रम, वाहन चालकों का स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच, स्कूली बसों/एंबुलेंस का चेकिंग शिविर, लर्निंग लायसेंस शिविर, गुड सेमेरिटन्स का सम्मान जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार नायक, उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय नवनीत कौर, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस प्रतीक चतुर्वेदी, यातायात प्रभारी राकेश ठाकुर, रक्षित निरीक्षक रेवती वर्मा, साइबर सेल प्रभारी जोगेंद्र साहू, बालोद पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहें।

मांस दुकान बंद करने की मांग, सौंपा ज्ञापन

बालोद/नवप्रदेश। सोमवार 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इसी प्रकार कार्यालय आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ रायपुर निर्देशानुसार देशी, विदेशी मदिरा की दुकानों का आबकारी नीति के अंतर्गत व्यवस्थापन नियम एवं अन्य बिन्दुओं पर शासन निर्देश के अनुसार 26 जनवरी गणतंत्र दिवस एवं महात्मा गांधी के निर्वाण दिवस 30 जनवरी 2024 को भी शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान जिले में संचालित समस्त देशी, विदेशी, कम्पोजिट मदिरा दुकानों एवं मद्य भण्डागर, बालोद को 22 जनवरी, 26 जनवरी एवं 30 जनवरी 2024 को पूर्णतः बंद रखने आदेशित किया जाता है। युवा कांग्रेस द्वारा मंगलवार को कलेक्टर इंद्रजीत सिंह को ज्ञापन सौंपकर जिले के तमाम मांस और मछली दुकानों को 22 जनवरी को बंद कराने की मांग करने पहुंचे जिला युवा कांग्रेस ने कहा कि 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर के प्राण

प्रतिष्ठा के आयोजन के दिन जिले के समस्त मीट मांस की दुकानों को बंद कराना चाहिए इसलिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष प्रशान्त बाला बोकड़े , आदित्य दुबे महामंत्री, जिला युवा कांग्रेस शहरअध्यक्ष साजन पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष मोहनीश पारकर उपस्थित थे।

राजनीति में साहित्य ने दखल दिया तो लोगों की दुकानें लगने लगीं : डॉ. घनश्याम नाथ

रायपुर/नवप्रदेश। प्रभा खेतान फाउंडेशन के कार्यक्रम 'कलम' में लेखक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा ने शिरकत की। अभिकल्प फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित कलम की इस कड़ी में प्रोफेसर पीयष कुमार ने बातचीत की। श्री सीमेंट, अभिकल्प फ उंडेशन, एहसास वुमन, हयात के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में आयोजक गौरव गिरिजा शुक्ला ने बताया कि कलम लेखक और पाठक के बीच एक सार्थक संवाद का मंच है जिसमें 2015 से हो रहे आयोजनों में देशभर के प्रसिद्ध साहित्यकार शामिल हो चुके हैं। बातचीत में सवाल जवाब के दौरान डॉ. घनश्यामनाथ कच्छावा ने बताया कि उनके घर में शुरु से साहित्यिक वातावरण था। स्कूल के जमाने में ही उन्होंने लिखना शुरु कर दिया था। उन्होंने कहा कि उनकी प्रिय विधा लघुकथा लिखना है। हालांकि वे कविताएं, हाइकु, डायरी लेखन और अनुवाद जैसे अनेक रचनात्मक कार्यों में स्वयं

को साधा है। उन्होंने कहा कि अनुवाद का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण और कठिन कार्य है। इसमें दो अलग अलग भाषाओं की संस्कृति की समझ होना बहुत आवश्यक है। अनुवाद का अर्थ केवल शब्दानुवाद नहीं है बल्कि उसका भावानुवाद होना भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद पाठकों से भी निवेदन किया कि अलग अलग भाषाओं की रचनाओं का अनुवाद जरुर करें। मॉडरेटर पीयूष कुमार के बाल सहित्य पर किए सवाल पर उन्होंने कहा कि बाल साहित्य वैसे तो बच्चों के मनोविज्ञान के हिसाब से लिखे जाते हैं, लेकिन इसे बड़ी उम्र के लोग भी पढ़ सकें तो यह अधिक पाठकों तक पहुंच सकता है। आज मोबाइल के जंजाल में फंसे बच्चों को किताबों और साहित्य की ओर लाना बहुत ही आवश्यक और कठिन कार्य है। समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपने स्तर पर इसके लिए प्रयास करना पड़ेगा। कलम में पाठकों ने भी अपने प्रश्न लेखक से किए जिनके जवाब देते हुए डॉ. घनश्यामनाथ ने कहा कि मातृ भाषा को बचाए रखने का सबसे पहला कदम है कि लोगों को अपनी मातृभाषा में बात करना होगा। मनुष्य अपनी सर्वश्रेष्ठ अभिव्यक्ति अपनी मातृभाषा में देता है। वरिष्ठ लेखिका डॉ. शोभा निगम ने लेखक डॉ. घनश्याम नाथ कच्छावा को एवं आभा पाल ने मॉडरेटर पीयूष कुमार को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

हाईकोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्तों की नियुक्ति

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा आदेश जारी कर छत्तीसगढ़ शासन की ओर से छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में पैरवी के लिए अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता, उप शासकीय अधिवक्ता और पैनल लॉयर की नियुक्ति कर दी गई है। इनका कार्यकाल कार्यभार ग्रहण के दिनांक से दो वर्षो के लिए होगा। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ शासन विधि एवं विधायी कार्य विभाग द्वारा 15 जनवरी 2024 को आदेश जारी कर पूर्व में नियुक्त अतिरिक्त महाधिवक्ता, उप महाधिवक्ता, शासकीय अधिवक्ता, उप शासकीय अधिवक्ता और पैनल लॉयर की सेवाएं समाप्त कर दी गई थी।

इन अतिरिक्त महाधिवक्ता की हुई नियुक्ति : विधि विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार अतिरिक्त महाधिवक्ता के लिए वाय.एस. ठाकुर, रणवीर सिंह मरहास, राजकुमार गुप्ता, आशीष शुक्ला, बी.डी. गुरू, विवेक शर्मा, सुनील काले, उप महाधिवक्ता के लिए प्रवीण दास, विनय पाण्डेय, यूके एस. चंदेल, संजीव पाण्डेय, शशांक ठाकुर, नीरज शर्मा, डॉ. सौरभ कुमार पाण्डेय की नियुक्ति की गई है।

पैनल लॉयर के लिए इनकी नियुक्ति

इसी प्रकार जारी आदेश में पैनल लॉयर के लिए नितांश जायसवाल, शैलेन्द्र शर्मा, मो. राहुल अमीन मेनन, अभिषेक सिंह, लव शर्मा, दीपक कुमार सिंह, आशुतोष शुक्ला, सुश्री मोनिका सिंह ठाकुर, रिषभ चन्द्र सिंह देव, शुभ्रा श्रीवास्तव, अमित वर्मा, स्मृति श्रीवास्तव, प्रभा शर्मा, नंद कुमार कश्यप, सुश्री साक्षी गोयल, सुश्री आकांक्षा वर्मा, अंकुर कश्यप, यू.पी.एस. साहू, समीर बेहार, सुरेन्द्र देवांगन, प्रदीप सिंह राठौर, विजय बहादुर सिंह की नियुक्ति की गई है।

इन अधिवक्ताओं की हुई नियुक्ति

इसी प्रकार शासकीय अधिवक्ता के लिए दिलमन रतिमिंज, अखिलेश कुमार, अजित सिंह, केशव गुप्ता, संघर्ष पाण्डेय, धीरज वानखेड़े, अरविन्द दुबे, अजय पाण्डेय, सुप्रिया उपासने, राहुल तामस्कर, सतीश गुप्ता, रतन पुष्टि, संतोष सोनी, गैरी मुखोपाध्याय, जितेन्द्र श्रीवास्तव, राजीव भारत और उप शासकीय अधिवक्ता के लिए कु. सुनीता मानिकपुरी, प्रमोद श्रीवास्तव, अतानु घोष, सुश्री प्रज्ञा पाण्डेय, शैलजा शुक्ला, उपासना मेहता, किशन साहू, सुयशधर दीवान, प्रज्ञा श्रीवास्तव, आशुतोष पाण्डेय, अंकुर कश्यप, शालिन सिंह बघेल की नियुक्ति की गई है।

आज बालोद दौरे पर रहेंगे सीएम साय, देंगे 174 करोड़ के विकास कार्यो की सौगात

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज 17 जनवरी को बालोद जिले के तहसील मुख्यालय गुण्डरदेही में अपने प्रथम आगमन के दौरान आयोजित समारोह में जिले में 174 करोड़ 93 लाख रूपये की लागत के 74 विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। इस दौरान सीएम साय जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, जल संसाधन विभाग, आदिवासी विकास विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमि पूजन करेंगे। सीएम गुण्डरदेही पहुँचने के पश्चात सर्वप्रथम जेएलएम अंग्रेजी माध्यम स्कूल परिसर में विकास कार्यो का लोकार्पण एवं भूमिपूजन करेंगे। इसके पश्चात वे जेएलएम अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगे। इस दौरान वे वहाँ लगाए गये स्टालों का निरीक्षण

करने के अलावा शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सामग्रियों का वितरण भी करेंगे। मुख्यमंत्री जेएलएम अंग्रेजी माध्यम स्कूल मैदान में आयोजित तुलसी मानस प्रतिष्ठान के श्री रामचरित मानस के प्रति वितरण कार्यक्रम में शामिल होकर प्रतीकात्मक रूप से कुल 21 श्रद्धालुओं को श्री रामचरित मानस की प्रति भेंट कर श्री रामचरित मानस के पठन-पाठन तथा जन-जन तक इनके व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए आम जनता को प्रोत्साहित करेंगे। समारोह में छत्तीसगढ़ की ख्यातिलब्ध मानस मण्डलियों द्वारा भजन की भी प्रस्तुति दी जाएगी। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय 05 रामायण मण्डलियों को पुरस्कृत भी करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत हितग्राहियों में रसोई गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत आयुष्मान कार्ड आदि का वितरण भी करेंगे। इसके पश्चात् हटरी पारा गुण्डरदेही में स्थित चण्डी मंदिर एवं राम मंदिर में पहुँचकर पूजा-अर्चना करने के बाद राजबाड़ा पहुँचकर पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

सहकारिता विभाग के राजपत्रित अधिकारियों के पदनामों में संशोधन

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य शासन द्वारा सहकारिता विभाग के राजपत्रित अधिकारियों के पदनामों में संशोधन किया गया है। संशोधित पदनाम 'आयुक्त' का उपयोग केवल प्रशासनिक कार्यों के लिए किया जाएगा तथा सहकारिता अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यों के लिए 'पंजीयक' पदनाम का ही उपयोग किया जाएगा। सहकारिता विभाग द्वारा आज यहां मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर से इस आशय का आदेश जारी कर दिया है। सहकारिता विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार संशोधित पदनाम इस प्रकार रहेंगे। पंजीयक (भा.प्र.से) का संशोधित पदनाम आयुक्त (भा.प्र.से) सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं, अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं का संशोधित पदनाम अपर आयुक्त सहकारिता एवं अपर पंजीयक सहकारी संस्थाएं किया गया है। इसी प्रकार संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, का संशोधित पदनाम संयुक्त आयुक्त सहकारिता एवं संयुक्त पंजीयक सहकारी संस्थाएं, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं का संशोधित पदनाम उप आयुक्त सहकारिता एवं उप पंजीयक सहकारी संस्थाए और सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं का संशोधित पदनाम सहायक आयुक्त सहकारिता एवं सहायक पंजीयक सहकारी संस्थाएं किया गया है।

सोशल मीडिया में ट्रेंड हुई रामलला दर्शन योजना

रायपुर/नवप्रदेश। श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में 22 जनवरी को होने जा रहे श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर श्री राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। मंगलवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म X पर -राम-दरस-बर-जाबो नंबर वन ट्रेंड करता रहा। छत्तीसगढ़ की जनभावनाओं को अभिव्यक्त करते इस हैश टैग के साथ सोशल मीडिया यूजर्स अपने विचार साझा करते रहे, जिसमें छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा शुरू की गई श्री श्री रामलला दर्शन योजना की भी खूब चर्चा रही। साथ ही मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का वीडियो संदेश भी साझा किए जाते रहे, जो उन्होंने श्री रामलला प्राण-प्रतिष्ठा समारोह के निमित्त प्रदेशवासियों के नाम जारी किए हैं। परिणाम स्वरूप दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक × पर - राम-दरस-बर-जाबो जमकर ट्रेंड करता रहा।

छत्तीसगढ़ सरकार ने मोदी की गारंटी के तहत छत्तीसगढ़वासियों को श्री रामलला के दर्शन कराने के लिए श्री रामलला दर्शन योजना की शुरूआत की है। इसे लेकर प्रदेशवासी खासे उत्साहित हैं। विशेषकर बड़े-बुजुर्गों का प्रभु राम दर्श का सपना साकार होने जा रहा

है। योजना के प्रथम चरण में सरकार ने 55 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को दर्शन कराने का निर्णय लिया है। इसके बाद सभी को श्रीरामलला के दर्शन कराए जाएंगे। अयोध्या में श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा की घड़ी जैसे-जैसे नजदीक आ रही है, लोगों का उत्साह बढ़ते जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर स्वच्छता अभियान चलाकर तथा श्रमदान कर लोग प्रदेश के मंदिर-देवालयों की साफ -सफ ाई कर रहे हैं। स्वयं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सहित मंत्रीमंडल के माननीय सदस्यगण और अन्य जनप्रतिनिधि भी इस पावन अभियान का हिस्सा बन रहे हैं। इस बीच मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को संबोधित एक वीडियो संदेश भी जारी किया है, जो सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। इसमें उन्होंने प्रदेशवासियों का अभिवादन और जय श्री राम का उद्घोष करते हुए कहा है कि आप सबको पता है कि श्री राम जन्मभूमि अयोध्या धाम में श्री रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने जा रही है। हमारा सौभाग्य है कि हम इस दिव्य और ऐतिहासिक पल के साक्षी बनने जा रहे हैं। संपूर्ण देश में उत्साह है, उमंग है। मुख्यमंत्री श्री साय ने वीडियो में आगे कहा है कि प्रभु श्री राम जन-जन के हृदय में बसते हैं। छत्तीसगढ़ वही कोसल है, जिसकी बेटी, माता कौशल्या ने भगवान राम को जन्म दिया । श्री राम ने दण्डकारय को अपनी चरण रज से पवित्र किया। माँ शबरी के बेरों की मिठास अभी तक छत्तीसगढ़ में घुली हुई है। हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश में रामराज्य की संकल्पना साकार होती जा रही है। प्रभु राम के आदर्शों पर चलकर सेवा और सुशासन के माध्यम से हम भी छत्तीसगढ़ को एक आदर्श और सुशासित राज्य के रूप में स्थापित करने हेतु संकल्पित हैं।

राज्य ओपन स्कूल की परीक्षा 9 मार्च से होगी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल द्वारा आयोजित परीक्षा सत्र 2024 की समय-सारणी का निर्धारण किया गया है। हायर सेकेण्डरी की परीक्षा 9 मार्च से प्रारंभ होकर 6 अप्रैल तक और हाई स्कूल की परीक्षा 11 मार्च से प्रारंभ होकर 3 अप्रेल तक आयोजित होगी। परीक्षा का समय दोपहर 1.45 बजे से शाम 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल के सचिव प्रोफेसर व्ही. के. गोयल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि छात्र-छात्राएं अपनी परीक्षा से संबंधित समय-सारणी का अवलोकन एवं जानकारी समीपस्थ अध्ययन केन्द्र से प्राप्त कर सकते है। इसके अलाव कार्यलयीन वेबसाइट www.sos.cg.nic.in पर भी समय-सारणी उपलब्ध है, जिसे छात्र-छात्राएं डाउनलोड कर सकते है।

जेजेएम के कार्यों में तेजी लाने डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने मंगलवार को रायपुर के ''नीर भवन'' में विभागीय कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने बैठक में प्रदेशवासियों को शुद्ध एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने के लिए तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर नल से जल उपलब्ध कराने की महती मुहिम शुरू की है। इसे लक्ष्य तक पहुंचाने के लिए सभी अधिकारी योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने विभाग में रिक्त पदों को जल्दी भरने पर भी जोर दिया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी

विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और प्रमुख अभियंता एम.एल. अग्रवाल सहित विभाग के सभी मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता और कार्यपालन अभियंता समीक्षा बैठक में मौजूद थे। श्री साव ने जिलेवार सभी विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने विभाग द्वारा स्थापित हैंडपंपों के संधारण एवं सुधार के लिए विशेष अभियान चलाकर काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हैण्डपम्प पेयजल का महत्वपूर्ण स्त्रोत है। यह हमेशा चालू हालत में रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। बैठक में सभी जिलों के कार्यपालन अभियंताओं ने जल जीवन मिशन के साथ ही अन्य विभागीय योजनाओं की प्रगति की अद्यतन स्थिति की जानकारी दी। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्री साव ने राज्य की सभी बसाहटों, स्कूलों और आंगनबाड़ी केन्द्रों में जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल से जल की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने गर्मियों में कहीं पर भी पेयजल की समस्या न हो, इसके लिए समुचित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पेयजल योजनाओं की सतत् निगरानी करने के निर्देश दिए। उन्होंने अच्छा कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रोत्साहित करने तथा कार्य के प्रति उदासीन अधिकारियों पर कार्यवाही करने को कहा। उन्होंने मैदानी स्तर पर कार्यों में तेजी लाते हुए सभी कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। निर्माण व सुधार के आवश्यक कार्य त्वरित गति से हों, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे मुख्यालय में ही रहकर अपने कार्य संपादित करें। श्री साव ने बैठक में समूह नल जल योजनओं, जल आवर्धन योजनाओं, नलकूल खनन तथा विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हैण्डपम्पों के संधारण एवं खनन कार्यों की भी समीक्षा की।

सरकार की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर लाभ दिलाने के निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति विकास मंत्री राम विचार नेताम आज तातापानी महोत्सव में शामिल होने बलरामपुर पहुंचे। उन्होंने स्थानीय विश्राम गृह में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। मंत्री श्री नेताम ने अधिकारियों को शासन की योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन कर पात्र हितग्राहियों इसका लाभ दिलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी आपसी समन्वय से जमीनी स्तर पर गुणवत्तापूर्ण कार्य करें, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ हर व्यक्ति को मिल सके। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हमारी सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गारंटी को पूरा कर रहें है। केन्द्रीय और राज्य सरकार के प्राथमिकता वाली योजनाओं के साथ-साथ हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लोगों को समय पर मिले इस पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाना चाहिए।

महात्मा गांधी उद्यानिकी विवि में नियुक्ति में गड़बड़ी

रायपुर/नवप्रदेश। महात्मा गांधी उद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय में नियुक्तियों में गड़बड़ी के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। अब तृतीय और चतुर्थ श्रेणी पदों पर हो रही नियुक्ति पर भी अनियमितता का मामला सामने आया है। इसे लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने छात्रों के साथ हस्ताक्षर अभियान चलाया है। छात्रों की मांग है कि विश्वविद्यालय में लगातार गड़बड़ियां हो रही है। इसलिए जरुरी है कि जल्द से जल्द कुलपति को बर्खास्त किया जाए। छात्रों का कहना है कि कृषि मंत्री रामविचार नेताम से सहायक प्राध्यापक नियुक्ति में हुए गड़बड़ी के विषय में ज्ञापन भी सौंपा था। कृषि मंत्री के आदेश के बाद भी अभ्यर्थियों की बैक डेट पर जॉइनिंग कराई गई। सहायक प्राध्यापक के 36 पदों की भर्ती प्रक्रिया में भारी अनियमितता की गई है। सहायक प्राध्यापक के पदों लिए बनाए गए स्कोर कार्ड में भारी गड़बड़ी सामने आई है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की गाइडलाइन के अनुसार पीएचडी और नेट की परीक्षा के लिए अलग-अलग नंबर देना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस कारण बड़ी संख्या में पीएचडी उम्मीदवार होने के बावजूद भी गैर पीएचडी धारी अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई है।